चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -63, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ · एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 18 | सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयार्क 17

# मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

## उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच, 1 माह में दें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

**अमृत विचारः** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि सोमवार को भी तबियत बिगड़ी थी, जिस पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।

### पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, शव गाजीपुर रवाना



**बांदा।** प्रशासन ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षा के बीच मुख्तार के शव को उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर के लिए रवाना कर दिया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। सूत्रों की मानें तो मुख्तार का शव देर रात गाजीपुर पहुंचेगा, जहां शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। बाद में प्रशासन ने शव को रवाना कर दिया। साथ में मुख्तार का बेटा उमर और उनकी पत्नी सहित कुछ अन्य परिजन शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

### सुरक्षा के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन रमजान में जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही। इस दौरान जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही। बांदा, मऊ, गाजीपुर में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवान नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते दिखे।

### उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।



आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है। बाबा विश्वनाथ पर पूरा भरोसा था आज बाबा की वजह से न्याय मिला है। कोर्ट से हम लोग हार गए थे। मोदी- योगी की देन है जो मुझे और मेरे परिवार को न्याय मिला है। **- अलका राय** (पत्नी स्व. कृष्णनंद राय)



मुख्तार की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। **- मायावती** (बसपा प्रमुख)



किसी बंधक या क़ैदी की इस तरह मृत्यु हो जाना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह ग़ैर क़ानूनी हैं। **- अखिलेश यादव** (सपा प्रमुख)



मुख्तार को जहर देने का आरोप पूरी तरह से निराधार है। कोई इसकी जांच कराना चाहे तो करा ले। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और उन्हें पूरी चिकित्सा सहायता दी गई लेकिन वह बच नहीं सके। **- राजनाथ सिंह** (रक्षा मंत्री)

# राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता

- **आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल**

**अमृत विचारः** प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।




# कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किए आदेश**

**अमृत विचार** : विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार किये जायेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश जारी किये हैं।

वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ ही मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समस्त विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है, इसके लिए अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

# शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल को ईडी का नया समन

**खिचड़ी घोटाला**

**मुंबई।** ईडी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल कीर्तिकर को 'खिचड़ी घोटाले' में कथित संलिप्तता की जांच के लिए नया समन जारी किया। कीर्तिकर को मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के लिए एसएस (यूबीटी) ने उम्मीदवार बनाया था। ईडी ने खिचड़ी घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच के लिए आठ अप्रैल को बुलाया है, जिसकी शुरुआत में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच की थी। कीर्तिकर को ईडी ने जांच के लिए तलब किया था।

# कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



- **लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला : महासचिव जयराम रमेश**

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

### भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53 .9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181 .99 करोड़, 2017-18 के लिए 178 .73 करोड़, 2018-19 के लिए 918 .45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490 .01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

## एक नजर

### रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

**अयोध्या कार्यालय।** रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव को घर बैठे भी देख सकते हैं। जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस तैयारी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य मंदिर में किया जाएगा।

### भाकपा को आयकर विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को पिछले कुछ वर्षों के दौरान रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल के लिए 11 करोड़ रुपये के बकाए के भुगतान को लेकर आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वामदल आयकर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाया में पार्टी द्वारा पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल में विसंगतियों के लिए अधिकारियों को देय जुर्माना और ब्याज शामिल है।

# केजरीवाल की पत्नी ने अभियान आशीर्वाद किया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी





- **ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को सीएम को किया था गिरफ्तार**
- **गुरुवार को कोर्ट ने उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने दो वॉट्सऐप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना।

### ईडी चुनावी रणनीति की जानकारियां चाहती है : आतिशी

आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह मुख्यमंत्री केजरीवाल का फोन हासिल कर आप की लोकसभा चुनाव की रणनीति की जानकारियां पाना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनाई व लागू की गई थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।

### 'इंडिया' गठबंधन आप की रैली में होगी शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेता रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आप की महारैली में शामिल होंगे। आप नेता गोपाल राय ने शुक्रवार बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रविवार को रामलीला मैदान में 20,000 लोगों की मौजूदगी वाली रैली के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

# पूर्व आईएएस समेत 5 पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता



### डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड

- **श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद**

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। एक कार सेवक ने मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह उस वक्त हत्या हुई थी जब वह आंगन में बैठे थे। बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्याकांड को अंजाम दिया था। दोनों धीमी गति से बाइक चलाते हुए बाबा के पास पहुंचे और बाइक पर पीछे बैठे शूटर ने दो गोलियां दाग दी थी। आवाज सुनकर एक कार सेवक आया तो शूटर ने उन पर भी फायर किया। वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई। बाबा की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान हो गई है। कारसेवक जसवीर ने मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट के मुताबिक ने बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया।

### आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

**रुद्रपुर।** हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

# पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में दोषी देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- **कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी**

**अमृत विचारः** गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।

# लोकसभा के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है।रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है।

### रिपोर्ट से खुलासा

- **'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार 514 लोकसभा सदस्यों में 225 ने अपने चुनावी हलफनामों में की है आपराधिक मामले होने की घोषणा**
- **29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल**
- **राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी सांसदों की अच्छी-खासी संख्या**
- **राज्यवार मामलों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसदों पर आरोप**

### सर्वाधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन सांसद

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।

# एडेड और राजकीय कॉलेजों के शिक्षकों का किया जायेगा समायोजन

रविशंकर गुप्ता अमृत विचार

**लखनऊ।** यूपी के राजकीय और एडेड इंटर कॉलेजों में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में सुधर जायेगा। इसके लिए सभी कॉलेजों का ब्योरा माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जुटाया जा रहा है। कई विद्यालयों का ब्योरा मिल भी गया बाकी जो छूटे हैं उनके संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद शिक्षकों का समायोजन शुरू हो जायेगा।

- **नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में दूर हो जायेगी शिक्षकों की कमी, अनुपात भी होगा बराबर**
- **विभाग ने माना- शिक्षकों की लापरवाही से एडेड कॉलेजों में घट गई छात्र संख्या**

प्रदेश भर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से 2,363 राजकीय और 4,512 एडेड कॉलेजों का संचालन हो रहा है। इसमें काफी संख्या में ऐसे कॉलेज हैं जहां शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सही नहीं है। ऐसे में विभाग प्रयास है कि कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सुधारा जाये। अधिकारी बताते हैं कि समायोजन की स्थिति भी शिक्षकों की लापरवाही से आई है शिक्षक कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर ही नहीं देते हैं। काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां बच्चों की संख्या नाम मात्र है।

> पहले स्थानांतरण की उद्योग की जांच होनी चाहिए। एक हजार से अधिक शिक्षकों के गलत तरह से तबादला हुआ है। फिर अमान्य विद्यालय के बच्चे एडेड कॉलेजों में समायोजित किया जाये। फिर शिक्षकों के समायोजन पर विचार होना चाहिए।
>
> –डॉ आरपी मिश्रा, प्रदेशीय उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ

> सभी कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या और शिक्षकों की संख्या मांगी जा रही है। कई कॉलेजों का ब्योरा आ गया है। नये सत्र में समायोजन की प्रक्रिया पूरी करके शिक्षकों और छात्र संख्या का अनुपात सुधारा जायेगा।
>
> –डॉ महेन्द्र देव निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग

### नहीं चलेगा जुगाड़ और न मिलेगा विकल्प

एडेड और राजकीय कॉलेजों में शिक्षकों के समायोजन को लेकर जो शासनादेश है उसके क्रम में शिक्षकों को मनचाहा स्कूल मिलना आसान नहीं होगा। राजधानी में काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां पर बच्चों की संख्या 100 से 300 के बीच भी नहीं है। इसमें दिगंबर जैन और लखनऊ इंटर कॉलेज इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

### अलंकार योजना के मानक में फेल हैं कॉलेज

राज्य सरकार ने एडेड कॉलेजों की दशा को सुधारने के लिए अलंकार योजना शुरूआत की है। इस योजना में कॉलेजों की ओर से भाग लेने की जो छात्र संख्या का निर्धारित है उसमें ये पूरी तरह से फेल हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कॉलेजों का विकास के लिए 75 प्रतिशत बजट सरकार देगी जबकि 25 प्रतिशत बजट विद्यालय प्रबंधन खुद अपनी ओर से लगायेंगे।

### सुधार के लिए नियमावली में भी परिवर्तन जरूरी

जानकार बताते हैं बेसिक और माध्यमिक दोनों ही विभाग की कई ऐसी नियमावली हैं जिनमें परिवर्तन अब जरूरी है। इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 के तहत एडेड कॉलेजों में समायोजन का प्रावधान नहीं है। एडेड कॉलेजों में संस्था ही चयन की इकाई होती है और प्रबंधक नियोक्ता होता है। चयन तिथि से ही वरिष्ठता निर्धारित की जाती है। वहीं जानकार कहते हैं कि शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया बेसिक व माध्यमिक दोनों स्तर के विद्यालयों में नियमित होनी चाहिए।

# अंगुली की सर्जरी से बच्चे की मौत, देंगे 1.43 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में एक बच्चे की अंगुली की लापरवाही से की गई सर्जरी से मौत हो गई। राज्य उपभोक्ता आयोग ने मामले की सुनवाई कर चिकित्सक व हास्पिटल पर 65 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। जो ब्याज समेत कुल 1.43 करोड़ रुपये अदा करेंगे।

आर्य नगर, गाजियाबाद निवासी अनिल शर्मा ने नौ वर्षीय बेटे देव को हाथ की अंगुली में दर्द होने पर डॉ. एसएस भगत (सर्जन) को उनके भगत हास्पिटल में दिखाया। डॉ. भगत द्वारा कराई गई जांच में थोड़ी सूजन बताई।

1 जून 2014 को भर्ती कर अंगुली की सर्जरी की और सफल बताई। इसके बाद भी देव बराबर दर्द से कराहता रहा। जिसे डॉ. भगत ने आम दर्द बताया। इस बीच एक नर्स ने दो इंजेक्शन लगाए। इससे रात में हालत बिगड़ने पर क्रिटिकल केयर यूनिट भेज दिया। जहां देव की मौत हो गई। मौत का कारण एनाफाइलेक्सिस बताया गया। सर्जरी से पहले एलर्जी आदि की जानकारी नहीं की गई। बिना सावधानी बरते सर्जरी और गलत इंजेक्शन दिए गए। अनिल ने यह लापरवाही का आरोप लगा राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। इस मामले की सुनवाई पीठासीन जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की।

उन्होंने पूछा कि लगातार दो इंजेक्शन देने की क्या आवश्यकता पड़ी जो स्पष्ट नहीं कर पाए। सर्जरी और सेवा में लापरवाही पर डॉ. भगत और आरोग्य हास्पिटल पर पुत्र हानी, मानसिक यंत्रणा, चिकित्सीय उपेक्षा पर 65 लाख रुपये हर्जाना 12 प्रतिशत ब्याज के साथ मुत्यु के दिन से देने का आदेश दिया।

इस तरह से कुल 1.43 करोड़ रुपये डॉ. भगत व आरोग्य हास्पिटल मिलकर या फिर कोई एक अदा करेगा। आदेश में यह कहा कि जिस राशि तक बीमा हुआ है तो हर्जाना की प्रतिपूर्ति कर सकते हैं।

## अस्थाई राम मंदिर रहे स्थल पर बनेगी श्रीराम यज्ञशाला

**अयोध्या कार्यालय : अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर के विकास का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत परिसर के मुख्य द्वार के पास बने अस्थाई राम मंदिर पर अब श्रीराम यज्ञशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसका काम जून तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडप और यज्ञशाला का निर्माण किया जाना है।

**डिजाइन हो रही है तैयार, ट्रस्ट की बैठक में होगा निर्णय :** राम मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा के मुताबिक यज्ञशाला का प्रस्ताव है। जिस पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। जल्दी निर्णय होने के बाद यज्ञशाला के डिजाइन को तैयार किया जाएगा। कहा कि किसी भी कार्य करने से पहले ट्रस्ट और निर्माण समिति मंथन करती है।

## नीति आयोग करेगा भूजल और आपूर्ति की मानीटरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **100 आकांक्षात्मक ब्लाकों की प्रगति का करेगा अनुश्रवण**
- **नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति का लिया विवरण, मिलेगी रैंकिंग**

**अमृत विचार :** नीति आयोग प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति को भी शामिल कर पोर्टल से विवरण लिया गया है। जो अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा।

नीति आयोग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के तहत महत्वाकांक्षी जिलों के आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें अन्य विभागों की योजनाओं के साथ नमामि गंगे के तहत भूगर्भ जल स्तर व ग्रामीण जलापूर्ति के हर घर जल कनेक्शन शामिल हैं। केंद्र के पोर्टल, डैशबोर्ड व बेवसाइट से ऑनलाइन विवरण प्राप्त करेगा और प्रगति का अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा। इससे प्रगति का पता चलने के साथ बेहतरी आएगी। शासन ने संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द प्राथमिकता से कार्य कराने के निर्देश दिए। इससे आगे किसी तरह की समस्या नहीं आएगी और अनुश्रवण से सुधार आएगा।

# श्रद्धालुओं के लिए भक्ति पथ पर बिछाई जाए चटाई

अयोध्या, कार्यालय

- **पुलिस के साथ संतों ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण**



हनुमानगढ़ी में आयोजित पंचायत में मौजूद संत और पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को हनुमानगढ़ी परिसर में प्रबंधन से जुड़े संतों और पुलिस अधिकारीयों की पंचायत हुई। इसमें श्रद्धालुओं की राह में आ रही दिक्कतों पर चर्चा हुई। मंदिर प्रबंधन की ओर से बदले हालात में किये जा रहे अतिरिक्त इंतजाम की जानकारी दी गई। संयुक्त रूप से तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी हुआ और भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संतों ने एक सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। ऐसा न होने पर बड़ी पंचायत के आयोजन की चेतावनी दी गई है।

पंचायत में मौजूद संतों का कहना था कि रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में श्रद्धालुओं का आगमन कई गुना बढ़ा है। श्रद्धालु पहले हुनमानगढ़ी में दर्शन करते हैं और फिर रामलला का दर्शन करने के लिए जाते हैं। गर्मी और तपिश बढ़ गई है। मंदिर प्रबंधन की और से परिसर में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया गया।

डॉ. महेश दास व संजय दास ने कहा कि भक्तों को सुरक्षित और सुचारु दर्शन की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी है। गर्मी और तपिश के बावजूद श्रृंगारहाट से लेकर हनुमानगढ़ी तक न तो धूप से बचाव का कोई उपाय किया गया है और न ही पेयजल की कोई व्यवस्था है। मंदिर प्रबंधन की ओर से मार्ग पर शेड लगवाने, सड़क पर चटाई बिछवाने, जगह-जगह जल प्याऊ की व्यवस्था और चिकित्सक युक्त एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की गई है। एक सप्ताह में सुविधाओं की उपलब्धता न होने पर बड़ी पंचायत का एलान किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि समस्याएं नगर निगम के संज्ञान में है। कार्ययोजना पर कार्रवाई चल रही है, जल्द ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवा दी जाएंगीं। पंचायत के बाद पुलिस के अधिकारियों के साथ साधू-संतों ने हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में निकास द्वार के चौड़ीकरण, वीआईपी दर्शन मार्ग की स्थापना समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भावी कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान हनुमानगढ़ी के मनीराम दास, बलराम दास, राकेश पहलवान, महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी हेमंत दास, शिवम श्रीवास्तव, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र, थाना प्रभारी रामजन्मभूमि देवेंद्र पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में नवीन मंडी के निकट लखनऊ हाईवे ओवरब्रिज के नीचे एक युवक की ट्रक की चपेट में आकर शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक संतकबीरनगर जिले का निवासी था।

जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उसे लावारिस हाल में लाया गया था। उसके जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त विशाल (28) पुत्र रामकेश निवासी उतरावल पुलुवा जिला संत कबीरनगर के रूप में हुई है। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में लिया गया है। उसका चालक मौके से फरार है। मृतक के घर सूचना भेजवाई गई है।

# रामनवमी : सरयू नदी में सुरक्षा के किये जाएंगे पुख्ता इंतजाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके जन्मभूमि मंदिर में अब राम नवमी को लेकर तैयारियां तेज हैं। जमीन से आसमान और जल में भी सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे। मुख्य सचिव और डीजीपी गुरुवार को यहां का दौरा कर चुके हैं। स्नान के दौरान सरयू नदी मे डूबने से बचाव के व्यापक प्रबन्ध हो रहे हैं। अतिरिक्त छह फाइबर मोटर बोट्स चलाई जाएंगी।

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद की पहली राम नवमी :** चैत्र शुक्ल नवमी (राम नवमी) पर मोक्ष की कामना को लेकर अयोध्या में दर्शन पूजन व सरयू स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु आएंगे। अयोध्या में अपार भीड़ जुटने की संभावना है। बड़ी संख्या में लोग स्नान करके पुण्य के भागीदार बनेंगे। किसी भी अप्रिय घटना के मद्देनजर मोटर बोट की संख्या 10 की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नदी में चार मोटर बोट को तैनात किया गया था। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्या ने बताया कि भीड़ जैसे-जैसे बढ़ेगी वैसे वैसे बोट्स की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

### नदी में की गई बैरिकेडिंग

जल पुलिस प्रभारी ने बताया कि फाइबर की बोट में 40 हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया है। इसे स्टीयरिंग के सहारे घुमाया जा सकता है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। नदी में बैरिकेडिंग करवाई गई है। इसे कोई भी पार नहीं कर सकेगा। मोटर बोट चलाने वाले कांस्टेबल नित्यानंद ने भी बताया कि इसकी स्पीड काफी अच्छी है, जिससे हमें किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने पर तत्काल रिस्पॉन्स देने में मदद मिलती है।

# तीन से पूल में तैराकी का लुत्फ उठा सकेंगे

- **मकबरा स्टेडियम का स्विमिंग पूल तैयार, महिलाओं के लिए अलग शिफ्ट**

अयोध्या कार्यालय



मकबरा स्टेडियम का स्विमिंग पूल तैराकी के लिए तैयार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गर्मी में स्विमिंग पूल में तैराकी का लुत्फ उठाने वालों के लिए खुशखबरी है। नगर के मकबरा स्थित क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम के स्वीमिंग पूल को नया पेंट कर सजाया गया है। टाइल्स की मरम्मत व साफ-सफाई के बाद चमका कर पानी भरने का काम चल रहा है। पूल संचालक राष्ट्रीय तैराक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि तीन अप्रैल से स्वीमिंग पूल में तैराकी शुरू करने के पूर्व ट्रायल अंतिम चरण में है। जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में संचालित स्वीमिंग पूल में अप्रैल से सितंबर तक तैराकी होगी। इसमें प्रशिक्षु तैराकों के सीखने के साथ शौकिया तैराकों के लिए भी तैराकी की सुविधा होगी। पूल में बिना आई-कार्ड के प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। महिला तैराकों के लिए सुबह छह से सात व शाम को चार से पांच बजे तक अलग शिफ्ट होगी। वहीं बालक व शौकिया तैराकों के लिए सुबह सात से आठ व आठ से नौ बजे तथा शाम को पांच बजे से आठ बजे तक तीन शिफ्ट होगी। दो अप्रैल से तैराकी आवेदन फॉर्म मिलना शुरू हो जाएगा। फॉर्म जमा कर तैराक अपना आई कार्ड प्राप्त कर सप्ताह में छह दिन पूल में तैराकी लुत्फ उठा सकेंगे। तैराकों की सुरक्षा के लिए योग्य लाइफसेवर शिवराज को तैनात किया गया है। इसके अलावा तैराकी सीखने वालों के लिए योग्य स्वीमिंग कोच उदय प्रताप सिंह व सानुज श्रीवास्तव तैराकी सिखाएंगे। पूल की जिम्मेदारी सहसंचालक दीपचन्द मौर्य को सौंपी गई है।

**चुनावी सहालग** गैर जनपद ड्यूटी पर प्रतिदिन होगा भुगतान, अभी मिलता था 30 रुपये प्रतिदिन

# चार गुना हुआ होमगार्ड जवानों का भोजन भत्ता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कानून व्यवस्था में सिविल पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिला अपनी ड्यूटी को अंजाम देने वाले होमगार्ड जवानों को अब चार गुना भोजन भत्ता मिलेगा।

इस योजना की राह में क़ानूनी अड़चन खत्म हो गई है। शासन की ओर से शासनादेश जारी हो गया है। चुनावी सहालग में गैर जनपद ड्यूटी में जाने वाले होमगार्ड जवानों को अब प्रतिदिन 120 रुपये भोजन भत्ते का भुगतान किया जाएगा। वर्तमान में होमगार्ड स्वयंसेवकों को भोजन भत्ते के रूप में 30 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान हो रहा था। जारी शासनादेश के मुताबिक बढ़ी हुई दर 5 मार्च से प्रभावी मानी गई है।

## क़ानूनी अड़चन खत्म, शासनादेश जारी

**जिले में तैनात हैं कुल 1300 होमगार्ड**



> होमगार्ड स्वयंसेवकों का भोजन भत्ता 120 रूपये प्रतिदिन किये जाने का शासनादेश जारी हुआ है। अब जवानों की बढ़ी हुई दर पर भुगतान किया जाएगा। – **राघवेंद्र शुक्ल, जिला होमगार्ड कमांडेंट।**

### नगर पंचायत चुनाव में दिया गया था अतिरिक्त भत्ता

वर्ष 2023 के मई माह के पहले पखवाड़े में हुए नगर निकाय चुनाव के दौरान शासन की ओर से होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय संचरण अर्थात गैर जनपद ड्यूटी पर जाने पर 120 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से संचरण भत्ता प्रदान किया गया था। यह भत्ता ड्यूटी भत्ते के अतिरिक्त दिए जाने का आदेश हुआ था।

# पीठासीन अधिकारी को 700 व मतदान अधिकारी को मिलेंगे 500 रुपये प्रतिदिन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की ओर से कार्मिकों के पारिश्रमिक भुगतान की दरें निर्धारित कर दी गई है। आयोग की ओर से निर्धारित दरों के मुताबिक ही मतदान कार्मिकों को ड्यूटी के लिए भुगतान किया जाएगा।

इसके तहत पीठासीन अधिकारी को 700 रुपये और मतदान अधिकारी को 500 रुपये प्रतिदिन की हिसाब से पारिश्रमिक धनराशि दी जाएगी। वहीं सेक्टर पदाधिकारी यानि जोनल और गश्ती दल के अधिकारियों को 700, चतुर्थ वर्गीय कर्मी को 350 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो पर्यवेक्षक, पुलिस निरीक्षक को 700 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से धनराशि भुगतान की जाएगी। इसके अलावा राजस्व निरीक्षक, हवलदार और सिपाही आदि को 500 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। इसके अलावा वीडियो सर्विलांस टीम, एकाउंटिंग टीम आदि को 2100 रुपये एकमुश्त और 350 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाना है। सरकारी चालकों को 350 रुपये प्रतिदिन की दर से पारिश्रमिक दिया जाना तय किया गया है। यह भुगतान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमोदित ड्यूटी दिवसों के अनुसार ही दिया जायेगा। सामान्य रूप से प्रशिक्षण और मतदान अवधि मिला कर तीन दिवस बनते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह के अनुसार समस्त भुगतान की दरें जिले में अधिसूचना लागू होने और ड्यूटी प्रारम्भ होने के बाद लागू होंगी।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में सांसद का स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग।

### अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाना प्राथमिकता

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाना केन्द्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए अब तक लगातार प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में अयोध्या के विकास के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को शुरू कराया जाएगा। यह बातें सांसद लल्लू सिंह ने लक्ष्मीदासपुर में व मोहतशिमपुर में हुईं चौपाल को संबोधित करते हुए कही। कहा कि मोदी योगी की डबल इंजन सरकार में अयोध्या को निरंतर विकास की नई परियोजनाएं प्राप्त हुई है। रुदौली के पूर्व चेयरमैन व अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक अशोक कसौधन, शिव नरायन तिवारी, नन्द कुमार सिंह, रणधीर सिंह डब्लू, अरविंद सिंह, दिनेश कुमार मिश्रा, प्रदीप सिंह, योगेश कुमार मिश्रा ने भी सम्बोधित किया।

### फुटबॉल छात्रावास के खिलाड़ी रहे सफल

**अयोध्या। अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में फुटबॉल छात्रावास के खिलाड़ियों का दो दिवसीय मूल्यांकन यहां डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि मूल्यांकन में छात्रावास के 25 खिलाड़ी शामिल हुए। समिति के पैमाने पर खरे उतरे। खेल निदेशालय की ओर से सीतापुर के क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की अध्यक्षता में मूल्यांकन समिति के सदस्य उपक्रीड़ा अधिकारी जौनपुर चंदन सिंह व उपक्रीड़ा अधिकारी कन्नौज मो. नूर आलम ने खिलाड़ियों का हर दृष्टिकोण से परीक्षण कर मूल्यांकन किया। समिति के अध्यक्ष सोनकर ने बताया कि छात्रावास के वार्षिक मूल्यांकन के अंको के आधार पर ही छात्रावास में खिलाड़ी की स्थिति तय की जाती है।

### उपचार के दौरान विवाहिता ने तोड़ा दम

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शुक्रवार को उपचार के दौरान रौनाही थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी बाजार निवासी कुसम (19) पत्नी मनीष कुमार की मौत हो गई। उसे जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद अस्पताल लाया गया था। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

### पढ़ाया जाए राम की मर्यादा का पाठ : महापौर



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** बच्चों को संस्कारवान बनाने व गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए शिक्षकों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पाठ पढ़ाना चाहिए। बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। ये बातें महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहीं। वो शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा के वार्षिकोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों को चंद्रयान मिशन, सोशल मीडिया के उपयोग व दुरुपयोग, बेसिक शिक्षा के विभिन्न एप की जानकारी दी गई। जल बचाओ और सफाई के प्रति जागरूक किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संचालन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिप्रा श्रीवास्तव ने किया। इस मोके पर नामित सभासद घनश्याम दास, पार्षद चमेला देवी व अर्चना श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह, राज्य पुरस्कृत शिक्षक मनीष देव, महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष मनोरमा साहू आदि उपस्थित रहे।

### बेटी की सहेली से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में सहेली के घर खेलने गई 12 वर्षीय किशोरी के साथ गैर समुदाय की सहेली के पिता ने दुष्कर्म किया। कुमारगंज थानाध्यक्ष रतन सिंह ने बताया कि किशोरी के मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसको गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### एकत्रित होंगे पीएसी और सशस्त्र पुलिस के कार्मिक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार।** सिविल पुलिस के सापेक्ष सशस्त्र पुलिस और पीएसी में प्रोन्नति की विषमताओं के निराकरण को लेकर आज शनिवार को बर्लिंग्टन चौराहा स्थित ओसीआर भवन में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सशस्त्र पुलिस और पीएसी से जुड़े कार्मिक शामिल होंगे। कार्मिकों की ओर से प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि मुख्यमंत्री के बार-बार आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ही सिविल पुलिस के सापेक्ष पीएसी और सशस्त्र पुलिस में चल रही पदोन्नति की भारी विषमताएं बनी हुई हैं। उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस एवं प्लाटून कमांडर के पद तथा निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर समयानुसार पदोन्नति नहीं हो पा रही है।

### पूराबाजार में होली मिलन समारोह कल

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भारतीय क्षत्रिय समाज अयोध्या द्वारा कल 31 मार्च को दोपहर दो बजे कन्हैया बक्श सिंह इंटर कॉलेज पूरे पहलवान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजक लाल साहब सिंह ने बताया कि समारोह में भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय संयोजक सहित प्रदेश व जनपद के सभी पदाधिकारी व क्षेत्रके लोग शामिल होंगे।

### शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा के जूनियर हाईस्कूल में तैनात सहायक अध्यापक सत्येन्द्र कुमार द्विवेदी का शुक्रवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे। ग्राम किनौली गहनागन निवासी सत्येन्द्र कुमार द्विवेदी वर्ष 2006 से शिक्षा विभाग में कार्यरत रहे। शिक्षक नेता वीरेंद्र दूबे ने बताया कि वर्ष 2011 से सत्येन्द्र द्विवेदी हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय घुरेहटा में तैनात हुए। लगभग दो वर्ष पूर्व इनका चयन एआरपी के पद पर हो गया। जिसके तहत इन्हें अस्थाई नियुक्ति पर मिल्कीपुर ब्लॉक भेज दिया गया। इनके पिता जगत नारायण द्विवेदी देव विद्यालय इंटर कॉलेज तरौली में प्रधानाचार्य पद पर रहे। उनका भी निधन हो चुका है।

### बार के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष का निधन, शोक

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष और लोकतंत्र सेनानी अम्बिका प्रसाद यादव का लम्बी बीमारी के बाद शुक्रवार निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव मोती का पुरवा में किया गया। उनके निधन पर विधायक राम चंद्र यादव, बार अध्यक्ष हरि नारायण यादव, महामंत्री संतोष पांडे, ओम प्रकाश मिश्रा, रविंद्र तिवारी आदि ने शोक जताया है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112




19वां रोजा

शिया
सहरी : 04:40 बजे
इफ्तार : 06 :22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 :26 बजे
इफ्तार : 06 :32 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# बृजेश को हो सकती थी सजा, मृत्युकालीन कथन मान एफआईआर दर्ज की जाए

मुख्तार की मौत का मामला

▸▸ **माफिया के अधिवक्ता ने उठाई मांग, बृजेश एंगल से हो मुख्तार अंसारी मौत की जांच**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं, क्योंकि मुख्तार और उसका परिवार बार-बार गाजीपुर में 23 साल पहले हुए उसरी चट्टी कांड का जिक्र करता रहा है। उसका दावा था कि इस मामले में मुख्तार की गवाही रोकने को जेल में उसकी हत्या की साजिश रची जा रही है, क्योंकि इस मुकदमे में मुख्तार खुद वादी और गवाह था। बाराबंकी कोर्ट में चल रहे एंबुलेंस और गैंगस्टर मामले में मुख्तार के अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने भी इसी ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्तार की गवाही के बाद बृजेश सिंह को सजा हो सकती थी। इसलिए इस एंगल से भी मुख्तार अंसारी की मौत की जांच जरूरी है।


वकील रणधीर सिंह सुमन

**मुकदमा दर्ज करने की मांग :** अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने शुक्रवार को गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 में प्रार्थना पत्र देकर मुख्तार अंसारी की मौत मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित करने की मांग उठाई। उन्होंने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि बीती 21 मार्च की पेशी के दौरान मुख्तार की तरफ से दिये गये प्रार्थना पत्र को मृत्युकालीन कथन मानकर एफआईआर दर्ज की जाए। सुमन ने कहा कि उस प्रार्थना पत्र में मुख्तार अंसारी ने बीती 19 मार्च को खाने में विषाक्त पदार्थ खिलाने का जिक्र किया था। इसलिये बांदा जिला कारागार के सभी सीसीटीवी और वॉल कैमरे फुटेज सुरक्षित की जाए। साथ ही निरीक्षण के नाम पर जेल में रात को आने वाले सभी अधिकारियों की एंट्री को भी संरक्षित किया जाए। पेशी के दौरान बांदा जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा वर्चुअली पेश हुए और उन्होंने मुख्तार की मौत की पुष्टि की। उन्होंने मुख्तार की मौत को नेचुरल डेथ बताया जबकि अधिवक्ता ने इस दावे को गलत बताया। जज कमलकांत श्रीवास्तव ने जेल अधीक्षक को 4 अप्रैल को डेथ सर्टिफिकेट जमा कराने का निर्देश दिया।

### मुख्तार का बाराबंकी कनेक्शन

- ▸▸ 21 मार्च 2013 को एंबुलेंस बाराबंकी एआरटीओ ऑफिस में फर्जी दस्तावेज से पंजीकृत कराई गई।
- ▸▸ 31 मार्च 2021 को यह एंबुलेंस मुख्तार द्वारा पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान प्रयोग की गयी।
- ▸▸ 2 अप्रैल 2021 को जिले के तत्कालीन एआरटीओ पंकज सिंह ने मऊ की डॉ. अलका राय के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कराया।
- ▸▸ 4 जुलाई 2021 को पुलिस ने इस मामले में मुख्तार अंसारी, डॉ. अलका राय समेत दर्जनभर लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।
- ▸▸ 24 मार्च 2022 को डीएम ने मुख्तार अंसारी के गैंगचार्ट पर अनुमोदन दिया।
- ▸▸ 25 मार्च 2022 को शहर कोतवाली में मुख्तार अंसारी समेत 13 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ।
- ▸▸ दोनों मुकदमों का बाराबंकी कोर्ट में चल रहा ट्रायल, वर्चुअली होती थी मुख्तार की पेशी।

### कड़ी चौकसी में हुई जुमे की नमाज


पैदल मार्च करते एसडीएम सदर व सीओ सिटी। अमृत विचार

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराई गई। जुमे की नमाज को लेकर जिलेभर की मस्जिदों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस के साथ-साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात रहे। इस दौरान सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स ने पैदल मार्च भी किया।

## एक नजर

### 11 लाख की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



बाराबंकी, अमृत विचार : सफदरगंज पुलिस ने ग्राम रसूलपुर थाना जैदपुर निवासी अमित कुमार वर्मा को 110 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए युवक के पास से मिली स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 11 लाख रुपए बताई जा रही है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण पर रोक लगाने को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। रामनगर पुलिस ने रोशन लाल के पास से 10 लीटर व सुबेहा पुलिस ने सुरेंद्र गौतम के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### वांछित गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : वांछितों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को फतेहपुर पुलिस टीम ने गांव करंधा निवासी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# दिव्यांग मतदाताओं को न हो कोई असुविधा

## डीएम ने जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का दिया निर्देश


एक पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकीः**

अमृत विचारः ज़िला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ विधानसभा क्षेत्र जैदपुर अंतर्गत मतदान केंद्र फतेहचंद जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार इसी मतदान केंद्र, उच्च प्राथमिक विद्यालय रसौली का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान डीएम सत्येंद्र कुमार ने उप ज़िलाधिकारी सदर से कहा कि बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्धारित सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाए ताकि मतदान में उन्हें कोई असुविधा न हो। बूथों के लिए निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार विद्यालय की सभी कमियों को ससमय दुरुस्त कराएं। मतदान सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए डाक मत पत्र की जो सुविधा चुनाव आयोग ने निर्धारित की है उसी अनुसार उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करना होगा। दोनों अधिकारियों ने सफ़दरगंज थाने का भी निरीक्षण किया तथा चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में अभिलेख आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

## सास-बहू सम्मेलन में मतदान की ली शपथ

**बाराबंकीः अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को बाल विकास परियोजना सिरौलीगौसपुर के रामपुर भवानीपुर बूथ पर सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली।


सास-बहू सम्मेलन में मतदान करने की शपथ लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

सास बहू सम्मेलन में समस्त कनवर्जन विभाग के लोग, बीएलओ और सास, बहुएं व ननद समेत अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर उपस्थित सभी सास को बहुओं के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने के लिये समझाया गया। साथ ही 20 मई को होने वाले चुनाव में सभी लोगों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने स्लोगन हर बहू के पोषण का, सास रखे पूरा ध्यान, लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें शतप्रतिशत मतदान के साथ लोगों को प्रेरित किया। एएनएम सुलोचना ने महिलाओं के स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी दी। सम्मेलन में सास बालवती, राजेश्वरी, सूर्यवती ने कहा कि हम अपने साथ अपनी बहुओं और घर के बाकी लोगों का भी मतदान करवायेंगे। वहीं ननद रिंकी ने भाभी नीतू के साथ मतदान स्थल पर जाकर मतदान करने की बात कही। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने 20 मई को होने वाली वोटिंग के दिन मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा, दीपमाला, विद्यावती, नीतू, आशा बहू, समूह की अध्यक्ष और गांव के अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राप्त होता है ज्ञान

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम सैदाबाद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का हवन और भण्डारे के साथ समापन किया गया। कथावाचक की टीम को आयोजक पंकज व अन्य सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कथा समापन के पं. हेमराज महाराज ने सबरी की भक्ति की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से मानव जीवन में अन्धकार दूर होता है। ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा बुराइयों का नाश होता है। मानव जीवन का कल्याण होता है। कथा समाप्ति के बाद हवन पूजन हुआ और प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर तमाम भक्त मौजूद रहे।

### कथा व्यास ने बताया भागवत कथा का महात्म्य

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवतकथा में व्यास पंडित रामानुजाचार्य ने सूत जी द्वारा 88 हजार संतों को कथा श्रवण सुनाने का प्रसंग सुनाया। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का महात्म्य बताया। इस मौके पर शिवओम, विपिन, उमाशंकर, मनीष, निक्की समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


कथा व्यास पंडित रामानुजाचार्य।

### रामनाम के संकीर्तन से संवरेगा परलोक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** निस्कापुर (छुलिहा) में पांच दिवसीय अद्भुद सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन के दूसरे दिन प्रथम वेला में व्यास पीठ पर अमेठी से पधारे रामदेव दास रामायणी ने कहा कि जीवन के दो पक्ष हैं लोक और परलोक। मनुष्य को कुछ ऐसा अच्छा कार्य करना चाहिए जिससे लोक और परलोक दोनों बनें। उन्होंने कहा कि इस लोक की सभी वस्तुएं छोड़कर जाना ही पड़ेगा। साथ ही परलोक के लिए आपकी व्यवस्था क्या है, इसकी तैयारी करनी पड़ेगी। परलोक को संवारने के लिए इस लोक में रहकर रामनाम का संकीर्तन ही एकमात्र उपाय है। सम्मेलन में गिरधारी लाल, वीरेन्द्र, रमेश, राकेश, अंबिका, परमेंद्र, अक्षयबर सहित अनेकों भक्त उपस्थित रहे।


रामदेव दास रामायणी।

### कबाड़ में पड़ा है शिलापट


कबाड़ में पड़ा शिला फलकम का बोर्ड। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत शेषपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में कबाड़ की तरह 8 माह से शिला पट पड़ा हुआ है जबकि इसे 15 अगस्त 2023 को आजादी के अमृत महोत्सव पर विद्यालय परिसर में लगाया जाना था। उस समय बीडीओ कार्यालय में इसकी शिकायत हुई लेकिन कोई अधिकारी मौके पर देखने नहीं पहुंचा। बीडीओ हरख मोनिका पाठक का कहना है कि इस मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायत में विद्यालय परिसर में रसोई घर के पास भी शिला फलकम का बोर्ड लगाया गया था, जो टूट रहा है, लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है।

### मंदिर में चोरी करने वाले युवक की हुई पहचान

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा मंदिर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले युवक की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसकी पहचान कर मंदिर के पुजारी ने नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। महादेवा मंदिर के मुख्य पुजारी वीरेंद्र अवस्थी ग्राम गोबरहा निवासी ने थाने पर दी तहरीर में कहा कि बीती 22 मार्च की रात्रि पूजा अर्चना के बाद मंदिर बंद करके वह अपने घर चले गए थे। 23 मार्च की सुबह जब मंदिर खोलने आए तो देखा मंदिर के दक्षिण द्वार का ताला कटा हुआ फश पर पड़ा और मंदिर का दरवाजा खुला था। जब मंदिर के गर्भ गृह के अंदर जाकर देखा तो दान पत्र उल्टे पड़े थे और उनमें से धनराशि गायब थी। घटना की सूचना मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी को दी। जिनके आने पर सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया तो चोरी करने वाले युवक की पहचान पट्टे पुत्र राजा राम निवासी दलित बस्ती महादेवा के रूप में हुई। पूर्व में भी एक बार इसी चोर के द्वारा मंदिर में चोरी की गई थी। फिलहाल मंदिर के पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

### रेलवे लाइन पर मिला युवती का शव

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** चौकाघाट रेलवे स्टेशन के निकट शुक्रवार की देर शाम रेलवे लाइन पर एक युवती का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान सुनीता (22) पुत्री भागीरथ निवासी दुर्गापुर थाना रामनगर के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# पीढ़ियों तक मुनाफेदार है मेंथा की खेती

**बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के पाठक पुरवा गांव में शुक्रवार दोपहर बाद पहुंची सीमैप (केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान) की टीम ने चौपाल में किसानों संवाद किया। टीम ने किसानों को मेंथा की रोपाई से पेराई तक की प्रक्रिया बताई जिससे किसान कम लागत में अच्छी कमाई कर सकें।

सीमैप के पूर्व निदेशक डॉ. आलोक कालरा ने बताया कि मेंथा ऐसी खेती है जिसकी निरंतरता से कई पीढ़ी तक उससे मुनाफा कमाया जा सकता है। हमारे खेत अत्यधिक उर्वरक के उपयोग से खराब हो चुके हैं। हमें अब कम उर्वरक का उपयोग करना चाहिए जिससे खेत बंजर होने से बच सकें। डॉ. अनिल सिंह ने कहा कि मेंथा की फसल नाली बनाकर करनी चाहिए जिसमें खाली जगह पर अन्य फसल जैसे मक्का, धनिया, भिंडी ले सकते हैं। उन्होंने ड्रोन से छिड़काव के बारे में बताया कि खेतों में यूरिया सहित अन्य उर्वरक या कीटनाशक का छिड़काव ड्रोन मशीन से करें जिससे खेतों में हर जगह सही मात्रा में उर्वरक पौधों को मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार तो संयोजन शैलेंद्र द्विवेदी ने किया। इस मौके पर डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अजय सोनकर, राजेश, प्रभांशु, धनंजय, मिथुन, सुनील आदि मौजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते सीमैप के पूर्व निदेशक। अमृत विचार

# घटिया निर्माण देख भड़के चेयरमैन

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा बनवाए जा रहे नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखे जाने की बात कही है।


निर्माण कार्य का निरीक्षण करते चेयरमैन रामशरण पाठक।

डूडा द्वारा केसरीपुर मोड़ से महादेवा जाने वाले मुख्य मार्ग पर जल निकासी के लिए नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में पीली ईंटें व घटिया मसाला का प्रयोग किया जा रहा है। नीचे गिट्टी डालने की बजाय पीली ईंटों का अद्धा बिछाया जा रहा है। सीमेंट का मसाला डालने के बजाय बालू डाली जा रही है। नागरिकों द्वारा इसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक से की गई। इस पर उन्होंने नाले का निरीक्षण किया। ठेकेदार सुरेंद्र वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि करीब 7 साल पहले इसका टेंडर हुआ था। जिसमें 100 मीटर बन गया था 100 मीटर अब बनवाया जा रहा है। ठेकेदार का बयान प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। जब कोई कार्यदायी संस्था किसी ठेकेदार को टेंडर देती है तो कार्य पूर्ण करने की अवधि निर्धारित कर दी जाती है।

लोकसभा चुनाव

फर्जी मतदान रोकने और वोट डाल चुके मतदाता की पहचान के लिए होती है प्रयोग

# मतदाताओं की तर्जनी पर लगेगी 24 .26 लाख की अमिट स्याही

व्यवस्था

▸▸ **बाएं हाथ की तर्जनी में लगाई जाती है स्याही, एक सेकेंड के अंदर छोड़ती है अपना निशान**

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को 2615 बूथों पर मतदान होना है। सांसद चुनने के लिए 19 लाख 11 हजार 666 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के दिन बूथ के अंदर मतदाताओं की बायें हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगेगी। इस बार अंगुली पर लगी इस अमिट स्याही के निशान की कीमत 2 रुपये 42 पैसे प्रति मतदाता होगी। इस हिसाब से मतदान करने वाले जिले के 19.11 लाख से अधिक मतदाताओं की अंगुलियों पर 24.26 लाख रुपये से अधिक की स्याही लगेगी। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस स्याही की कीमत 12 हजार 700 रुपये लीटर बताई गई है। और एक अंगुली पर एक मिलीलीटर स्याही लगती है यानी हर मतदाता की अंगुली पर 2.42 रुपये की स्याही लगाई जाएगी।



फर्जी मतदान रोकने और वोट डाल चुके मतदाताओं की पहचान के लिए यह विशेष स्याही बाएं हाथ की तर्जनी में लगाई जाती है, जो एक सेकंड में अपना निशान छोड़ती है और 40 सेकंड से भी कम समय में सूख जाती है। इसे कम से कम 72 घंटे तक मिटाया नहीं जा सकता है।

### 1962 से शुरू हुआ स्याही लगाने का चलन

इस स्याही को चुनाव प्रक्रिया में वर्ष 1962 में शामिल किया गया। यह स्याही कर्नाटक के मैसूर में मैसूर पेंट एंड वार्निश लिमिटेड नाम की कंपनी तैयार करती है। इस कंपनी की स्थापना 1937 में की गई थी। उस समय मैसूर प्रांत के महाराज नलवाडी कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। वर्ष 1962 में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन ने इस स्याही को निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल कराया। अब कंपनी इलेक्शन इंक या इंडेलिबल इंक के नाम से स्याही बनाती है। कंपनी चुनावी स्याही को सिर्फ सरकार और उससे जुड़ी एजेंसियों को ही सप्लाई करती है।

"मतदान के दौरान प्रयोग होने वाले इस विशेष स्याही निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इस बार 2615 बूथ के हिसाब से दस प्रतिशत अतिरिक्त समेत करीब 28 सौ से अधिक अमिट स्याही की शीशियां आएंगी। जिन्हें पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान पीठासीन अधिकारी को दिया जाएगा।"

–सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

### दो माह से नहीं मिला ग्रामीणों को राशन

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचारः** सतरिख देहात ग्राम पंचायत के कोटेदार द्वारा ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी दो माह से खाद्यान्न न देने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। कार्ड धारकों के विरोध पर राशन कार्ड काटने की धमकी दी जाती है। कार्ड धारक संगीता, मनोज, मिथलेश, शिलम, संतोष कुमारी, पुष्पा आदि ने आपूर्ति निरीक्षक से पिछले माह शिकायत भी की थी लेकिन जांच नहीं की गयी। मार्च माह का भी खाद्यान्न नहीं दिया गया। कार्डधारकों ने दोबारा जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की है। इस संबंध में डीएसओ डॉ.राकेश तिवारी का कहना है कि मामले की जांच कराकर कोटेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सीएमसी अध्यक्षों के साथ सचिवों का प्रशिक्षण आज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों के स्कूल प्रबंध समितियां के अध्यक्षों व सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कल शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संचालित किए जाने के लिए एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, बृजेश पाठक व अनिल कुमार को प्रशिक्षक का दायित्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए इस निर्धारित तिथि से विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापकों को अवगत करा दिया गया है।

### सीएचसी अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर के चिकित्साधीक्षक डा अजय कुमार यादव ने आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने प्रसव कक्ष जाकर स्टाफ नर्स शिल्पी बनर्जी से चालू माह में अब तक प्रसव के लिए आई गर्भवती महिलाओं के बारे में जानकारी लेते हुए सुरक्षित प्रसव कराये जाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### बेगारी न करना पड़ा महंगा, पीटकर घर फूंका

**गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र में एक अनुसूचित परिवार को बेगार न करना महंगा पड़ा। दबंगों ने घर जलाते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित परिवार ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। तरबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मुजेड़ गांव के रहने वाली बचौना ने एसपी को दिए से शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के कुछ लोग बेगार कराना चाहते थे जब काम करने से मना किया तो तो पिटाई भी किया और घर को जला दिया।

# लवली के सहारे रावत वोट सहेजने में जुटेगी भाजपा

**लोकसभा चुनाव**

- समर्थकों के साथ ग्रहण की भाजपा की सदस्यता
- कांग्रेस के खाते में सीट जाने से थीं आहत

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लवली रावत शुक्रवार को भाजपा में शामिल हुईं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। वहीं लवली रावत के भाजपा का दामन थामने के बाद इसके तमाम राजनीतिक निहितार्थ भी तलाशे जाने लगे हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा आम हो चुकी है कि लवली रावत भाजपा में शामिल होकर जिला पंचायत अध्यक्ष पद की मजबूत दावेदार साबित हो सकती हैं। लवली रावत के साथ ही उनके पति वेद प्रकाश रावत, सपा की 5 बार महिला अध्यक्ष रही गीता सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह और जेबा यास्मीन समेत कई नेता भाजपा में शामिल हुए।

दरअसल, सांसद उपेन्द्र रावत का कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा सीट से जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजरानी रावत पर दांव लगाया है। इससे जहां आधी आबादी के मतों को



भाजपा में शामिल लवली रावत को बुके देते पदाधिकारी। अमृत विचार

भाजपा के पक्ष में जोड़कर मतों के ध्रुवीकरण को लेकर देखा जा रहा। दलित बिरादरी में मजबूत सेंधमारी को लेकर जिला पंचायत सदस्य लवली रावत को भाजपा में शामिल किया गया। लवली रावत को राजनीति विरासत में मिली है। सपा से सांसद का टिकट मांग रहीं लवली लगातार तीन साल से जनता के बीच जाकर टिकट मिलने पर अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रही थी। पर यहां से पीडीए गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को टिकट मिल गया। इससे आहत लवली रावत को अपना राजनीतिक भविष्य भाजपा में दिखाई देने लगा। लवली के पति वेदप्रकाश रावत भी जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। लवली के भाजपा में शामिल होने से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक कुसमेश की पत्नी नीतू सिंह की दावेदारी को सबसे मजबूत बताया जा रहा था। शुक्रवार को लवली रावत के भाजपा में शामिल होने से राजनीतिक हलकों में चर्चा जोर पकड़ने लगी कि राजरानी चुनाव जीत कर सदन पहुचती है तो लवली को कहीं न कहीं महत्वपूर्ण पद मिलने की सम्भावना है।

### परिवार की है राजनीतिक पृष्ठभूमि

लवली रावत के ससुर कमला रावत कांग्रेस से पहली बार 1984 में सांसद बने। उसके बाद 2004 में दोबारा बसपा के टिकट पर सांसद चुने गये। कमला प्रसाद रावत तीन बार विधायक भी रहे। बाद में उन्होंने सपा का दामन थाम लिया था। ससुर कमला प्रसाद रावत बसपा सरकार में राज्यमंत्री रहे। लवली की सास हैदरगढ़ से विधायक रहीं।

### उप गन्ना आयुक्त ने बुवाई का लिया जायजा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन डॉ. आर.बी.राम ने बजाज चीनी मिल कुंदुरखी के यूनिट हेड पी.एन. सिंह के साथ गन्ना विकास परिषद चिलवरिया के शेखापुर, पूरे शिव सहाय व गंगवल आदि ग्रामों का भ्रमण कर वसंतकालीन बुवाई का जायजा लेते हुए किसानों को आवश्यक सुझाव दिए। भ्रमण के समय ग्राम शेखापुर के कृषक विशाल सिंह के प्लॉट में को.15023, को. 0118 व कोलख.14201 प्रजाति के गन्ने की ट्रेंच विधि से दोहरी लाइन में बुवाई की जा रही थी। उप गन्ना आयुक्त ने पूरे शिव सहाय ग्राम के अमूल गिरी तथा गंगवल के किसान कृष्ण कुमार सिंह के प्लॉट में भी हो रही गन्ना बुवाई का भी अवलोकन किया। भ्रमण के समय उन्होंने रेडरॉट से प्रभावित को. 0238 प्रजाति की बुवाई न करने एवं ट्राइकोडरमा से भूमि उपचार करने की सलाह दी। इस बार क्षेत्र में 20 प्रतिशत अधिक बुआई के भी निर्देश दिए।

# शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा, लखीमपुर खीरी के शातिर को पुलिस ने दबोचा

## 16 निर्मित, पांच अर्द्धनिर्मित शस्त्र कारतूस बरामद, एक अन्य आरोपी की तलाश

देवा, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** कोतवाली देवा पुलिस ने शुक्रवार को एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 16 निर्मित, 5 अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस और बड़ी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। इस सफलता पर एसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चला रही है। जिसके क्रम में जिले की देवा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को 16 निर्मित व पांच अर्ध निर्मित शस्त्र, कारतूस व भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ एक शातिर आरोपी कालिका निवासी ग्राम कोहना थाना सदर जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके एक अन्य साथी जयसिंह निवासी मोतीराम पुरवा थाना देवा की गिरफ्तारी करने का प्रयास कर रही है।

एसपी ने बताया कि जय सिंह थाना देवा का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और उसपर तकरीबन 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें ज्यादातर मामले गोवध, आर्म्स व एनडीपीएस एक्ट से जुड़े हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी कालिका ने बताया कि वह अपने साथी जय सिंह के साथ मिलकर कई वर्षों से अवैध असलहा बनाकर बेचने का कार्य करता था। जिसे वह आसपास के जनपदों में सप्लाई भी करता था।

### ये हुई बरामदगी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी अभियुक्त शस्त्र बनाने के लिए लोहे का तवा, मोटी चादर, साइकिल की दुकान से साइकिल की पहिया की तीली, मडगार्ड की तीली, हार्डवेयर की दुकान से स्क्रूपेंच, लोहे के पाइप, लकड़ी और मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान से स्प्रिंग, पहिए वाली तीली आदि सामान खरीद कर शस्त्र बनाते थे। जिसके बाद मांग होने पर उसे 2500 रुपए में शस्त्र बेच देते थे।

# कुर्सी से बहू-बेटी का रिश्ता : राजरानी

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बाराबंकी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत शुक्रवार को कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में होली मिलन समारोह में शामिल हुईं।

उन्होंने जनसंपर्क भी किया1 इस दौरान उन्होंने कहा कि कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से मेरे रिश्ता बहू और बेटी दोनों का ही है। 2002 में भाजपा से विधायक चुनने के बाद जनता का सेवा करने का मौका मिला था और अब लोकसभा का प्रत्याशी नामित किया गया है। आप लोगो का आशीर्वाद चाहिए। इस दौरान भाजपा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि एक भारत और श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए आप सभी की भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान राजरानी रावत बड्डूपुर, भगोली, बेलहरा, छेदा, गंगोला, फतेहपुर, इसरौली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस मौके पर पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, शील रत्न मिहिर, विपिन सिंह, रामकृपाल मिश्रा, अमरेंद्र सिंह, अंशुमान मिश्रा, अरुण सिंह, आशीष सिंह, रंगनाथ तिवारी, रजनीश वर्मा, तरुण शुक्ला, हरिनाम सिंह, अंकित वर्मा और सरोज वर्मा समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जनसंपर्क करतीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत। अमृत विचार

# नदी में डूबे युवक का दूसरे दिन उतराता मिला शव

टिकैतनगर,बाराबंकी

**अमृत विचार:** घाघरा (सरयू) नदी में नहाने आए तीन में से दो युवकों की नदी में डूब कर मौत हो गई थी। जिसमे से स्थानीय गोताखोरों की मदद से एक शव गुरुवार को मिल गया था। दूसरे की खोजबीन अंधेरा हो जाने के कारण रोक दी गई थी। शुक्रवार को दूसरे युवक का शव नदी में उतराता हुआ मिला।

थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम कोठरीगौरिया स्थित पीपा पुल के किनारे ग्राम सरायनेतामऊ निवासी दो किशोरों की गुरुवार दोपहर नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। वहीं एक किशोर शिवा पुत्र श्यामजी शर्मा का शव गुरुवार शाम गोताखोरों को काफी मेहनत के बाद मिल गया था। लेकिन दूसरे का शव नहीं मिल पाया था। अंधेरा बढ़ने के कारण नदी में सर्च अभियान अगले दिन चलने की बात कहकर रोक लगा दी गई थी। शुक्रवार सुबह राज उर्फ मनु पुत्र रामरूप शर्मा का शव ग्रामीणों ने नदी के किनारे लगे पीपल के पेड़ के पास पानी में उतराता हुआ देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव में सर्च अभियान के लिए पहुंची एसडीआरएफ टीम को दी। टीम ने नदी में उतरा रहे शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ में पांच साल की जेल

**बाराबंकी, अमृत विचारः** सात साल पहले नाबालिग लड़की के घर में घुस कर छेड़छाड़ कर जान से मारने व गाली गलौज करने के मामले में न्यायालय ने थाना क्षेत्र कुर्सी निवासी अभियुक्त दिलशाद को शुक्रवार को पांच साल की जेल व छह हजार का जुर्माना लगाया। पूरा मामला कुर्सी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। नाबालिग बालिका के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। तत्कालीन विवेचक ने घटना से संबंधित साक्ष्यों व सबूतों की जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। गवाहों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को पांच साल की जेल व छह हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



**जुगाड़ का सफर** रस्सी से बांधकर खराब कार को खींचकर ले जाता एक बुलेट सवार व्यक्ति। यह नजारा पटेल तिराहे के पास का है। अमृत विचार

# अतिक्रमण हटाने का आदेश 31 मार्च तक मांगी गई रिपोर्ट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** डीएम नेहा शर्मा ने नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के पास हो रहे अनाधिकृत निर्माण को अतिक्रमण मुक्त कराने के आदेश जारी किए हैं। एसडीएम सदर को इस कार्यवाही को सुनिश्चित करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। एसडीएम को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर 31 मार्च तक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। एसडीएम सदर को उक्त प्रकरण में तत्काल जांच कराते हुए स्टेडियम अथवा रोड साइड की भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी व्यक्ति द्वारा रोड साइड में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया गया हो अथवा वर्तमान में किया जा रहा है, तो तत्काल रुकवाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की जाए। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को भी इस प्रकरण में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी स्टेडियम परिसर व बाहरी हिस्से की निगरानी करते हुए यहां पर अवैध कब्जा न होने दें। यदि, अवैध कब्जों के संबंध में कोई प्रकरण सामने भी आता है तो वह इसकी सूचना जिला प्रशासन और पुलिस के स्थानीय अधिकारियों को तत्काल प्रेषित करते हुए व्यक्तिगत रूप से अवगत कराएं।

आप सभी को
होली, माहे रमजान व ईद
की दिली मुबारकबाद
कौशल किशोर अध्यक्ष | साजिद हसन संगठन मंत्री | फतेह बहादुर महामंत्री | गौरी शंकर कोषाध्यक्ष | नंदलाल उपाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ इकाई
शाखा हैदरगढ़

# 18 बोरी सरकारी राशन पकड़ा

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** कादीपुर के पास स्थित मनोज धर्मकांटा में रखा 18 बोरी सरकारी खाद्यान्न शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व व पुलिस टीम ने छापेमारी कर पकड़ लिया। प्रकरण में एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को जांच कर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया है।

उक्त धर्म कांटा पर सरकारी गल्ला रखे होने की सूचना पर एसडीएम भारत भार्गव ने नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा को मौके पर भेजा। जहां धर्म कांटा के भीतर रखा 18 बोरी राशन पाया गया। जब इसके बारे में जानकारी की गई तो धर्म कांटा पर मौजूद व्यक्ति ने करीब चार दिन पूर्व राशन पहुंचाने वाले ठेकेदार द्वारा यह राशन रखवाने की बात कही गई। जिस पर जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक करनैलगंज को निर्देशित किया गया है कि वह पूरे मामले की जांच कर संबंधित के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करायें। उसके बाद मौके पर पूर्ति विभाग की टीम में पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पूर्ति निरीक्षक महेश प्रसाद ने जांच रिपोर्ट तैयार कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजने की बात कही है।



पूछताछ करतीं नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा। अमृत विचार

### बेलवाभान और लोनावा दरगाह में नहीं हैं सफाईकर्मी

**रुपईडीह, अमृत विचारः** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेलवाभान व लोनावा दरगाह में सफाई कर्मियों की तैनाती न होने से सफाई कार्यों को लेकर ग्राम प्रधान परेशान है। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की तैनाती कराये जाने के लिए प्रधानों द्वारा खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी तक कई बार मांग की गई। इसके बावजूद इन दोनों ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की तैनाती नहीं हो सकी है। ऐसे में परेशानी हो रही है। बताया कि एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा।

# बालाजी सरकार की निकाली गयी शोभायात्रा

**मनकापुर, अमृत विचार:** शुक्रवार को नवयुवक श्री बालाजी सेवा समिति के बैनर तले तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार शाम को श्री बाला जी महाराज घाट मेहंदीपुर धाम का नवयुवक बाला जी सेवा समिति के बैनर तले पंचायती मंदिर से बालाजी महाराज का भव्य दरबार व वृंदावन से पधारी पंडित दीदी आराध्या जी महाराजकी शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा नगर के राजेन्द्र नगर, रफी नगर, सुभाष नगर, जवाहर नगर, गांधी नगर, शास्त्री नगर, आजाद नगर आदि मोहल्ले से होते हुए पंचायती मंदिर में समापन हुई। शोभायात्रा के दौरान प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की अगुवाई में एसएसबी के जवान, आधा दर्जन एसआई, महिला दरोगा, महिला आरक्षी व दर्जनों आरक्षियों के साथ सुरक्षा में लगे रहे। तीन दिवसीय महोत्सव में नगर पंचायत चेयर मैन दुर्गेश कुमार सोनी के निर्देशन में सफाई कर्मियों पूरे नगर में साफ-सफाई व चूने का छिड़काव व भक्त गणों के लिये पेयजल के लिये पानी के टैंकर की भी व्यवस्था भी किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 2263759 वर्ष 2010 वास्तव में कहीं खो गया है। **शाहिला राशिद पुत्री अब्दुल राशिद सदर बाजार करनैलगंज गोंडा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भावना भट्ट तिवारी पत्नी मनोज कृष्ण तिवारी निवासी 8/54 a–3 अशोक विहार कॉलोनी, इंदिरानगर लखनऊ, मैंने अपने पुत्र का नाम Avyukt Tiwari से बदलकर Anshuman Tiwari रख लिया हैं, आज से उसे Anshuman Tiwari के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 212627168 वर्ष 2021 वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद एहतिशाम पुत्र अनीस अहमद ग्राम परशरामपुर थाना पखरपुर बहराइच**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222367663 वास्तव में खो गया है। **महेश पुत्र श्री पप्पू ग्राम धरमपुर पोस्ट पातुपुर थाना रानीपुर जिला बहराइच, पिन कोड 271872**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या– सी–27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनाकं – 29–11–2014, बही संख्या–01, जिल्द संख्या– 16148 के पृष्ठ संख्या– 235 से 260 तक क्रमांक संख्या–20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निदेशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा– शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा– शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्राथिर्नी (हेमलता वर्मा) पता– 1/43, विकास नगर, सेक्टर–1, लखनऊ। मो0नं0– 7007914933

**लापरवाही** उपचार के लिए आने वाले मरीजों व तीमारदारों को बाजार से खरीदनी पड़ती है पानी की बोतल

# जिला अस्पताल में वॉटर कूलर से निकल रहा है गरम पानी

**कैसे बुझे प्यास**

- जिला अस्पताल में वाटर कूलर की टोंटी खराब तो कहीं बह रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** तापमान 40 आसपास है। जिला अस्पताल में कई दिनों से वॉटर कूलर बन्द पड़ा है लेकिन जिम्मेदारों के कानों मे जूं तक नहीं रेंगी है । ऐसे में अगर आप जिला अस्पताल जा रहे हैं तो पानी का बोतल साथ लेकर जाएं। कारण जिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर शीतल पेयजल के लिए लगा वॉटर कूलर पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है। इसको सही करने की जहमत अभी तक किसी ने नहीं उठाई है । ट्रामा सेन्टर के बाहर लगे वॉटर कूलर की एक टोंटी महीनों से खराब है तथा दूसरी टोंटी से लगातार पानी बह रहा है। ठीक उसी के पास लगे दूसरे वॉटर कूलर की टोंटी से गरम पानी आ रहा है। तपती गर्मी से लोग बेहाल हैं। लेकिन अस्पताल में शुद्ध और शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में सीएमएस ब्रजेश कुमार ने बताया कि अस्पताल परिसर में जहां भी समस्याएं हैं, उन्हें दूर कराया जाएगा।



वॉटर कूलर से बह रहा पानी।



खराब पड़ी टोटी।



कूड़े से पटी अस्पताल की नाली।

### पानी खरीदना मजबूरी

जिला अस्पताल में अपना इलाज कराने आई हरख निवासी विद्यावती ने कहा कि यहां पानी की किल्लत है। पानी भी खरीदकर पीना पड़ रहा है। कारण वॉटर कूलर बंद पड़ा है और इमरजेंसी के बाहर जो वॉटर कूलर लगा है उसकी टोंटी से पानी गर्म आता है। अन्य कोई व्यवस्था है नहीं। वहीं आवास विकास निवासी मीरा का भी कुछ ऐसा ही जवाब था। कहा कि अस्पताल में पानी भी खरीदकर लाना पड़ता है। सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। जिला अस्पताल ओपीडी मे वॉटर कूलर रखा है। इससे काफी हद तक लोगों को राहत थी।

### नाली में गंदगी का अंबार

इमर्जेंसी के बगल में नाली की सफाई बीते हफ्तों से नहीं हुई है। इसे लेकर मरीजों व तीमारदारों मे आक्रोश है। तीमारदारों का कहना है कि सफाई न होने के कारण परिसर में दुर्गंध फैल रही है। जिससे मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर मे सफाई अगर समय से नहीं की जाती है, तो गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का डर रहता है। वहीं जिला अस्पताल परिसर की स्वच्छता को लेकर जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से बेपरवाह बने हुए हैं। जिला अस्पताल के सामने का परिसर तो साफ नजर आता है, लेकिन नालियां कचरे व गंदगी से बजबजा रहीं हैं।



**19वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .30 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# गुटखा खाने पर वसूला जुर्माना

संवाददाता, रायबरेली।

**जिला अस्पताल की घटना**

**अमृत विचार।** जिला पुरूष चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करते समय सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य ने शुक्रवार को गुटखा खाए एक व्यक्ति को पकड़.लिया। अस्पताल परिसर के अंदर गुटखा खाने के जुर्म में स्वास्थ्य महकमे ने उससे 100 रूपये का जुर्माना वसूल किया है।

शुक्रवार को लालगंज क्षेत्र के बहाई गांव के रहने वाले जनार्दन जिला अस्पताल उपचार कराने आए थे। गुटखा खाकर जिला अस्पताल में भौकाल से घूम रहे जनार्दन को भ्रमण कर रहे सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य ने एक्स-रे कक्ष के पास पकड़ लिया। इस दौरान हड़बड़ाए जनार्दन ने कहा उसे इसकी जानकारी नहीं थी। सीएमएस ने स्वास्थ्य कर्मी को बुलाकर जिला अस्पताल में गुटखा खाने पर उससे 100 रूपये का जुर्माना वसूल किया। उन्होंने उसे तम्बाकू जानलेवा है का एक पर्चा दिया और उसे बताया कि धूम्रपान और गुटखा खाने से गंभीर बीमारियां होती हैं जिससे सावधान रहें।

# शोक के बाद खूब उड़ा अबीर-गुलाल, मनी होली

डलमऊ, रायबरेली।

- फाग गायन की टीमों द्वारा घर-घर जाकर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा दी होली की बधाई

**अमृत विचार।** लगभग 500 वर्ष पूर्व होली के दिन डलमऊ के किले पर प्रजा वत्सल और वीर पराक्रमी तत्कालीन राजा डलदेव की युद्ध में वीर गति को प्राप्त होने की घटना की याद को ताजा करते हुए होली के दिन से तीन दिन का शोक मनाने के बाद शुक्रवार को डलमऊ कस्बे के साथ आसपास के 28 गांव के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया गया और आपसी सौहार्द और भाईचारा के साथ एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए होली की बधाइयां दी गई।

शुक्रवार को सुबह से ही बच्चों की टीमों द्वारा रंग बिरंगी पिचकारियों के साथ एक दूसरे पर रंग डालते हुए होली का पर्व प्रारंभ कर दिया और देखते ही देखते युवक युवतियों के साथ लोग घर से निकल कर टीमों के रूप में ढोल नगाड़ा की धुन पर नाचते गाते एक दूसरे के घर जाकर रंग और अभीर-गुलाल लगाते हुए होली का पर्व मनाया गया बच्चों ने रंग बिरंगी पिचकारियों से एक दूसरे पर रंग डाला तो किसी ने रंग और अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई गई। चुनावी आचार संहिता लागू होने के चलते क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर पाबंदी लगाने के बावजूद कस्बे के साथ पूरे बघेलन, सूरजूपुर, नेवाजगंज, पूरे रेवती सिंह, आफताब नगर, सराय दिलावर आदि के साथ 28 गांव के लोगों द्वारा ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते और अबीर गुलाल उड़ाते हुए खूब धमाल किया गया।



होली खेलते नजर आए बच्चे, युवा व युवतियों की टोली। अमृत विचार

इसी क्रम में कस्बे में जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शांत पूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाया गया किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना नहीं हो सकी।

# खून से लथपथ मिला युवती का शव

## भाई ने लगाया दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का आरोप

- बढ़ते अपराध से बेलगाम हुई डलमऊ पुलिस

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दलित युवती से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। युवती का शव अर्द्धनग्न अवस्था में घर में पड़ा मिला। घटना के समय घर पर कोई नहीं था और बाहर से दरवाजे की कुंडी भी बंद थी। वहीं शव के पास खून से सनी कोल्ड्रिंक की बोतल व खून बिखरा पड़ा था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवती के साथ मारपीट भी की गई। जिले में अपराध का बोलबाला इस कधर बढ़ गया है कि खाकी इस पर लगाम में असहाय नजर आने लगी है। आए दिन हो रही वारदातें पुलिस के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही हैं। खून से लथपथ युवती का शव मिलने की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम व पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। छोटे भाई ने दुराचार के बाद हत्या की आशंका जताई है।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे छब्बा नरेंद्रपुर निवासी राजबहादुर की पुत्री वेद कुमारी अपनी बूढ़ी दादी निर्मला व छोटे भाई के साथ घर पर रहती थी। गुरुवार को छोटा भाई सुजीत अपनी बड़ी बहन के यहां बस गया था और घर पर वेद कुमारी व दादी थी। शाम को खाना खाने के बाद बूढी दादी घर के बाहर सो गई और युवती अपने कमरे में चली गई। सुबह जब काफी देर तक वह नहीं उठी तो दादी कमरे में पहुंची तो वहां का नजारा देखकर अचानक अवाक रह गई। दादी की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो गांव में हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी होने पर छोटे भाई सुजीत भी अपने घर पहुंचा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना से संबंधित अहम साक्ष्य जुटाये है। छोटे भाई सुजीत ने बहन की दुराचार कर हत्या किए जाने की भी आशंका जताई है। परिजनों की माने तो युवती की शादी का रिश्ता भी चक मलिक भीटी से चल रहा था जिससे युवती फोन पर बातें भी किया करती थी। क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार नौहार ने बताया कि संदिग्ध अवस्था में युवती का शव पाया गया है। जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा।



कोतवाली क्षेत्र के पूरे छब्बा नरेंद्रपुर में जांच-पड़ताल करती पुलिस।



गमगीन मृतका के परिजन व अन्य। अमृत विचार

### तय थी युवती की शादी, लड़के का था इंतजार

**रायबरेली।** डलमऊ के पूरे झब्बा खेड़ा गांव में घर के अंदर जिस युवती का शव मिला है उसकी आने वाले दिनों में शादी थी घर पर शादी से जुडी व्यवस्थाओ को लेकर परिजन चिंतित थे, वही शुक्रवार सुबह उसका अर्ध नग्न अवस्था मे शव मिलने के बाद आने वाले दिनों में होने वाली खुशियां मातम में बदल गई। युवती के घर के बाहर से कुंडी बन्द थी इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिसने भी वारदात को अंजाम दिया वह आराम से घटना के बाद दरवाजा बंद कर निकल गया। युवती की शादी चक मलिक भीटी गांव के युवक से तय थी और लड़के के मुम्बई में होने के कारण उसका इंतजार किया जा रहा था। बताया जाता है कि दोनों की फोन से बात भी होती थी। घटना को किसने और क्यों अंजाम दिया यह अब पुलिस की जांच का विषय बन गया है।

### युवती के फोन से सिम भी मिला गायब

**रायबरेली।** मृतका अपने छोटे भाई व दादी के साथ घर पर रहती थी, जबकि दो भाई और उसके पिता परदेश में काम करते है। बताया जाता है कि युवती की घरवालों के साथ ही जिस लड़के से शादी तय थी उससे भी उसकी बातचीत होती थी। वही उसके पास कीपैड फोन था और वह दो दिन पहले खराब हो गया था। जिसको बनवाने के लिए वह स्थानीय बाजार भी गई थी। यह अभी बताया जाता है कि उसने नया सिम भी खरीदा था, लेकिन घटना के बाद पहुंची पुलिस को मोबाइल तो मिल गया लेकिन उससे सिम गायब मिला। माना जा रहा है कि कातिल ने सिम को भी गायब कर दिया होगा।

# सरकारी जमीन मुक्त कराने को बुलडोजर का इंतजार

ऊंचाहार, रायबरेली।

- बिजली घर की जमीन पर खड़े हैं महल
- राजस्व टीम की पड़ताल के बाद रुकी है कार्रवाई

**अमृत विचार।** नगर के मध्य में स्थित बिजली विभाग की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन को मुक्त कराने के लिए अब बुलडोजर का इंतजार है, किंतु अधिकारियों की उदासीनता और मिलीभगत से यह कार्रवाई करीब एक साल से रूकी हुई है। चुनाव के दौरान एक बार फिर सरकारी जमीन को मुक्त कराने की चर्चा ने जोर पकड़ा है जिससे राजस्व विभाग पर दबाव बन रहा है।

ज्ञात हो कि नगर के मुख्य चौराहा से जुड़े विद्युत उपकेंद्र की भूमि गाटा संख्या 3732, 3733, 3734 , 3735 क , 3736 क और 3737 का कुल करीब ढाई बीघा जमीन यूपी स्टेट इलेक्ट्रिसिटी चीफ इंजीनियर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इस जमीन के अधिकांश भाग में कुछ साल पहले कब्जा कर लिया गया।

बताया जाता है कि बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से काफी जमीन बेच दी गई। जिसमें कई महल बन गए। कुछ साल पहले मामले की शिकायत हुई तो पैमाइस दर पैमाइस की प्रक्रिया शुरू हुई। राजस्व विभाग की टीम को गठित करके नाप की गई तो पाया गया कि कई मकान बिजली विभाग की जमीन पर बने हुए है। इसकी बकायदा पूरी रिपोर्ट बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजी गई।

जिस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने जमीन मुक्त कराने के लिए राजस्व विभाग से अनुरोध किया, किंतु उसके बाद राजस्व विभाग इस मामले में सो गया। आगे की कार्रवाई नहीं बढ़ पाई। बताया जाता है कि राजस्व विभाग की जांच में कुल नौ लोगों का कब्जा अवैध पाया गया है।

काफी समय तक यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। अब इसमें नगर निवासी एक व्यक्ति ने सूचना का अधिकार के तहत कार्रवाई की जानकारी चाही तो राजस्व विभाग की फिर से नींद टूटी है। राजस्व विभाग की हरकत शुरू हुई तो नगर वासियों को बुलडोजर से जमीन मुक्त कराने की आस भी जगी है जिसको लेकर नगर क्षेत्र में काफी चर्चा है।

## सार-संक्षेप

### समारोह में पुरस्कार से बच्चे सम्मानित

**सरेनी, रायबरेली।** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में वार्षिक पुरस्कार वितरण व अंक पत्र वितरण समारोह मनाया गया। इस दौरान वर्तमान सत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। खेलकूद प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में अध्यक्ष दुर्गा बक्स सिंह, प्रधानाचार्य पूजा शुक्ला के साथ, तमाम अभिभावक, डॉ. राकेश पाठक, अरविन्द पांडेय, शिव दर्शन यादव, शिव प्रताप सिंह, शिक्षक सतीश, रामबली, अमित, दीपक, शिक्षिका खुशी, आरती, दिव्या, साक्षी, शुभी, आकांक्षा, लक्ष्मी, पल्लवी, अंजली आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पुरस्कार के साथ खड़े बच्चे, अन्य।

### सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जगतपुर, रायबरेली।** संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को महिलाओं के सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए महात्मा साधना ने कहा कि कितने समय से हम अपने मन के अनुसार अपना जीवन जी रहे थे। मन को अच्छा लगा वह करते रहे जो मन को अच्छा नहीं लगा वह नहीं किया। एक सही और गलत के मार्ग को चुनना ही हमारे लिए हमेशा से हित कर रहा मन को सही दिशा में चलने के लिए महापुरुषों ने समय-समय पर संदेश देते रहे और स्वयं ऐसा जीवन जी कर दिखाया और संसार को भी सुंदर जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। एक बदले की भावना से जीवन नहीं जीना समर्पण की भावना रखकर जीवन जीना अगर सामने से व्यवहार अच्छा नहीं आया तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम उनके साथ बुरा बर्ताव ही करें। इस मौके पर मीरा दीक्षित, निर्मल, गंगा देवी, उषा देवी, विमला, सालू, मिथिला, लक्ष्मी, वंदना सहित आदि महिला साध संगत मौजूद रहे।

### भट्ठे पर काम कर रहे दम्पति पर गर्म ईंट गिरी, घायल

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गढ़ी दूलारॉय स्थित एक ईंट भट्ठे में ईंट निकालते समय गर्म ईंटों के खिसकने से छत्तीसगढ़ निवासी मजदूर दम्पत्ति घायल हो गए। भट्ठा मालिक ने घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहां हालत गम्भीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गढ़ी दूलारॉय गांव के समीप स्थित एक ईंट भट्ठे में शुक्रवार की सुबह छत्तीसगढ़ निवासी भट्ठा श्रमिक दम्पत्ति तिजराम व उसकी पत्नी सुखीबाई भट्ठे से ईंट निकाल रहे थे, तभी ऊपर से कुछ गर्म ईंटे खिसक कर उनके ऊपर आ गिरी, जिससे उनके पैर जल गये और चोटें भी आई। भट्ठा मालिक ने घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहां हालत गम्भीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मुझे रुठ जाने का अधिकार है मां, रूठे ललन को मनाना पड़ेगा



संकट मोचन हनुमान मन्दिर में आयोजित जवाबी-कीर्तन में मौजूद लोग।

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव कुसंडी में स्थित आदि मूर्ति संकट मोचन हनुमान मन्दिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें आदि मूर्ति संकट मोचन ग्राम्य वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में गुरुवार को सुबह भक्तों ने हनुमान का भव्य श्रृंगार किया। रायबरेली के कीर्तनकार अजय अनुरागी तथा उन्नाव के कीर्तनकार हरिओम अमर के मध्य जबर्दस्त मुकाबला हुआ। अजय अनुरागी ने अपनी वंदन गीत के रूप में "सृजनहार हो मां, कृपाधर हो मां, कृपा कर सर पर फिराना पड़ेगा, मुझे रुठ जाने का अधिकार है मां, रूठे ललन को मनाना पड़ेगा" पंक्तियां प्रस्तुत कर जवाबी कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरिओम अमर ने अपनी ओर से वंदन गीत के रूप में "मां अशोक के फूल तुम खिलाती हो, घर के गागर में तुम खिलखिलाती हो, हे मईया अंजान हूं, मैं नादान हूं, लिखना लिखाना नहीं जानता" प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### मोबाइल शॉप में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बीते दिनों मोबाइल शॉप में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जिनके पास से चोरी किये गए सात एंड्रॉयड फोन भी बरामद हुए हैं। कोतवाली क्षेत्र के कदलाबाद मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी संदीप मिश्र की बाबूगंज बाजार में संदीप मोबाइल शॉप की दुकान है, जिसमें बीते दिनों अज्ञात चोरों ने पीछे के दरवाजे को तोड़कर लाखों कीमत के 13 मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पीड़ित ने कोतवाली में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस घटना के अनावरण का प्रयास कर रही थी। शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पूरे पासिन मजरे मतरौली गांव के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रजनीश कुमार निवासी पूरे उपाध्याय मजरे सरकंडी थाना असोथर जिला फतेहपुर व दिलीप कुमार निवासी पथरिया मजरे अदलाबाद थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़ को मोबाइल चोरी के मामले में जेल भेजा गया है।

### वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान




जीडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज में मनमोहक प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

**डीह, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत जीडी पब्लिक स्कूल राहुल नगर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में टॉप करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधक ने साइकिल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शुक्रवार को आयोजित विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में विद्यालय में प्रथम स्थान आने वाले छात्र को साइकिल और पुरस्कार देकर प्रबंधक कुसुम चंद यादव ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अविभावको और क्षेत्र के समाजसेवियों व रिटायर्ड फौजियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मनोज साहू, जितेन्द्र यादव, भूपेंद्र सिंह, प्रभाकर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने किया आकर्षित



विदाई समारोह के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

- अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रुकुनपुर में विदाई समारोह एवं वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रुकुनपुर में आज बच्चों का विदाई समारोह व वार्षिकोत्सव बडे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा 5 के बच्चों के विदाई के इस कार्यक्रम में कक्षा एक से चार के बच्चों ने उनका बड़ी ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कक्षा-5 की एक छात्रा ने बोलते हुए कहा कि लग नहीं रहा कि विद्यालय छोड़कर मैं जा पाउंगी, उसको भाव-विभोर होता देख अन्य बच्चों के आंखों में भी आंसू आ गए।

मामला गमगीन होता देखकर प्रधानाध्यापक मो. वासिफ कलीम ने बच्चों को धीरज बंधाते हुए कहा कि आप सब कक्षा-5 के बच्चे अगली कक्षा में जा रहा हैं। इसके लिए आप सब को खूब प्रसन्न होना चाहिए। हमें जीवन में उन्नति करने के लिए आगे बढ़ना ही होता है। सहायक अध्यापिका आकांक्षा रावत ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी।

एसएमसी अध्यक्ष शकील खां ने बच्चों को उनके जीवन में आगे बढ़ने तथा निरन्तर उन्नति पाने के लिए बधाई दी। बच्चों द्वारा इस अवसर पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान रीता मौर्या, मो. शकील, कलावती, रामादेवी, बबली, मंसाराम, रामदेव, जयशंकर सोनी, शफीक आदि मौजूद रहे।

# कराटे बेल्ट परीक्षा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली कराटे संघ द्वारा ओम नगर निकट पीएसी कॉलोनी रायबरेली स्थित रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी में कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि राहुल कुमार पटेल, जितेंद्र सिंह, रितिका गुप्ता, युवराज मौर्या की मौजूदगी में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को बताया कि सभी प्रतिभागी खिलाड़ी खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे और अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। सभी खिलाड़ियों को मोबाइल में गेम न खेलने की सलाह भी दी। अभिभावक अपने बच्चों को 24 घंटे में सिर्फ़ एक घंटे के लिए ही कराटे मार्शल आर्ट जरूर सिखाएं। आशीष जायसवाल ने कहा कि कराटे प्राचीन कलाओं में से एक है। इस कला को बचाने के लिए जिला कराटे संघ रायबरेली का यह आयोजन बहुत ही प्रशंसनीय है। यह कला सभी लोग सीख सकें।



कराटे बेल्ट परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

मुख्य परीक्षक राहुल कुमार पटेल और युवराज मौर्या के द्वारा परीक्षा कराई गई।

व्हाइट से येलो बेल्ट में अर्थव शर्मा, प्रानवी शुक्ला, अर्थव मौर्या, श्रेया, येलो बेल्ट से ऑरेंज बेल्ट में आदित्य प्रताप सिंह, आकृति भूषण, यक्षित भूषण, ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट में अविका, रागी सिंह, ग्रीन से ब्लू बेल्ट में शौर्य पाल, अविरल मौर्या, ब्लू से पर्पल बेल्ट में वैभवी केसरी, अनुप्रिया मौर्या, आकृष्टि मौर्या, आराध्या शुक्ला रेड से मैरून बेल्ट में प्रतीक सिंह आदि खिलाड़ियों ने परीक्षा दी। इस मौके पर मौसम कुमार शुक्ला, बृजेश कुमार पाल, रमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पिटाई का आरोप, मामला दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट के दौरान चार लोगों को चोटें आयीं है। साले की शिकायत पर जीजा समेत अन्य परिवारीजनों के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

घसियारी मंडी निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र मिश्रीलाल का कहना है कि 28 मार्च की रात लगभग 9 बजे वह सब घर में बैठे थे। तभी मुहल्ले में ही रहने वाला उसका बहनोई पुतूल कुमार अपने भाई शिवम, जन्नी, सुनील व उसकी मां बिटाना के साथ घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। बचाने के लिए उसकी मां कलावती व बहन नीलम पहुंची तो उनकी भी पिटाई की गयी। शोर सुनकर पास पड़ोस के लोग एकत्र हुए तो जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित मौके से भाग निकले। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि जितेंद्र के शिकायती पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बच्चों को प्राणि उद्यान का कराया गया भ्रमण

**लालगंज, रायबरेली** । राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत विभिन्न स्कूलों के मेधावी बच्चों का भ्रमण दल वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ व विज्ञान आंचलिक केंद्र ले जाया गया।

इस भ्रमण कार्यक्रम का संयोजन व नेतृत्व राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता कराई गई थी, उसमें चयनित मेधावी बच्चों का यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विज्ञान आंचलिक केंद्र में लगे हुए मॉडल से उन्हें सीखने को बहुत कुछ मिलेगा। इस भ्रमण दल में शिवदेव सिंह, संतलाल, प्रवीण वाजपेई, धर्मेंद्र अंकिता सिंह, आशीष प्रताप सिंह, संगीता, शशिकांत त्रिवेदी बच्चों के साथ रहे।

**कार्यक्रम**

**राइजिंग चाइल्ड ग्रेजुएशन समारोह में बच्चों को मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित**

# ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर चहक उठे बच्चे

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों का ग्रेजुएशन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय के सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षाफल भी प्रदान किए गए। दो चरणों में संपन्न हुए ग्रेजुएशन समारोह की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा प्रारंभ से ही हर बच्चे को मंच पर अवसर प्रदान कर बच्चों का बहुमुखी विकास किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है।

समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमन्त सिंह, विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय यादव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय श्रीवास्तव, पूर्व नगर शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शांति सिंह, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. तरुण माहेश्वरी द्वारा बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया।




छात्राओं को सम्मानित करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

शैव्या, तिश्या, अयंतिका, ओजस, आलिया, आराध्या, यथार्थ, आश्वी, आरोही, राघव, विहर्ष, मानवी, शौर्य, अंशिका, प्रतीक, आद्या आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने कहा बदलते परिवेश में सभी बच्चों मे बहुमुखी प्रतिभा का विकास होना अब आवश्यक हो गया है, जिसके लिए विद्यालय कृत संकल्पित है।

प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में अनुसरणीय कार्य करने के लिए विवेक सिंह का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में सिद्धार्थ जैन, निशा सिंह, ज्ञानेन्द्र गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन ऐना वर्मा और स्मृति बाजपेयी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि, अमित, अशफ़िया, आकृति, शालिनी, सुष्मिता, नेहा, ज़ेबा, मोनिका, पूर्णिमा, श्रुति, अदिति, मन्तशा, रमशा, अंजलि, कृतिका, प्रिया, शिवली, रत्नेश, ज़ीनिया, ज्योति, श्वेता, शिखा, प्रेमलता, प्रियंका, निहारिका, ऐनी, वन्दना, स्नेहलता, रीना, तौफीक़ आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में नहीं पहुंची मार्कशीट, कैसे करें परीक्षा परिणाम की घोषणा

संवाददाता, रायबरेली

**बेसिक शिक्षा विभाग का हाल, बजट खपाने के चक्कर में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़**

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में कक्षा 1 से 8 की वार्षिक परीक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। 28 तारीख को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन, रजिस्टर पर नंबर चढ़ाना और मार्कशीट पर बच्चों के समस्त विवरण के साथ विषयवार नंबर चढ़कर मार्कशीट बनाने का काम किया जाना था। 29 तारीख को गुड फ्राइडे अवकाश होने के कारण और 31 तारीख को रविवार अवकाश होने के कारण 30 तारीख को परीक्षाफल वितरण का समय निर्धारित किया गया।

इसके बावजूद अभी तक कई विद्यालयों में मार्कशीट ही नहीं पहुंच सकी। इसके चलते शिक्षक पशोपेश में है। वहीं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ पर जिम्मेदार आंख मूंदे हुए हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद एक मात्र 28 मार्च को एक दिन में समस्त कॉपियां चेक होना, रजिस्टर में नंबर अंकित करना और मार्कशीट पर चढ़ाना यह काम शिक्षक को करना था। लाजिमी आम आदमी तो नहीं हां सुपर कंप्यूटर जरूर कर सकता था। ऐसे में प्रशिक्षक और उन सबके बीच मार्कशीट का इंतजार करने से साफ पता चल रहा है कि बजट खपाने वालों को बच्चों की फिक्र नहीं है।

हाल यह है कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और असहयोग के कारण मार्कशीट तक कई विद्यालयों में नहीं भेजी गई। मार्कशीट स्कूल को न मिलने से बच्चों का अंक पत्र तैयार नहीं हो सका और निर्धारित 30 मार्च को अंक पत्र वितरण असंभव लग रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग में नए सत्र की पढ़ाई 1 अप्रैल से शुरू हो जाती है और मार्च के अंतिम दिवस में पास हुए बच्चों को मार्कशीट देने की व्यवस्था है। इस वर्ष शैक्षिक सत्र 2023-24 में एक दिन शेष है और अभी तक मार्कशीट स्कूलों में नहीं पहुंच सकी है। अभिभावकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार अभिभावकों के खाते में 1200 रुपया डीबीटी से भेज रही है। प्रत्येक स्कूल को सैमसंग के टैबलेट दिए गए हैं। सरकार बेसिक शिक्षा विभाग को डिजिटाइजेशन की ओर और स्मार्ट बनने की ओर ले जा रही है। रायबरेली में बेसिक शिक्षा के अधिकारी इस कदर लापरवाही कर रहे हैं की शैक्षिक सत्र में एक दिन शेष है और अभी तक मार्कशीट स्कूल नहीं पहुंची है। बच्चों को कैसे मार्कशीट का वितरण हो पाएगा। एक शिक्षिका ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम लोगों ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर एक दिन में सारी कॉपियां चेक कर ली है।

बच्चों के नाम और नंबर रजिस्टर पर लिख भी लिया है, लेकिन अभी तक मार्कशीट न मिलने के कारण हम लोग रिजल्ट कार्ड नहीं बना सके हैं।

शिक्षकों का कहना है कि रिजल्ट कार्ड में बहुत सारी सूचनाएं भरनी होती हैं। विद्यालय का नाम, यू डाइस कोड, विकासखंड का नाम, जनपद का नाम, विद्यार्थी का नाम, जन्मतिथि अंकों में, जन्मतिथि शब्दों में, माता का नाम, पिता का नाम, कक्षा, अनुक्रमांक, प्रवेशांक, परमानेंट एजुकेशन नंबर, आधार नंबर भरना होता है। इन सूचनाओं को एक नहीं दो-दो बार भरना है। आगे वाले पेज पर और अंदर वाले पेज पर। इसके साथ ही साथ हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विषय, पर्यावरणीय अध्ययन, खेल एवं शारीरिक शिक्षा, स्काउट गाइड, कृषि विज्ञान, गृह शिल्प, पुस्तक कला, कला, संगीत, संस्कृत, उर्दू के अर्द्धवार्षिक और वार्षिक के प्राप्तांक पूर्णांक लिखने होते हैं। प्राप्तांकों का योग और पूर्णांकों का योग, फिर महायोग जोड़कर लिखना होता है। इसके साथ ही साथ अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधि में भी अंकन करना होता है। जिसमें नियमित एवं समयबद्धता, अनुशासन व शिष्टाचार, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई, प्रार्थना सभा में प्रतिभाग, मध्यान्ह भोजन में व्यवहार, खेलों में प्रतिभाग, सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग, रचनात्मक कौशल, चित्रकला, संगीत, कार्यानुभव, अन्य कार्यों में रुझान व रुचि, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना, यह सब लिखना और भरना होता है।

रिजल्ट बन जाने के बाद दो बार जांच होती हैं। फिर तैयार कर्ता के हस्ताक्षर होते हैं। रिजल्ट के जांचकर्ता के हस्ताक्षर होते हैं। अंतिम में प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर और मोहर भी लगती है। इतना सारा काम अभी करना बाकी है क्योंकि मार्कशीट अभीतक स्कूलों को नहीं भेजी गयी। मार्कशीट मिलने के बाद यह काम कम से कम 2 से 3 दिन का है ऐसे में 30 तारीख को कैसे रिजल्ट बंटेगा। यह हमारे बेसिक शिक्षा के अधिकारी ही बताएं। फिलहाल शिक्षक जहां परेशान हैं वहीं बच्चों को रिजल्ट का पता चल पाएगा कि यह शनिवार को ही पता चल सकेगा।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई जुमे की नमाज, अफसरों ने ली राहत की सांस

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिले में हाई अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज पर सुबह से पुलिस सतर्क रही। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख मस्जिदों और बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया। शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज संपन्न होने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली है।

बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात इलाज के दौरान हुई मौत के बाद पूरे प्रदेश मे अलर्ट जारी किया गया है। स्थानीय पुलिस के साथ सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी कर रही है। वहीं पुलिस ने गुरुवार रात में ही प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी थी। जिले के सभी थाना क्षेत्रों व शहर के बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने जांच पड़ताल की। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस अलर्ट पर है। जनपद में अमन चैन बना रहे, किसी तरह का माहौल न खराब हो इसके लिए मस्जिदों के बाहर जहां फोर्स तैनात है। पूरे इलाके को 19 सेक्टर व 5 जोन में बांटा गया है। वहीं ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने सुरक्षा की कमान संभालते हुए पुलिस कर्मियों के साथ शहर के प्रमुख मस्जिदों व मिश्रित आबादी में पैदल मार्च कर सुरक्षा को लेकर आश्वश्त किया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की खबर के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया।



शहर में रूट मार्च निकालते जवान। अमृत विचार



सुरक्षा के मद्देनजर पैदल मार्च करते एसपी अभिषेक अग्रवाल।

> संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस निगरानी कर रही है, इलाके को 19 सेक्टर और 5 जोन में बांटा गया है। सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।
>
> –अभिषेक अग्रवाल, एसपी रायबरेली



जुमे की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

## श्रीराम के जीवन चरित्र का अनुसरण है वास्तविक भक्ति

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक के ग्राम पूरे सूबेदार मजरे बारा में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने कहा कि श्रीराम के जीवन चरित्र का अनुसरण ही वास्तविक भक्ति है। लेकिन लोग भगवान को भी बिना लाभ के याद नहीं करते। भगवान आपके दिखावे के नहीं बल्कि भाव के हैं।

उन्होंने बताया कि भगवान शिव से माता पार्वती ने प्रश्न किया कि भगवान मनुष्य का रूप लेकर पृथ्वी पर क्यों आए। भगवान शिव ने माता पार्वती के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया के भगवान के अवतार लेने के कई कारण रहे। कथा व्यास ने पार्षदों का श्राप, जलंधर की पत्नी वृंदा, नारद का श्राप आदि कारणों का वर्णन करते हुए बताया कि विशेष रूप से भगवान अपने भक्तों के लिए ही अवतार लेते हैं। इस मौके पर सलोन विधायक अशोक कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुंवर आजाद सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, डॉ. सुरेंद्र बहादुर सिंह, अंशुमान मिश्रा, प्रिंसू सिंह, गर्जन सिंह, धीरेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, अभय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अनुष्का के प्रयासों से दौड़ने लगा देवांश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** दिव्यास सिंह के घर दो साल पूर्व पहले बच्चे के रूप में जब देवांश सिंह का जन्म हुआ तो परिवार में खुशियां बिखर गईं, लेकिन जब नर्स ने बताया कि नवजात के दोनों पैर मुड़े हुए हैं तो उनकी खुशियों को ग्रहण लग गया। सूचना पाते ही सीएचसी बेलाभेला पर तैनात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम के चिकित्सकों ने परिवार से संपर्क कर नवजात की जांच की और परिवार को ढांढस बंधाते हुए बताया कि आपका बच्चा पूर्णतया ठीक हो सकता है लेकिन उसका इलाज लंबा चलेगा।

आरबीस के चिकित्सकों ने सहमति के बाद माता पिता का संपर्क अनुष्का फाउंडेशन की टीम से करवाया। यहीं से शुरु हुई देवांश के इलाज की यात्रा आज दो साल बाद देवांश सिंह न सिर्फ चलता है बल्कि दौड़ने भी लगा। दिव्यास और नेहा भी बहुत खुश हैं। कहते हैं कि उसके इलाज में एक भी पैसा नहीं लगा। यह सरकारी अस्पताल एवं अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुमकिन हुआ है। डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) मैनेजर नितेश जयसवाल बताते हैं कि क्लब फुट जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33 हजार बच्चे इस विकृती के साथ पैदा होते हैं। जनपद में अभी तक क्लब फुट से पीड़ित 212 से भी अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लब फुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और पूर्णतः रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है।



देवांश का इलाज करते चिकित्सक।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण ऑंख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया स्थित नाग देवता नगदवा बाबा के मन्दिर प्रांगण में गत वर्षों की भांति कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। नैमिशारण सीतापुर से आए कथावाचक मुनींद्रा दास जी महाराज के नेतृत्व में जजमान हिमाचल सिंह व उनकी धर्मपत्नी कोमल सिंह, पूर्व प्रधान रामराज सिंह, हरिमोहन सिंह जगत, बहादुर सिंह, रघुराज सिंह, उदयराज सिंह, राजाराम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, दान बहादुर सिंह, बद्री सिंह, शिव बक्स सिंह, जगजीवन सिंह भदौरिया, तेज बहादुर सिंह, रामहर्ष यादव, दयाशंकर यादव, दिनेश यादव, शिवकरन सिंह, महिपाल सिंह, देशराज यादव, अरविंद सिंह के साथ ही गांव की महिलाओं एवं युवतियों ने बाबा के मन्दिर प्रांगण से कलश यात्रा निकालकर ग्राम पंचायत के सभी मंदिरों में कलश यात्रा घुमाई गई। पूर्व प्रधान रामराज सिंह ने बताया कि कथा का आयोजन ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया गया है जिसके समापन पर 4 अप्रैल को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

### होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी सरेनी विधानसभा संगठन के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम किये जा रहे हैं। उसी तत्वाधान में लालगंज मंडल के मेरुई शक्ति केंद्र के धनाभाद बूथ पर होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि होली मिलन हमारा सनातन कार्यक्रम है। भारतीय जनता पार्टी सनातन धर्म को मानने वाली पार्टी है। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि भाजपा ही राष्ट्र को शिखर पर ले जा सकती है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता व जनमानस मौजूद रहा।

### चार दिन बाद दुष्कर्म का केस दर्ज

**रायबरेली।** एक गांव में होली मनाने ननिहाल आई लड़की से जबरन दुष्कर्म किये जाने के चार दिन बाद पुलिस ने मुक़दमा दर्ज किया। नसीराबाद थाना क्षेत्र के शाम को गांव के बाहर खेत में शौच के लिए गई लड़की को गांव के एक युवक ने पीछे से दबोच लिया और मुंह दबाकर दूसरे खेत में उठा ले गया। युवक ने उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद धमकी दी कि यदि किसी से बताओगी तो जान से मार दूंगा। घर आने पर पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और 26 मार्च को थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर चौथे दिन मामला दर्ज कर लिया है जबकि पीड़ित ने बताया कि उसे फर्जी फंसाया गया है।

### उचक्कों ने छीना साइकिल सवार का मोबाइल

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के रेवती का पुरवा गांव निवासी जगन्नाथ मिश्र दोपहर में अपने खेत से साइकिल से घर जा रहा थे। रास्ते में शारदा सहायक खण्ड 49 के निरीक्षण भवन के पास जैसे ही पहुंचे, पीछे से बाइक पर दो सवार युवक आए और मोबाइल को झपट्टा मारकर छीन लिया और वहां से फरार हो गए।

## अपहृत किशोरी को 24 घंटे में किया बरामद

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को करौंदीकला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर दी थी। उसने बताया कि एक युवक उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण साहित पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। शनिवार को थाने पर तैनात उपनिरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला, कांस्टेबल चंद्रदीप कुमार, महिला कांस्टेबल आरती बर्मा ने युवक व अपहरण हुई किशोरी को बरामद कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शिवम निवासी प्राणनाथपुर कायस्थ थाना करौंदीकला के रुप में हुई है।

# हर बूथ को करें मजबूत: पीयूष

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भाजपा जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बूथ संख्या 197 पर बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव में हर बूथ को मजबूत करने का संदेश दिया। कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हर बूथ पर पिछली बार से 370 अधिक मत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को दिलाने का संदेश दिया है।

जिला प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश लगातार मजबूत हो रहा है। विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। इसका लाभ देश के हर नागरिक को मिल रहा है। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मत दिलाने के आवाहन के साथ सभी सदस्यों से आग्रह किया कि पूरी मेहनत के साथ भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करें। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष अवधेश कुमार, नगर महामंत्री अजय सिंह सोनू, नगर उपाध्यक्ष अनुराग चौधरी, नगर उपाध्यक्ष राज नारायण अग्रहरि, शक्ति केंद्र संयोजक ओम प्रकाश साहू, जितेंद्र कुमार, राम नरेश सोनी, परम हंस, अमर कुमार, नरेंद्र कुमार, अंतरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी राजकुमार चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## लिफ्ट देकर मोबाइल और नकदी छीनने वाले धरे गए

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लिफ्ट देकर युवक से मोबाइल और नकदी की छिनैती करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। मोबाइल बरामद करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया। वहीं, तीसरे की तलाश जारी है। ग्राम पांडेय का पुरवा भरथी सरैया के महेश कुमार ने तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 22 मार्च को वह चरथई गांव अपने रिश्तेदारी गया था। वहां से पैदल वापस आते समय जब वह बटपरवा पुल पर पहुंचा तभी तीन लोग बाइक से पास आ कर रुके और मुझे धनपतगंज बाजार लेकर चलने की बात कह कर बाइक पर बैठा लिया। वह लोग धनपतगंज बाजार न जा कर दूसरी दिशा की तरफ एक सुनसान जगह ले गए। वहीं मुझे उतार कर मेरा मोबाइल और 1500 रुपये नगद छीन लिया। शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने क्षेत्र के जज्जौर सिद्धीबीर बाबा मोड़ के पास विकास यादव निवासी दौलत सिंह का पुरवा मुड़कटनी व दूसरे व्यक्ति सुभाष यादव निवासी पटना शंकरगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सड़क किनारे खड़े युवक को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के रामपथ गमन मार्ग कूरेभार टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़े युवक को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। गुरुवार की रात करीब 11 बजे रामपथ गवन मार्ग स्थित मुजेश टोल प्लाजा के पास अनियंत्रित आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े प्रशांत कुमार तिवारी (35) पुत्र राम किशोर तिवारी निवासी बम्हरौली थाना गोसाईगंज को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की गंभीर हालत देखते हुए ग्रामीणों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक कूरेभार ने बताया कि मृतक के चाचा राज बहादुर की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

आयोजन | चौरसिया समाज के 40वें होली मिलन समारोह का आयोजन

# होली मिलन समारोह में बच्चों ने खूब मचाया धमाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय चौरसिया कल्याण समिति की ओर 40 वां होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सिविल लाइन स्थित होटल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश चौरसिया ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महर्षि चैत्रृषि महराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों के द्वारा बलम पिचकारी के गाने में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समाज के 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वैष्णवी, श्रेया, अकृति, प्रखर, अमिशा चौरसिया के नृत्य पर उपस्थिति लोगों ने तालिया बजाकर उत्साहवर्धन किया।

समाज की महिलाओं ने ढोलक एवं मजीरा होली गीतो का प्रस्तुति की। समाज की महिलाओं ने फूलों की होली खेली और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समारोह में भगवान राधा कृष्ण की सुन्दर झांकियों के गीतो में सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही फूलों की होली का भी चौरसिया समाज के बच्चों और बड़ों ने जमकर आनंद उठाया। राधे कृष्ण चौरसिया ने कहा कि एकता में बड़ा बल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अमित, महामंत्री गंगेश चौरसिया, कोषध्यक्ष साकेत चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद चौरसिया का विशेष योगदान रहा। अंत में बच्चो के उत्साह के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रवि कृष्ण, बीएल चौरसिया, जय शंकर चौरसिया, संदीप, हेमन्त, विजय, सुरेन्द्र, अनुराग (अंकुर), स्वष्तिक, अंजनी, शिवम्, विनोद, संजय, ज्योति, अंजू, अनुराधा, चारूल, मोनी, रूची, ममता, अंजू, गुंजन, प्रखर आदि मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



**19वां रोजा**

सहरी : 04.43 बजे, रविवार
इफ्तार : 06.26 बजे, शनिवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मतदाता जागरूकता में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका

## जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पत्रकारों के साथ निकाली जागरूकता रैली

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के स्वीप कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में जनपद के पत्रकारों की सहभागिता से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ हुई। यह रैली शहर के सिनेमा चौराहा, बड़ा चैराहा, नुमाइश चैराहा से होते हुए वापस कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। रैली के समापन के उपरांत कलेक्ट्रेट स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में पत्रकारों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकार सीधे जनता से जुड़ा होता है। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पत्रकारों के सहयोग से जनपद का मतदान प्रतिशत अवश्य बढ़ेगा। अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने कहा कि पत्रकारों से सहयोग से मतदाताओं का उत्साह बढ़ेगा और जनपद शीर्ष मतदान वाले जनपदों में शामिल हो सकेगा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।



पत्रकारों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### चुनाव की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर तहसील सभागार में अधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मौजूद अधिकारियों को चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त थाना अध्यक्षों, सेक्टर ऑफिसर, सुपरवाइज़र, खंड विकास अधिकारी शाहाबाद, टोडरपुर, पिहानी समस्त विभागाध्यक्षों के साथ उपजिलाधिकारी शाहाबाद सुश्री पूनम भास्कर एवं क्षेत्राधिकारी शाहाबाद अनुज मिश्र ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु एक बैठक तहसील सभागार शाहाबाद मे की। जिसमें क्रिटिकल बूथ, वर्नेबुल बूथ, वेबकास्टिंग किये जाने हेतु संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिए गए।


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु स्थापित एमसीएमसी कक्ष व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। एमसीएमसी कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न चैनलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सी विजिल ऐप व 1950 पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। प्राप्त शिकायतों का विस्तृत लेखा जोखा रखा जाये। शिकायत प्राप्त होते ही एफएसटी को सूचित किया जाये। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के बाद उन्होंने एकल खिड़की प्रणाली और अनुमति कक्ष का निरीक्षण किया। बैठने की बेतरतीब व्यवस्था देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने देखा शहीद संग्रहालय

**हरदोई।** क्विज प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लाने वाले बच्चों को शहीद संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें सेना से जुड़ी तमाम जानकारियां हासिल हुईं। शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सपना रावत ने उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालय के छात्र-छात्राओं में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने, विज्ञान-गणित व प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लाक स्तर पर आयोजित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लाने वाले सौ छात्र छात्राओं को एक्सपोजर विजिट हेतु शहीद संग्रहालय शाहजहांपुर का भ्रमण कराया गया। बीईओ द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों ने शहीद संग्रहालय में टैंक हथियार व सेना से जुड़ी चीजों को बड़ी ध्यान से देखा। कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास में शैक्षिक भ्रमण महती भूमिका निभाते है। शैक्षिक भ्रमण में एआरपी अभय यादव, शैलेंद्र कुमार शिक्षक अनुराग तिवारी, शेरपाल, नवनीत कुमार, शशि देवी, रजनी देवी व चंद्रभान आदि रहे।

## एक नजर

### युवा गीतकार को मिला सिंगिंग आइकॉन अवार्ड

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना कस्बे के युवा गीत का अंकुर सोनी को लखनऊ के मलिकाएं अवध फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन सिंगिंग प्रतियोगिता में सिंगिंग आइकॉन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार टीवी ऐक्ट्रेस सारा खान जी के द्वारा दिया गया। यह पुरस्कार पाकर युवा गीतकार अंकुर सोनी काफी उत्साहित है। युवा गीतकार कस्बे के सन साइन कान्वेंट के प्रबंधक सुनील सोनी के भतीजे हैं। अंकुर सोनी को बचपन से सिंगिंग में काफी रुचि थी। वह विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों व कस्बे में गणेश महोत्सव में मंच को साझा करते हुए अपने अंदर प्रतिभा का प्रदर्शन करने लगे। जिसे लोगों ने काफी सराहा, शुरुआत में कछौना के शिक्षक शोएब सर ने अंकुर सोनी की सिंगिंग प्रतिभा निखारने का विशेष योगदान रहा। उसके गीतों की मधुर आवाज के सभी कायल है। भविष्य में कस्बा सहित जिले का नाम रोशन करेगें। अंकुर सोनी ने बताया यह पुरस्कार पाकर काफी उत्साहित हैं। उन्हें इस प्रतिभा को और भी अधिक बेहतर करने की ताकत मिली है।

### ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से ही मानव का कल्याण

**मल्लावां (हरदोई)।** कस्बे में श्रीमद भागवत कथा एवं ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन भागवत हमें ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव सीखने को मिलता है। कस्बे के सेलीब्रशन गेस्ट हॉउस में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन राम शरण कनोजिया द्वारा शुक्रवार को श्रीमद भगवात कथा का शुभारम्भ हुआ। श्री धाम वृंदावन संत स्वामी रामेश्वनंद सरस्वती ने तृतीय दिवस पर भगवान की सुन्दर लीला का वर्णन कर बताया कि भगवान के समर्पण भाव से याद करने पर भगवान हमारे सभी दुखों को हरते है। भागवत कथा के माध्यम से भगवान के प्रति समर्पण का भाव जाग्रत होता है जो मानव जीवन को सदमार्ग के रास्ते पर ले जाता है।

## अवकाश में भी होगी रजिस्ट्री कल खुले रहेंगे कार्यालय

हरदोई

**अमृत विचार।** रजिस्ट्री कराने वालों के लिए सरकार ने राहत दे दी है। अब रजिस्ट्री कार्यालय अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। शुक्रवार को गुडफ्राइडे के अवकाश पर कार्यालय खुले रहे और कामकाज हो रता। वहीं इस वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन (31 मार्च) को भी रविवार पड़ रहा है। इन दोनों दिनों पर छुट्टी होने के बावजूद सरकार ने रजिस्ट्री कार्यालय खुले रखने के निर्देश दिए हैं। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन प्रवीण कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति की ओर अग्रसर है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राजस्व प्राप्ति का एक मुख्य स्त्रोत है। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वित्तीय वर्ष की समाप्ति में मात्र तीन दिवस शेष रह गये है जिसमें 29 मार्च को गुड फ्राइडे का सार्वजनिक अवकाश है तथा 31 मार्च को रविवार का अवकाश है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को आवंटित निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु 29 मार्च (गुड फ्राइडे) एवं 31 मार्च (रविवार) को उप निबन्धक कार्यालय को खोलने की आवश्यकता है जिससे वित्तीय वर्ष में आवंटित लक्ष्य की अधिक से अधिक प्राप्ति किया जाना सम्भव हो सके। इसलिए 29 से 31 मार्च लगातार तीन दिन समस्त उप पंजीयक कार्यालयों में पंजीयन कार्यवाही संचालित की जायेगी।

## ओमर वैश्य महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओमर वैश्य समाज ने कस्बे के सनातन धर्म बालिका विद्यालय चौक में वैश्य बंधुओ के साथ होली उत्सव मनाया। जिसमें स्वजातीय बंधुओं को उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ समिति के अध्यक्ष विनोद प्रकाश गुप्ता एवं संरक्षिका उर्मिला ओमर ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। ईश वंदना एवं स्वागत गीत समिति की पदाधिकारी अनीता गुप्ता, नीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रुचि गुप्ता, नेहा गुप्ता एवं रश्मि गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। नव्या गुप्ता, अंजनेय गुप्ता, बिहान गुप्ता, रुद्रांश गुप्ता शिवांश गुप्ता, अथर्व गुप्ता, यति अक्षिता, भूवि भाव्य पावनी द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए। फैंसी ड्रेस में शिवान गुप्ता, प्रभावी गुप्ता, कृषभ गुप्ता का उत्साह वर्धन किया गया। डीएसपी विशाल गुप्ता एवं उनके माता-पिता बृजेश कुमार गुप्ता एवं किरण गुप्ता को उनकी विशिष्ट सफलता के लिए सम्मानित किया गया। चौक की सभासद पूनम गुप्ता एवं राकेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। संयुक्त परिवार की थीम कार्यक्रम में हृदय मोहन गुप्ता, सतीश गुप्ता, सुमन गुप्ता एवं सरिता गुप्ता के परिवारों को और उनके मुखिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पंक्चुअलिटी गेम में कंचन गुप्ता ने बाजी मारी। समाज के वयोवृद्ध मदन मोहन गुप्ता को सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को शानदार परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पल्लवी ओमर ने किया। मंजू गुप्ता, शिखा गुप्ता, नेहा गुप्ता, मीनू गुप्ता के विशेष योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष शशि गुप्ता, उपाध्यक्ष मृदुला मोदी, महामंत्री पल्लवी ओमर, कोषाध्यक्ष शशि गुप्ता, सुधा गुप्ता, मंजू गुप्ता नीरज गुप्ता, ममता गुप्ता, शिखा गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सुनीता गुप्ता एवं संपूर्ण ओमर वैश्य परिवार मौजूद रहे।


समारोह में मौजूद ओमर वैश्य महासभा की महिलाएं। अमृत विचार


जामा मस्जिद जुमे की नमाज के दौरान दुआ मांगते रोज़ेदार। अमृत विचार

### रोजेदारों ने जुमा की नमाज अदा कर मांगी रहम और करम की दुआ

**हरदोई, अमृत विचार।** रमज़ान के दूसरे अशरे मग़फिरत (गुनाहों से माफ़ी) के दूसरे जुमे पर आंखों में आंसू और खुश्क होंठ लिए रोज़ेदारों ने उस रहीम (खुदा) की बारगाह में हाथ उठा कर रहम और करम करने की दुआ मांगी। नमाज़ से पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम ने कहा कि खुदा को उसकी बंदगी करने वाला बंदा बेहद अज़ीज़ है। इसलिए हर मुसलमान के लिए ज़रूरी है अल्लाह को राज़ी करने के लिए उसकी हर रज़ा वाले काम करें। रमज़ान के दूसरे अशरे में और कसरत से इबादत हो रही है। दूसरे अशरे के दूसरे जुमें में शहर की जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ़्ती आफताब आलम ने नमाज़ अदा कराने से पहले रोज़ेदारों से मुखातिब होते हुए कहा कि रोज़ा सिर्फ भूख और प्यास का नहीं बल्कि आंख, कान और मुंह का भी होता है। न किसी को बुरा कहें, न किसी की बुराई को सुने और न कोई बुरी चीज़ पर निगाह डालें। पेश इमाम ने समझाते हुए कहा कि ऐसा नही कि सिर्फ रोज़े की हालत में ऐसा करें, बल्कि हर मुसलमान को चाहिए कि वे अपनी ज़िंदगी इस पर अमल करें। उन्होनें कई दीनी मसलों को बताया और उन्हे समझाया। उसके बाद जुमें की नमाज़ अदा की गई। बाद में दुआ की गई। जामा मस्जिद के अलावा शहर की बाकी तमाम मस्जिदों में जुमें की नमाज़ अदा की गई।

**मौसम का मिजाज** — जिले के किसान परेशान, गेंहू की फसल पर पड़ेगा असर

## होली बाद तापमान में लगी आग

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले का तापमान होली में आग लगने के साथ ही अचानक तेजी से बढ़ना शुरू हो गया है। होली के बाद चार-पांच दिन के अंदर ही तापमान में साढ़े छह डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा चुकी है। तेजी से बढ़ रहे तापमान ने किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। बढ़ते तापमान से गेहूं के उत्पादन पर काफी फर्क पड़ेगा। अभी गेहूं का दाना पूर्ण रूप से विकसित नहीं है। तापमान बढ़ने से उसका विकास रूकने के साथ ही पकना शुरू हो जाएगा, जिससे उत्पादन पर काफी फर्क पड़ेगा।

जिले में अचानक गर्मी का बढ़ना शुरू हो गया है। गुरुवार को आठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं, जिससे जिले का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 20 मार्च को जहां जिले का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था, वहीं आठ दिन के अंदर 28 मार्च को साढ़े छह डिग्री की बढ़ोत्तरी हो गई। जानकारों के अनुसार अगर इसी तरह तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं के उत्पादन पर काफी अधिक फर्क पड़ेगा।


खेत में खड़ी गेंहू की फसल।

### पका नहीं गेंहू का दाना

तेजी से बढ़े इस तापमान से सबसे ज्यादा असर गेहूं की फसल पर पड़ेगा। मौसम गर्म होने से गेहूं का दाना वहीं पर पकने लगेगा जिस रूप में वह है। अभी तमाम फसल में गेहूं का दाना विकसित हो रहा है, लेकिन तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी न सिर्फ दाने का विकास रोक देंगी, बल्कि उसको पकाने भी लगेगी, जिससे गेहूं के उत्पादन पर खासा प्रभाव पड़ेगा। किसान जहां बेहतर फसल की उम्मीद लगा रहे थे, वहीं इस मौसम के बदलाव से उन्हें हल्की फसल होने की चिंता सता रही है। अन्ना पशुओं से फसलों को बचाने में उनकी सर्द रातें खेतों में ही कटी हैं। तमाम परिश्रम और लागत के बाद बेहतर फसल की उम्मीद किसानों को थी, लेकिन मौसम का बदलाव की उम्मीद पर पानी फिरने लगा है।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने खाया नशीला पदार्थ

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने प्रेम प्रसंग के चलते नशीला पदार्थ खा लिया। जानकारी के मुताबिक एक गांव निवासी युवक ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी पत्नी को ग्राम गड़रियन खेड़ा निवासी एक युवक ने उसकी पत्नी को अपने फेर में लेते हुए पत्नी से नाजायज संबंध बना रखे हैं। उसकी पत्नी भी युवक के फेर में पड़कर उससे लड़ झगड़ कर अपने मायके ग्राम बउनाभरी थाना अटरिया जिला सीतापुर चार दिनों पहले चली गई है उसके प्रेमी के रिश्तेदार गांव के चार लोग सहयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं तथा गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। उसके घर से उसकी पत्नी जेवर ले गयी है। मामले में पुलिस ने महिला के प्रेमी को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई कर दी थी। गुरुवार की देर शाम उसकी पत्नी कोतवाली पहुंची और विवाद को लेकर नशीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने महिला को सीएचसी पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### हाई अलर्ट पर रही पुलिस एसपी ने की पैदल गश्त

**हरदोई।** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद सारी यूपी में हाई अलर्ट कर दिया गया था। खास कर जुमें की नमाज़ के दौरान मस्जिदों की चौकसी बढ़ा दी गई थी। इस बीच एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, सीओ सिटी अंकित मिश्रा और एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय पुलिस और बीएसएफ जवानों के साथ शहर में पैदल घूमें। साथ में एलआईयू इंस्पेक्टर श्रीश शर्मा खुफिया टीम के साथ चप्पे-चप्पे पर नज़र रखे हुए दिखाई दिए। एसपी श्री गोस्वामी ने बताया कि पुलिस और पब्लिक के बेहतर तालमेल से ज़िले का ला एंड आर्डर पूरी तरह से मेंटेन रहा।

# बोरे में भरा टुकड़ों में मिला लापता महंत का शव

## पंचकोसी परिक्रमा के दौरान हरदोई से अचानक लापता हो गए थे महंत मनीराम दास

सीतापुर/हरदोई

**अमृत विचार।** मिश्रिख कोतवाली इलाके में छह दिनों से लापता महंत का शव टुकड़ों में बोरे में भरा हुआ मिला। महंत का क्षत-विक्षत शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई और शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पहुंची एफएसल टीम ने भी साक्ष्य संकलन कर अहम दस्तावेज को संकलित किया है। महंत के पास मौजूद पुलिस फ़ोन भी घटनास्थल से बरामद नही हुआ है। परिजन गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।



### सीओ मिश्रिख ने कहा-

सीओ मिश्रिख राजेश कुमार यादव ने बताया कि बाबा का टुकड़े के शव को काटकर बोरे में भरकर सड़क किनारे फेंका गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हरदोई में जमीन का विवाद और बाबा द्वारा तंत्र मंत्र की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने कई पहलुओं पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हरदोई जनपद के थाना बेनीगंज के ग्राम गिरधरपुर निवासी महंत मनिरामदास नैमिषारण्य से शुरू हुई 84 कोषीय परिक्रमा में शामिल हुए थे। महंत के भतीजे टाई पुत्र आत्माराम ने बताया कि उसके चाचा से अंतिम बार 24 मार्च को फ़ोन पर बात हुई थी, तब उन्होंने पंचकोसी परिक्रमा कर घर वापस आने की बात कही थी। बावजूद इसके 26 मार्च तक घर न पहुंचने पर भतीजे ने महंत के फोन पर सम्पर्क किया तो फ़ोन बंद मिला। काफी खोजबीन के बाद कहीं पता न चलने पर परिजनों ने मिश्रिख कोतवाली में महंत की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने महंत की खोज खबर का प्रयास नहीं किया।

शुक्रवार की देर शाम सिधौली-मिश्रिख़ रोड किनारे 200 मीटर दूर झाड़ियों में एक बोरे के अंदर कुछ पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस हरकत में आई तो मौके पर पहुंचकर बोरे को खोला तो सभी के होश फाख्ता हो गये। बोरे के अंदर हाथ और पैर सहित शरीर के अन्य अंग को काटकर बाबा को सड़क किनारे फेंका गया था। पुलिस ने परिजनों से शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। सूचना पर पहुंचे पुलिस के उच्चाधिकारी और फील्ड यूनिट के मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित कर छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगो के मुताबिक शव 3-4 दिन पुराना बताया जा रहा है। मौक़ाय वारदात के खून के दाग न मिलने से घटना कई अन्य पहलुओं की ओर इशारा कर रही है।

बता दें कि महंत मनीराम दास पंचकोसी परिक्रमा में शामिल होने के बाद रविवार को अचानक कहीं गायब हो गए थे। महंत के इस तरह से गायब होने से संत-महंतों ने प्रदर्शन भी किया था।

# धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य पर लगाई फटकार

हरदोई

**अमृत विचार।** अमृत भारत योजना के तहत चयनित बालामऊ स्टेशन का निर्माण कार्य धीमी गति पर डिविजनल रेलवे प्रबंधक राजकुमार सिंह ने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। निर्माण कार्य में मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं।

बताते चले कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बालामऊ स्टेशन का चयन किया गया है। जिसके लिए 25 करोड़ की धनराशि का बजट भी स्वीकृत हो गया है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल शिलान्यास भी कर दिया। यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। स्टेशन को नए भवन के साथ पार्किंग, सुंदर पार्क, मुख्य प्रवेश द्वार, चौड़ी सड़कें, प्लेटफार्म, सामुदायिक शौचालय, डिजिटल पुस्तकालय, बैठने के लिए बेंचे, वाईफाई की सुविधा, प्रतीक्षालय, शुद्ध पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं विश्व स्तरीय मुहैया होगी, जिसकी कवायत शुरू हो गई है। अगस्त 2023 से कार्य आरंभ हो गया, लेकिन कार्यकारी संस्था ठेकेदार द्वारा कार्य में काफी धीमी गति व मानकों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है। जिस पर डीआरएम ने वृहस्पतिवार को निरीक्षण के दौरान ठेकेदार की समस्याओं को ध्यान से सुना, कार्य की धीमी प्रगति पर फटकार लगाई, गुणवत्ता में सुधार का निर्देश दिया।

# लोगों ने चोर को पकड़कर पीटा फिर पुलिस को सौंपा

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** बिलग्राम क्षेत्र में चोरी की नीयत से घर में घुसे चोर को लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर उसके हवाले कर दिया।



बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला मलकंठ में गुरुवार की रात ज़हीन अपने परिवार के साथ गहरी नींद में सो रहा था। उसी बीच किसी ने दरवाज़े की कुंडी खोली, उसकी आहट पर घर वालों की आंख खुल गई। देखा तो बड़े-बड़े बाल वाला कोई शख्स घर के अंदर खड़ा था। उसे देख कर घर वाले चीखने लगे। चीख-पुकार सुन कर आस-पड़ोस वाले भी निकल आए। रात के अंधेरे में घर के अंदर घुसने से नाराज़ लोगों ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए शख्स ने अपना नाम सौरभ मिश्रा निवासी मोहल्ला बजरिया बताया। गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस पकड़े गए चोर को अपने कब्ज़े में ले कर उसे कोतवाली लिए गई। एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा ने बताया कि ज़हीन की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# तीन दिन बाद भी चोरी की नहीं लिखी रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खत्ता जमाल खां मोहल्ले में चोरों द्वारा 26 मार्च की रात्रि में मकान का ताला तोड़कर 55,000 की नकदी सहित ढाई लाख के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया गया। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी रामासरे 26 मार्च की रात्रि अपने साले की तबियत ठीक न होने की वजह से ससुराल शाहजहांपुर चला गया और घर पर ताला डाल कर गया। सुबह पड़ोसियों ने रामासरे को फोन से मकान का ताला टूटे होने की खबर दी।

# तीन घरों से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** चोरों ने ही रात गांव के तीन घरों में घुसकर लगभग सात लाख की नगदी समेत लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात से गांव में दहशत का माहौल है।

मल्लावां क्षेत्र के बांसा गांव गुरुवार की रात्रि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार सिंह के मकान में पीछे के रास्ते घुसकर कमरे में पहुंच गए। अलमारी और बक्सो से ताला तोड़कर लगभग 50 हजार रूपये नगद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। जगदेई घर पर अकेली रहती थी उनके लड़के भोपाल में रहकर नौकरी करते है।



चोरों द्वारा तोड़ी गई अलमारी।

दूसरी घटना बसपा नेता मुकेश कुमार वर्मा के यहां हुई, जहां से चोर पीछे से घुसकर नीचे कमरों में सामान खंगाला उसके बाद ऊपर कमरे से करीब पांच लाख रूपये नगद और कीमती आभूषण चोरी कर ले गए। तीसरी घटना विजय पाल के घर के बाहर कमरे की सेफ व बक्सा से लाखों रुपए के कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। विजय पाल ने बताया कि उनका पुत्र अभिषेक वर्मा कृषि विभाग में अधिकारी है। बहू का सारा सामान गांव में ही रखा था, कुछ वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी।

### एक साथ तीन घरों में चोरी से ग्रामीणों में दहशत

मल्लावां में एक साथ तीन गांव में चोरी से पूरे गांव में दहशत बनी है। गांव में घनी आबादी के कारण सभी मकान सटे हुए है ऐसे में चोर एक -एक कर तीनों मकानों को निशाना बनाया। विजय पाल का मकान ये दोनों मकानों से कुछ दूरी पर है। घटना की सूचना पीड़ितों ने रात में दी जिसपर 112 नंबर पुलिस ने मौके पर पहुंची थी। तीन घरों में चोरी की सूचना पर कोतवाल निर्भय सिंह पुलिस फोर्स के साथ जाँच पड़ताल कर जल्द ही खुलासे का भरोसा दिलाया।

### एक घर में छोड़ गए बेलचा

चोर ताला तोड़ने वाला बेलचा ( सरिया ) मुकेश कुमार वर्मा के घर में सेफ के पास ही भूल गए। चोरों के निशान दीवाल पर होने से साफ जाहिर हो रहा था चोर पीछे से घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### तेंदुआ गांव की चोरी का अब तक न हो सका खुलासा

**मल्लावां, हरदोई।** एक माह पूर्व तेंदुआ गांव में तीन घरों में चोरी का खुलासा अभी नहीं हो सका था। इस बीच चोरों ने बांसा गांव में तीन घरों में बड़ी चोरी कर अपने इरादे जाहिर कर दिए। पुलिस की मुस्तैदी पर ग्रामीण सवाल खडे.कर रहे कि आखिर कब चोरियों की घटना पर लगाम लगेगा।

# दरवाजे पर बंधे गोवंश को रौंदते हुए घर में घुसा ट्रक, बड़ा हादसा टला

हरदोई

**अमृत विचार।** डीएससीएल शुगर मिल हरियावां से चीनी लोड कर निकला ट्रक बरगावां गांव के पास पहुंचते ही बेकाबू हो गया। दरवाजे पर बंधे गोवंश को रौंदते हुए ट्रक घर में घुस गया। हादसे में गोवंश की वहीं पर मौत हो गई। गनीमत रहा कि जिस मकान में ट्रक घुसा था, वहां के लोग कहीं गए हुए थे, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था।



घर में घुसा ट्रक। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार गुरुवार की आधी रात में ट्रक डीएससीएल शुगर मिल हरियावां से चीनी लोड कर शहर की तरफ आ रहा था, लेकिन रास्ते में ही हरियावां थाने के बरगावां पहुंचते ही वह बेकाबू हो गया और रजनीश के दरवाज़े पर बंधे गोवंश को रौंदते हुए उसी के मकान में जा घुसा। हादसे में गोवंश की वहीं पर मौत हो गई। साथ ही रजनीश के मकान का अगला हिस्सा टूट गया। बताया गया है कि रजनीश के मकान में कोई नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# संदिग्ध हालात में सड़क के किनारे मिला युवक का शव

हरदोई

**अमृत विचार।** गांव के बाहर से निकली चकरोड के किनारे एक युवक का शव पड़ा होने की खबर से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह भी पहुंच गए। उन्होंने इस बारे में वहां आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक युवक की मौत सड़क हादसे में हुई, जबकि लोग हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं।

शुक्रवार की भोर पहर पिहानी कोतवाली के रहीमपुर सरैया गांव के बाहर से निकली चकरोड के किनारे एक 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया। उसने लाइनिंग वाली हल्की आसमानी शर्ट और कत्थई पैंट के अलावा पैर में हवाई चप्पल पहन रखी थी। इसका पता होते ही एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह भी पहुंच गए। उन्होंने युवक के बारे में आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। इस बीच पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ का कहना है कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई। बाकी सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। जबकि लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस हर एक पहलू से जांच कर रही है।

# महिला को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** शौच के बाद घर जाने के लिए हाई-वे पार कर रही महिला को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गई। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। साण्डी थाने के लक्षन पुरवा निवासी विमल कुमार की पत्नी अर्चना (44) गुरुवार की रात खेत से शौच करने के बाद घर जाने के लिए बिल्हौर-कटरा हाई-वे को पार कर रही थी, उसी बीच एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। जिससे अर्चना बुरी तरह से ज़ख्मी हो गई। इलाज के लिए उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। अर्चना के दो बेटे अभिषेक व आशुतोष है।

## सार-संक्षेप



हरियाणा के लिए रवाना होते खिलाड़ी। अमृत विचार

### हरदोई के खिलाड़ी दिखाएंगे हरियाणा में दम

**हरदोई, अमृत विचार।** हरियाणा में होने वाली 14वी सैम्बो राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरदोई के अनुभव सिंह चौहान, गौरव सिंह, आदित्य ठाकुर, सिद्धार्थ ठाकुर प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही शहर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल सिंह, तुषिता सिंह हरियाणा में निर्णायक की भूमिका अदा करेंगे। सैम्बो रशियन मार्शल आर्ट जिसका भारत में पर उत्तर प्रदेश में तेजी से विस्तार हो रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सहारनपुर अनिमेष सक्सेना, दिल्ली जेल पुलिस हेड कांस्टेबल सुशील बाबू ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विदा किया।

### उपमुख्यमंत्री से शिकायत, लगाया आरोप

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खजोहना निवासी मो. मिफजाल ने उपमुख्यमंत्री से शिकायत करते करते हुए एक डाक्टर पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। बताया कि आरोपी डॉ. हसामुद्दीन जो ग्राम पैतीपुर जिला अंबेडकर नगर का निवासी है, उससे उसकी मुलाकात वर्ष 2019 में हुई थी, जिसमें डॉक्टर ने उसे नौकरी पर रखने का लालच देकर अस्पताल के लिए किराए पर बिल्डिंग दिलाने को कहा। बिल्डिंग दिलाने पर आरोपी डाक्टर ने किरायानामा उनके नाम से बनवा दिया। 11 जनवरी 2019 को हॉस्पिटल गौसगंज में खुल गया, जबसे हॉस्पिटल चल रहा है और उसमें नौकरी करने लगा। धीरे-धीरे डॉक्टर हॉस्पिटल कम आने लगे और हॉस्पिटल का किराया व उसका वेतन एक साल से नहीं दे रहे हैं। यही नहीं डॉक्टर ने अपनी शादी के लिए तीन लाख 27 हजार रुपए उधार ले लिए, परंतु एक साल हो जाने के पश्चात उन्होंने न ही पैसा वापस दिया। हॉस्पिटल पूरी तरह आना बंद कर दिया। पैसे मांगने पर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने मांग किया कि डॉक्टर के ऊपर कार्यवाही करते हुए उसका पैसा वापस दिलाया जाए और कार्रवाई की जाए।

### सरकारी ठेके पर बेंची जा रही थी हाथ से बनी शराब

**हरदोई, अमृत विचार।** साण्डी पुलिस और आबकारी टीम ने रसूलपुर के देशी शराब के ठेके से दो लाख की जोशीला ब्रांड की देशी व मिलावटी शराब के साथ उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन, डिस्पोवेन, सिरिंज, फेविक्विक व सूजा बरामद कर सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने रसूलपुर देशी शराब के ठेके पर छापा मारा। इस दौरान वहां से 54 पेटी (243 पौवा) जोशीला ब्रांड, एक पेटी (32 पौवा) खुली हुई। बोतल में मिलावटी शराब और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन, डिस्पोवेन, सिरिंज, फेविक्विक और सूजा बरामद कर वहां के सेल्समैन मनोज कुमार निवासी हरपालपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**मल्लावां-(हरदोई)।** कटरा-बिल्हौर हाईवे पर अचानक सामने आए मवेशी को देखकर ई-रिक्शा चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की दोपहर को पूरणमऊ निवासी अयाज अली अपने रिश्तेदार पप्पू व मुन्ना निवासी सिद्धरपुर पतसिया जनपद उन्नाव के साथ में साई बगदाद भैंस देखने मोटरसाइकिल से गए थे। वापस लौटते समय आसमानी पैलेस के पास कटरा बिल्हौर हाईवे पर सामने से आए ऑटो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उधर ऑटो चालक मौका पाकर ऑटो लेकर फरार हो गया।

### दहेज हत्या में पति व सास को 10-10 साल की सजा

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह ने एक फैसले में दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या कर देने के मामले में आरोपित पति और सास को जुर्म साबित होने पर 10-10 साल की कड़ी सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अमलेंद्र सिंह ने बताया कि थाना हरपालपुर क्षेत्र के खसौरा गांव निवासी राहुल दीक्षित व उसकी माता मधु दीक्षित पर विवाहिता कल्पना की दहेज की खातिर हत्या कर देने का आरोप रहा। इस मामले की रिपोर्ट थाना अरवल क्षेत्र के चंद्रमपुर निवासी राम चन्द्र दीक्षित ने दर्ज कराई। कहा कि उसने अपनी बेटी की शादी 26 अप्रैल 2016 को राहुल दीक्षित के साथ की थी। जिसमें उसने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले उसे कम दहेज की खातिर मारते पीटते व प्रताड़ित करते रहे। इसी के चलते 11 जनवरी 2017 को मिट्टी का तेल डालकर उसकी हत्या कर दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# पत्नी की मौत के बाद अकेले पड़े बुजुर्ग ने की आत्महत्या

हरदोई

**अमृत विचार।** जीवन के आखिरी पड़ाव में पत्नी की मौत के बाद अकेले पड़ गए बुज़ुर्ग ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। बुजुर्ग परिवार से अलग झोपड़ी में रह रहा था। वहीं उसने शराब कए साथ ज़हर पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

बेहटा गोकुल थाने के सिकन्दरपुर बाज़ार निवासी जवाहर (62) खेती-बाड़ी करता था। उसके चार बेटे हैं, पत्नी सरला की करीब डेढ़ साल पहले मौत हो गई थी। बताते है कि जवाहर नशा करता था, लेकिन पत्नी के न रहने के बाद से वह अकेला हो गया और ज्यादा पीने लगा था। जवाहर अपने घर वालों से अलग झोपड़ी डाल कर उसी में पड़ा रहता था। गुरुवार की शाम को गांव के कुछ लोग उसकी झोपड़ी की तरफ पहुंचे और देखा कि बुज़ुर्ग जवाहर के उल्टी हो रहीं थीं। इसका पता होते ही बेटा रोहित वहां पहुंचा और अपने पिता को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई।

# परीक्षा परिणाम पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

हरदोई

**अमृत विचार।** मंगली पुरवा स्थित डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों के चेहरे शुक्रवार को उस समय खिल उठे जब उनके हाथों में उनकी साल भर की मेहनत का परीक्षा परिणाम पहुंचा। इसके अलावा अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जब मेडल्स प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों की शिक्षा तथा दीक्षा पर बहुत ध्यान दें पढ़ाई के साथ-साथ वे संस्कारवान बने ऐसा प्रयास किया जाए। उनको थोड़ा सा समय अवश्य दें। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के साथ आए अभिभावकों से अपील की 13 मई को मतदान के दिन अपने परिवार के साथ अपना वोट डालने जरूर जाएं, मतदान के लिए अभी से अनवरत लोगों को जागरुक करते रहें।





डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में प्रमाण पत्र के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

# तीन जोड़ी ट्रेनें निरस्त और छह चलेंगी देरी से

हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई के रेल यात्रियों को त्योहार के बाद असुविधा का सामना करना पड़ेगा। एक और जहां रेलवे ने हरदोई में किसी भी होली स्पेशल ट्रेन का ठहराव नहीं दिया है, वहीं हरदोई से होकर जाने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों को हरदोई रेलवे स्टेशन पर निरस्त कर दिया है, जबकि कई ट्रेनों को घंटों की देरी से चलाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

त्योहार के बाद लोग वापस अपने कार्य स्थल की ओर रवाना होते हैं। ऐसे में ट्रेनों में लंबी-लंबी वेटिंग लेकर लोग यात्रा करने को मजबूर हैं, वहीं कई ट्रेनों में तो हरदोई से रेल यात्रियों को वेटिंग तक नहीं मिल रही है। ऐसे में रेल यात्रियों को आस थी कि रेल प्रशासन हरदोई के यात्रियों की सुविधा को देखते हुए होली स्पेशल ट्रेनों का ठहराव करेगी लेकिन रेल प्रशासन द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर किसी भी ट्रेन का ठहराव नहीं दिया गया जबकि शाहजहांपुर सीतापुर में कई होली स्पेशल ट्रेनों के ठहराव हुए। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मुश्किलों को और बढ़ाते हुए हरदोई से होकर जाने वाली ट्रेनों को निरस्त और विलंब से चलाने के अलग से निर्देश जारी कर दिए हैं। ऐसे में अब यात्रियों की राह मुश्किलों भरी होगी।





टिकट खिड़की पर लगी भीड़ व प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में मौजूद यात्री। अमृत विचार

### निरस्त व देर से चलने वाली ट्रेनें

रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होकर जाने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों को निरस्त करने के साथ-सा अन्य छह ट्रेनों को घंटे की देरी से चलाये जाने के निर्देश जारी किए हैं। हरदोई से होकर जाने वाली 14235 वाराणसी बरेली वाराणसी एक्सप्रेस 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक निरस्त रहेगी, 14236 बरेली वाराणसी बरेली एक्सप्रेस 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक निरस्त रहेगी, 14307-08 प्रयागराज संगम बरेली बरेली प्रयागराज संगम मुगलसराय एक्सप्रेस 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक निरस्त रहेगी, 04319 लखनऊ शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक लखनऊ से बालामऊ के मध्य संचालित होगी यह ट्रेन बघौली से शाहजहांपुर के मध्य निरस्त रहेगी, 04320 शाहजहांपुर लखनऊ शाहजहांपुर पैसेंजर 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक शाहजहांपुर से बघौली तक निरस्त रहेगी यह ट्रेन बालामऊ से लखनऊ के बीच संचालित होगी, 15074 टनकपुर सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस 3 अप्रैल 5 अप्रैल को टनकपुर से 90 मिनट की देरी से संचालित होगी, 15076 टनकपुर से शक्तिनगर 4 अप्रैल को टनकपुर से 90 मिनट की देरी से संचालित की जाएगी, 22454 मेरठ सिटी से लखनऊ राजरानी एक्सप्रेस 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक मेरठ सिटी से 120 मिनट की देरी से संचालित होगी, 15652 जम्मू तवी से गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस 3 अप्रैल को जम्मू तवी से 65 मिनट की देरी से संचालित की जाएगी, इसी के साथ 13152 जम्मू तवी कोलकाता सियालदह एक्सप्रेस 2 अप्रैल से लेकर 4 अप्रैल तक 60 मिनट की देरी से नियंत्रित करके संचालित की जाएगी, 15910 लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक रास्ते में 60 मिनट नियंत्रित करके संचालित की जाएगी, ऐसे में हरदोई से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। नियंत्रित होकर संचालित होने वाली ट्रेनों का असर अन्य ट्रेनों पर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे में घर से निकलने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति को जरूर देख लें।



**रोजा**

शिया
सहरी : 4.28 बजे
इफ्तार : 6.35 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.34 बजे
इफ्तार :6.26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 6 घायल




कार की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा व सड़क किनारे खड़ी टक्कर मारने वाली कार। अमृत विचार

**हरगांव, अमृत विचार।** गांव कोरैय्या सरांवा निवासी रोहित सिंह,मौसमी सिंह,बबली सिंह, अंशिका सिंह,थाना तालगांव सहित मोहरैय्या गांव निवासी उमेश सिंह गाजियाबाद में मजदूरी करते है। बताया जाता है कि होली के मौके पर सभी अपने घर आये हुए थे और शुक्रवार की शाम वापस ई - रिक्शा पर सवार होकर गाजियाबाद जाने के लिए निकले थे। रास्ते मे झरेखापुर नहर नहर पुलिया के पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी।

कार की टक्कर लगने से ई रिक्शा खांई मे जा गिरा और ई-रिक्शा चालक बिहारी सहित सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलो को जिला अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद कार सवार लोग मौके से फरार हो गये है। वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# स्वागत द्वार पर लगी तस्वीरों पर किया पेंट

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** सिधौली तहसील इलाके में स्वागत द्वार पर लगी भाजपा नेताओं की तस्वीर से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को प्रकाशित खबर का जिला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जिम्मेदारों को चेतावनी दी। निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान के बाद जिम्मेदार अफसरान और नगर पंचायत कर्मियों ने स्वागत द्वार पर लगी भाजपा नेताओं की फोटो को पेंट लगाकर बंद करने का काम किया।

बताते चले की शुक्रवार को अमृत विचार अखबार के प्रकाशित अंक में स्वागत द्वार लगी भाजपा नेताओं की तस्वीर शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया गया था। सिधौली इलाके में सड़क पर लगे स्वागत द्वार पर लगी भाजपा के नेताओं की लगी फोटो आदर्श आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ानें का काम कर रही थी। लोकसभा चुनाव की




स्वागत द्वार पर लगी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की तस्वीर को पेंट लगाकर किया गया बंद।

**खबर का असर**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया खबर का संज्ञान, जिम्मेदारों ने बंद कराई तस्वीरें

तारीखों का ऐलान होते ही लगी आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने कड़े निर्देश जारी किए थे। बावुजूद इसके सिधौली विधानसभा क्षेत्र के सिधौली मिश्रिख मार्ग पर कोनी घाट पुल पर लगे स्वागत द्वार पर भाजपा नेताओं की फोटो पर आने जाने वाले मतदाताओं को पार्टी की याद दिला रहे थे। खबर प्रकाशन के बाद तहसील प्रशासन ने स्वागत द्वार पर लगे भाजपा नेताओं की फोटो को पेंट लगाकर बंद कर दिया है।

## एक नजर

### जिला बदर गिरफ्तार

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद की सीमा से छ: माह के लिये निष्कासित किये गये हरगांव थाना क्षेत्र के गांव रिक्खीपुरवा मजरा पिपराघूरी निवासी जिला बदर कैलाश कुमार को हरगांव पुलिस ने रिक्खीपुरवा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध धारा 10 उप्र गुण्डा निवारण अधिनियम के अंतर्गत जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

### असलहे के साथ गिरफ्तार

**पिसावां, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के रंगवाइया गांव निवासी सोमित कुमार पुत्र सोबरन को स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्राथमिक विद्यालय रंगवाईया के निकट स्थित पुलिया से गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान युवक के पास से अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चैहान ने बताया कि युवक के विरुद्ध आम्र्स एक्ट से संबंधित धाराओं के तहत जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की गई।

### गांजे के साथ गिरफ्तार

**पिसावां, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के रंगवाईयां गांव के पश्चिम ओर सरियापुर मार्ग पर स्थानीय पुलिस ने मोर सिंह पुत्र रामप्रसाद को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से 1370 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई पूर्ण की है।

### बाइकसवार पर लोहे की रॉड से हमला

**महमूदाबाद।** दूध लेकर नगर की ओर आ रहे एक व्यक्ति पर कुछ लोगों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार उदय राज सिंह महमूदाबाद की ओर दूध लेकर आ रहा था, उसी दौरान अचानक वन विभाग कार्यालय से पहले प्लाटिंग के पास आरोपी लालू उसके पिता देशराज व अन्य दो अज्ञात व्यक्तियों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। मारपीट के साथ-साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है। हालांकि पीड़ित के अनुसार उसका पूर्व में कोई भी विवाद आरोपियों से नहीं हुआ था। जिससे घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के अनुसार उचित कार्यवाही की जा रही है।

# मुख्तार की मौत के बाद आजम की जेल का अफसरों ने किया औचक निरीक्षण

## पुरुष और महिला बैरकों का जिला जज और डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिला कारागार में बंद आजम खां की बैरक सहित जेल का जिला जज सहित डीएम-एसपी ने औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने आजम खां की बैरक सहित अन्य बंदियों की बैरिक की सघन जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिलने पर जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जिला कारागार में शुक्रवार की शाम अचानक जिला जज मनोज कुमार तृतीय सहित सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा पुलिस बल के साथ अचानक जिला कारागार पहुंचे। जेल में दाखिल होने के बाद अफसरों ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां सहित अन्य बंदियों की तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने बंदियों से वार्ता कर जेल मैनुअल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। पुरुष बैरिकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने महिला बंदियों से वार्ता कर जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरो को कोई भी संदिग्ध वस्तु न मिलने पर वापस रवाना हो गये।



जिला कारागार का निरीक्षण कर जेल से बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा सहित अन्य।

**मुख्तार की मौत के बाद आजम का जाना हाल!**

जेल सूत्रों की माने तो बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ने पर मौत के बाद जिला जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां का अफसरों ने हाल जाना है। इस दौरान आजम को मिलने वाले जेल मैनुअल का भी अफसरों ने बारीकी से निरीक्षण कर आजम के स्वास्थय की भी जानकारी असफरों ने ली है। हालांकि जेल के निकलने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे अफसर गाड़ियों में बैठकर रवाना हो गये।

# बस स्टैंड व प्रतीक्षालय की दरकार

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** महमूदाबाद तहसील इलाके का रामपुर मथुरा कस्बा ऐतिहासिक महत्व रखता है। क्योंकि, इस कस्बे के किनारे से होकर बहने वाली चैका नदी जिसे पूर्व में चंद्रभागा नदी कहा जाता था। लगभग 500 वर्ष पूर्व गोस्वामी तुलसीदास इधर से गुजर रहे थे। उन्होंने मनमोहक वातावरण देखकर यहां के लोगों से इस स्थान का नाम पूछा था।

स्थान का नाम रामपुर मथुरा होने की जानकारी सुनकर गोस्वामी जी यहां पर ठहर गए थे। कुछ दिनों तक इसी चंद्रभागा नदी के तट पर रहकर उन्होंने महाकाव्य रामचरितमानस के अरण्य काण्ड की रचना की थी। वह बात अलग है कि आधुनिकता के इस दौर में जिम्मेदारों ने ऐतिहासिक महत्व रखने वाले इस कस्बे की ओर खासा ध्यान नहीं दिया। फिलवक्त रामपुर मथुरा में बस स्टैंड तथा प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को असुविधाएं हो रही हैं। यहां आजादी के दशकों बाद भी बस स्टैंड तथा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं हो सका है। रामपुर मथुरा से सीतापुर, लखनऊ, महमूदाबाद, बिसवां, बाराबंकी सहित तमाम शहरों को बसों का सुबह से शाम तक आना-जाना लगा रहता है। हालांकि रामपुर मथुरा में बस स्टैंड न होने से बस के लिए यात्रियों को पूछताछ की भी सही जानकारी नहीं हो पाती है।



बस में चढ़ने का प्रयास करते यात्री। अमृत विचार

### 'पुराने सीएचसी की भूमि खाली पड़ी'

रामपुर मथुरा चौराहे के निकट जहां बसें ठहरती हैं, ठीक वहीं पर पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र था। जो अब रामपुर मथुरा कस्बे के आखरी छोर पर स्थित है। पुराने स्वास्थ्य केंद्र की काफी जमीन खाली पड़ी है, जो कि इस समय उपयोग में नहीं है। इस भूमि पर अगर बस स्टैंड बना दिया जाए तो यात्रियों को समस्याओं से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। साथ ही सरकारी जमीन का भी उपयोग होगा और लोग अतिक्रमण नहीं कर पाएंगे। सपा नेता आसिफ खान ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय ना होने से बस के इंतजार में रोड के अगल-बगल में यात्री खड़े होते हैं, जिससे आए दिन हाथ से वह जाम की समस्या बनी रहती है। रामपुर मथुरा में बस स्टैंड तथा यात्री प्रतीक्षालय न होने से बुजुर्ग तथा महिला यात्रियों को बहुत समस्याएं होती हैं। भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सोनी का कहना है कि कस्बे में पुराने स्वास्थ्य केंद्र की खाली पड़ी भूमि पर अगर बस स्टैंड बना दिया जाए तो यात्रियों को रोड पर खड़े होकर बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

> जहां भी बस स्टैंड नहीं हैं। वहां अगर ग्राम समाज की ओर से या जिला प्रशासन की ओर से निशुल्क जमीन परिवहन निगम को मिलती है तो प्रस्ताव शासन भेजेंगे जिसके बाद परिवान निगम के अधिकारियों द्वारा परीक्षण कराने के बाद ही अगर जमीन नि :शुल्क मिलती है तो हमारा हेडक्वार्टर निर्णय लेगा।
>
> -राकेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक-परिवहन विभाग

# युवती से जबरन निकाह करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, तंबौर/सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना इलाके में हिन्दू लड़की को मुस्लिम युवक द्वारा धर्म छिपाकर भगा ले जाकर जबरन विवाह करने के प्रयास को पुलिस और हिन्दू संगठन ने असफल कर दिया। पुलिस ने युवती को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार युवती के भाई विपिन पुत्र राजेंद्र ने थाना तंबौर मे जानकारी देकर बताया कि उसकी बहन पंजाब में लालड़ मंडी के सुगना फैक्ट्री में नौकरी करती थी। वहां पर तंबौर के दर्वेशनपुरवा मजरा छतांगुर का रहने वाला मोहम्मद अजीम पुत्र जमील अपना नाम जाति छिपाकर अपना नाम अमित बता कर उकसी बहन को भगा लाया और रातों रात लड़की का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करके जुमे को निकाह करने जा रहा है।



भाई की सूचना हिन्दू संगठन के लोगो तथा लड़की का भाई आरोपी युवक मोहम्मद अजीम के घर पर पहुंचे तो अजीम और उसके परिजन गंदी गालियां देकर अभद्रता की। हिन्दू संगठन की सूचना पर मौके पर पहुंची तंबौर पुलिस ने लड़की और मुस्लिम युवक को हिरासत में लेकर लड़की के बयान के अनुसार सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लड़की को लड़की के परिजनों को सुपुर्द कर दिया हैं। पुलिस ने केस दर्ज दोषी मुस्लिम युवक को जेल भेज दिया है।

# सड़कों पर मुस्तैद नजर आई पुलिस

**सक्रियता**

- मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पैदल गस्त कर शांतिपूर्ण संपन्न कराई जुम्मे की नमाज

**सीतापुर, अमृत विचार।** माफिया मुख्तार अंसारी की मेडिकल कॉलेज में मौत की पुष्टी के बाद यूपी में अलर्ट के चलते शुक्रवार को सीतापुर जिला प्रशासन सहित पुलिस भी अलर्ट मोड़ पर नजर आई। जुम्मे की नमाज पर मस्जिदों में उमड़ने वाले नमाजियों के चलते पुलिस लगातार भ्रमणशील रहकर सभी से शांति बनाये रखने की अपील करती हुई नजर आई। जिले में अलर्ट के चलते पुलिस बल ने सभी मस्जिदों सहित संवेदनशील इलाकों में फूट पेट्रोलिंग कर अराजकतत्वों पर पैनी नजर बनाए रही है। पुलिस की मौजूदगी में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई है।

गुरुवार की देर रात माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जुमे की नमाज और गुड फ्राइडे होने की वजह से सुबह से ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पुलिस बल लगातर फूट पेट्रोलिंग पर रहे और उच्चाधिकारी पल-पल नजर जिले के हालात पर नजर बनाये रहे। शहर में नमाज से पहले सीओ सिटी अमन सिंह सहित विभिन्न प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनूप शुक्ला मय पुलिस फोर्स के साथ पुराने सीतापुर में पैदल मार्च कर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मोहल्ला कोर्ट, कर्बला,गदियाना, मन्नी चैराहा सहित अन्य मोहल्लों में फूटपेट्रोलिंग कर स्थिति पर नियंत्रण बनाये रखा। पुलिस बल के पैदल गस्त के बाद जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण अदा हो जाने पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।



पुराने सीतापुर में पुलिस बल के साथ पैदल गशत करते सीओ सिटी व इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला। अमृत विचार

# नकुल दुबे को प्रत्याशी बनाये जाने पर सपा नेता ने दिया इस्तीफा

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के शिक्षक सभा के विधानसभा अध्यक्ष ने गठबंधन प्रत्याशी नकुल दुबे को बनाये जाने से नाराज सपा नेता अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को भी कांग्रेस समर्थकों ने नकुल दुबे का पुतला फूंककर विरोध जताया था।

जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव ज्यों ज्यों करीब आ रहा है। सभी पार्टियो के प्रत्याशियों का चयन चल रहा है। इसी कड़ी में सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी नकुल दुबे को बनाये जाने पर गठबंधन के कार्यकर्ताओं में काफी रोष देखने को मिल रहा है। बुधवार को सपा कांग्रेस गठबंधन ने सीतापुर लोकसभा से पूर्व में सपा बसपा गठबन्धन से प्रत्याशी रहे नकुल दुबे को इस बार उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि गठबंधन से टिकट मांगने वालों की जिले के ही कार्यकर्ताओं की एक लम्बी लिस्ट थी।

बावजूद इसके पार्टी ने बाहरी प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया। इसी से नाराज होकर भगवंत सिंह समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष शिक्षक सभा 150 सेउता ने अपने पद से त्यागपत्र जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सीतापुर को दे दिया है। उनका आरोप है कि विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने आस लगाई थी कि सपा कांग्रेस गठबंधन से सर्वसमाज से किसी स्थानीय कार्यकर्ता में से किसी एक को उम्मीदवार बनायेगी। लेकिन शायद पार्टी ने कार्यकर्ताओं की उम्मीद पर पानी फेर दिया। भगवंत सिंह ने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी नकुल दुबे को सपा बसपा गठबन्धन का प्रत्याशी बनाया गया था और सभी कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। लेकिन नकुल दुबे चुनाव हार गये। चुनाव हारने के बाद से आज तक क्षेत्र में नकुल दुबे कहीं दिखाई नहीं दिये। उसके बाद उन्हें फिर मौका दिया गया। कार्यकर्ता इनसे क्या उम्मीद कर सकता है। इसलिए मैं अब समाजवादी पार्टी से अपने पद से त्यागपत्र दे रहा रहूं।

**श्रद्धा**

सभी भक्तों ने बारी बारी से प्रभु के संग पुष्प होली खेलते हुए पुष्प समर्पित किए

# ठाकुर हमरे रमन बिहारी हम हैं रमन बिहारी के...

संवाददाता, पैंतेपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** राधा कृष्ण मंदिर पैंतेपुर में होली महोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। राधा कृष्ण मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित महोत्सव में भजन संध्या एवं फूलों की होली कार्यक्रम में देर रात तक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन रमन लाल जैन ने किया।

कस्बे के प्रतिष्ठित समाजसेवी उमाशंकर जैन, अशोक जैन, राजेंद्र जैन द्वारा आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ मंदिर के पुजारी सरस चंद्र मिश्र द्वारा मंदिर में विराजमान भगवान श्री कृष्ण एवं राधारानी की विधिवत पूजन अर्चन से किया गया। गायक राहुल सोनी ने मुकुट सिर मोर का मेरे चित चोर का, रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेलते राधा संग होली नंदलाल खेलते गाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। गोपाल जैन ने ठाकुर हमरे रमन बिहारी हम हैं रमन बिहारी के, आजा गर आना है क्यो देर लगी है, पाले गर पाना है क्यो देर लगी है सुनाकर सभी को तालियां बजाते हुए भाव नृत्य करने पर विवश किया। रमन लाल जैन ने श्याम चंदा है राधा चकोरी बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी, हमारे मन राधा राधा राधा, गोविंद चले आओ गोपाल चले आओ, होली है सुनकर सभी का मन मोहा। गुलाब के फूलों की होली का शुभारंभ मंदिर के कर्ता धर्ता उमाशंकर जैन ने युगल सरकार के संग होली खेल कर किया। इसके पश्चात सभी भक्तों ने बारी बारी से भगवान के संग पुष्प होली खेलते हुए पुष्प समर्पित किए। आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके बाजपेई विरल, शिवदास पुरवार, अनिल सिंह प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद, अमित पांडेय चैकी प्रभारी पैंतेपुर, अशोक पांडेय, राधेश्याम वर्मा, गुरु प्रताप वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



राधा कृष्ण मंदिर में भजन सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

# दहेज की मांग न पूरी होने पर युवती को पीटकर भगाया

- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज किया केस

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम मडोर के मजरा गोंडियन पुरवा निवासी रामप्रकाश ने अपनी पुत्री की शादी गोविंद पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बाबागंज मजरा माखूबेहड़ थाना तंबौर के साथ की थी। आरोप है कि शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराली जन खुश नही थे। शादी के उपरान्त अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को आये दिन प्रताड़ित करते थे। इसी को लेकर बीते 24 मार्च को ससुराली जनो ने विवाहिता के साथ मारपीट की।

सूचना पाकर जब विवाहिता के पिता उसे लेने ससुराल पहुंचे तो दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़ित में इस बाबत तंबौर थाने में तहरीर देकर पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया है। पुलिस ने आरोपी पति गोविंद समेत फूला देवी, ओमप्रकाश व ओमकार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## चार माह से बंद पड़े चौराहे पर सीसीटीवी

**हरगांव, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के झरेखापुर कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए झरेखापुर चैराहे पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे करीब चार माह से बंद पड़े हैं। विभाग की ओर से कैमरों की मरम्मत कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इससे कस्बे की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

दुकानदारों ने बताया कि कुछ सीसीटीवी कैमरे पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से लगवाया था। इसके बाद ग्राम पंचायत की निधि से भी कुछ सीसीटीवी लगवाये गये थे, जो सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। सीसीटीवी का कंट्रोल रूम पुलिस चौकी झरेखापुर में बनाया गया था। कैमरे लगवाने के कुछ दिन बाद से ही इनके खराब होने का सिलसिला शुरू हो गया था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया मुझे जानकारी नही है जल्द ही सही कराने का प्रयास किया जायेगा।

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि गाटा सं0 586 रकबा 6.553 हे0 स्थित ग्राम व परगना रामकोट, तहसील व जिला-सीतापुर के 1/4 दक्षिणी अंश का स्वामी है, जिसकी बिक्री के सम्बन्ध में विवाद है और उस 1/4 दक्षिणी अंश मय मकान को बिना स्वामी प्रीतम सिंह पुत्र स्व0 गुरुभेज सिंह की अनुमति के बिना खरीदा जाना वर्जित है।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

# हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्मुनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

> अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

## प्रसंगवश

# गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन

उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।



> ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।



हफीज किदवई
लेखक

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

# चुनौती बनता मानसिक अवसाद

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।



सीमा अग्रवाल
मेरठ

> देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्लूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# निडर बनाता है प्रेम

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।/ हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था,पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है,अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

# गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुद्उआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोड़ु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर लोग पूंजीवादी उद्यमशीलता और पूंजीवादी मूल्यबोध की गिरफ्त में आ चुके हैं। इसने इनके अंदर की सांस्कृतिक भूख और उसे पूरा करने के भावबोध को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# डीएम-एसपी ने जायस का किया भ्रमण, कहा- अफवाहों से बचे



बहादुरपुर में मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी।

संवाददाता, अमेठी

**मतदान केंद्र कंपोजिट विद्यालय बहादुरपुर का किया गया औचक निरीक्षण**

**अमृत विचार।** आगामी त्यौहार व लोकसभा चुनाव-2024 को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने व जुमा की नमाज के अवसर पर शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार द्वारा शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र जायस में शुक्रवार जुमा की नमाज को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में लोकसभा चुनाव व आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने का संदेश दिया गया एवं लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गई एवं ड्यूटी में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके उपरांत डीएम व एसपी ने कंपोजिट विद्यालय बहादुरपुर में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैंप, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कोषागार का औचक निरीक्षण कर जानकारी लेतीं डीएम निशा अनंत।

### डीएम ने कोषागार व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्थापित किए गए कंट्रोल रूम का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोषागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर, डबल लॉक, सिंगल लॉक आदि का निरीक्षण किया एवं सभी कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्थापित किए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

**हरगांव/सीतापुर,अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र के झरेखापुर मण्डल में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर होली मिलन समारोह मनाया। विधानसभा क्षेत्र के मण्डल झरेखापुर के बूथ ढोलई खुर्द, नेवादा बूथ, धरनाग,नौव्वा महमूदपुर, उल्जापुर मे होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुये। इस मौके पर अनुज शुक्ल, कौशलेंद्र सिंह,बाबूराम विश्वकर्मा, राजा बख्स सिंह,नवल किशोर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जगदीशपुर में पुलिस का फ्लैग मार्च

**अमेठी।** आगामी त्यौहार व लोकसभा चुनाव-2024 को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने व जुमा की नमाज के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी अमेठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा थाना जगदीशपुर पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सीआईएसएफ के साथ कस्बा जगदीशपुर में बाजार, भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों में फ्लैग मार्च किया। आम जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु संदेश दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी के साथ एडीएम।

## तमंचा, कारतूस के साथ युवक को दबोचा, भेजा जेल

**अमेठी।** थाना संग्रामपुर पुलिस ने पातीपुर नहर पुलिया के पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक शरद चन्द्र मिश्रा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान शिव शंकर मिश्र पुत्र अरुण कुमार मिश्र (21) निवासी ग्राम सोइया थाना संग्रामपुर को पातीपुर नहर पुलिया से भुसहरी रोड से गिरफ्तार किया गया।

## सार-संक्षेप

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**अमेठी।** थाना रामगंज पुलिस ने खरगापुर मोड़ के पास से एक तमंचा व एक अदद कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक चिन्तामणि तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद इजहार पुत्र जहीर आलम (24) निवासी जैतीपुर कठार थाना अन्तू जिला प्रतापगढ़ को खरगापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक अदद कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### आज परिषदीय विद्यालयों में बांटे जाएंगे रिपोर्ट कार्ड

**अमेठी।** जिले के सभी 13 विकास खंडों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में आज रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया जाएगा। कई विद्यालयों में कक्षा 8 और 5 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। कई शिक्षकों ने बताया कि 28 मार्च को वार्षिक परीक्षा समापन के बाद कक्षा 5 और कक्षा 8 के बच्चों का उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन न्याय पंचायत केंद्र और ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 29 मार्च को कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। शिक्षक बच्चों के रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में जुटे हुए हैं और दिन-रात मेहनत करके आज परीक्षा फल की घोषणा के साथ रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया जाएगा।

### मनाया गया सम्मान समारोह

**अमेठी।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय ठेंगहा, संग्रामपुर में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। शुरुआत सरस्वती जी के पूजन अर्चन व स्वागत गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणजय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जय प्रकाश द्विवेदी ने की। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. फूलकली गुप्ता, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कालेज अमेठी, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त उप बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं शशांक कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0क्षे0- संग्रामपुर, अमेठी उपस्थित रहे। अतिथि ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव सेवानिवृत्त उप बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा विद्यालय की साज-सज्जा, उन्नयन एवं समस्त छात्र छात्राओं हेतु सहयोग पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष मिश्र एआरपी ने किया। उक्त सफल कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रसाद, प्रधानाध्यापक, राजीव साहू एवं आशीष श्रीवास्तव सहायक अध्यापक रहे।

### मुख्तार अंसारी की मौत पर बसपा ने जताया दुःख

**अमेठी।** मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत की खबर शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुर्खियों में रही। जुमे की नमाज में मस्जिदों में आए तमाम रोजेदार वापस जाते समय मुख्तार अंसारी की मौत के बारे में चर्चा करते देखे गए। बहुजन समाज पार्टी ने मुख्तार अंसारी की मौत पर गहरा दु:ख जताया है और उनके परिजनों की शंका और आरोपों को संज्ञान में लेते हुए जेल में हुई मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर शुक्रवार को सबसे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती का ट्वीट सामने आया। उन्होंने एक्स पर जो लिखा उसे बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने सभी पदाधिकारियों को शेयर किया है।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय आदर्श सेवा समिति दिव्यांग विद्यालय के प्रांगण में भारतीय पुर्नवास परिषद सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी द्वारा सरस्वती देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आदर्श सेवा समिति के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने बताया कि सतत् पुर्नवास कार्यक्रम 29 मार्च से 31 मार्च सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तीन दिन तक निरंतर चलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश से करीब सैकड़ों प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें शिक्षको को दिव्यांगता के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं दिव्यांग छात्रों को नई तकनीकी से शिक्षित करने का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। उक्त अवसर पर संरक्षक रमाशंकर तिवारी, समन्वयक राज किशोर यादव, मुकेश कुमार, दुर्गेश, मनोज, विवेक मिश्रा, प्रशिक्षणार्थी राजेश कुमार शुक्ल, श्रद्धानन्द, अनूप तिवारी, पवन कुमार तथा चन्द्रभूषण सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### मेगा कैंप में वसूला गया दो लाख का बकाया विद्युत बिल

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे में शुक्रवार को उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए पावर कारपोरेशन ने एसडीओ के नेतृत्व में मेगा शिविर लगाया। उपखंड अधिकारी प्रशांत शेखर श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में बिजली उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से दो लाख रुपए का बकाया बिल जमा किया। 25 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गए तथा 66 उपभोक्ताओं का बिल संशोधन, छह उपभोक्ताओं का कनेक्शन घरेलू से कामर्शियल किया गया। कैंप में सैकड़ों उपभोक्ताओं की शिकायत का निस्तारण किया गया। शिविर में अवर अभियंता सहाबुद्दीन, कार्यालय सहायक जीशान, टीजीटू सिद्धार्थ, रवि प्रकाश, आदित्य, दुर्गेश पांडेय, ओमप्रकाश, दूधनाथ आदि रहे।

### रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** तेज धूप के कारण रोजाना तापमान में इजाफा होने लगा है। मार्च माह में ही रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे बगैर पंखे के रहना मुश्किल हो गया है। दिन का तापमान एकाएक बढ़ जाने से गर्मी दोगुना हो जाती है। जिससे आर्द्रता अधिकतम 86 व न्यूनतम 53 फीसदी हो गई है। मौसम में एकाएक बदलाव होने से गेहूं की फसल तेजी से पकने लगी है। जिससे अप्रैल माह से गेहूं की कटाई-मड़ाई का कार्य तेज हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि पूर्वी-पश्चिमी हवा चलने से औसत तापमान सामान्य के आसपास रहेगा।

### ग्रासरूट फुटबॉल के महाकुंभ की शुरुआत आज से

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रामरती इंटर कॉलेज में सुलतानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग 30 मार्च से आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता डेढ़ महीने तक चलेगी। जिसमें अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बच्चे खेलेंगे। प्रतियोगिता हर रविवार को खेली जाएगी। प्रदेश का दूसरा शहर सुलतानपुर है जो इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। ब्लू कब्स लीग ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन का एक प्रोजेक्ट है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना है। फुटबॉल कोच आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस लीग में कुल 11 टीम प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमे प्रयाग फुटबॉल अकादमी प्रयागराज, संगम सिटी फुटबॉल क्लब प्रयागराज, अवध फुटबॉल क्लब अयोध्या, थंडर फुटबॉल क्लब सुलतानपुर, भुलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़, तक्षशिला अकादमी अंबेडकरनगर और सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी की टीम प्रतिभाग कर रही है। लीग मैच में अंकों के आधार पर चार टीमें अंडर 14 में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और अंडर 12 में टॉप दो टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### सर्राफा व्यापार मंडल का होली मिलन कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सर्राफा व्यापार मंडल समिति की ओर से होली मिलन समारोह रविवार को दरियापुर स्थित एक मैरिज लान में आयोजित किया गया है। इस दौरान साल भर किए गए कार्यों का लेखा जोख के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष देबी प्रसाद सोनी व महामंत्री नवीन कुमार अग्रहरि ने दी हैं।

# सभी को एकजुट रहने का संदेश देता है होली मिलन



होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद भाजपाई।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला अंबर संराय में मोदी का परिवार के तत्वावधान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रमेश बाजपेई ने किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि, होली का पर्व हमें आपसी भाईचारे का संदेश देता है। सभी लोग आपस में मिलकर रहे और किसी से भेदभाव न करे। इस मौके पर मनमोहन गुप्ता ने कहा कि मोदी के परिवार के तहत आयोजित होली मिलन समारोह सभी को एकजुट रहने का संदेश देता है, सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहारों को मनाएं। होली मिलन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, बंशीधर पाठक, मनमोहन गुप्ता, प्रमोद अवस्थी, महेन्द्र मिश्र, विनोद बाजपेई सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंप हाउस से इनवर्टर व दो बैटरी चोरी

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। चोर आए दिन घटना को अंजाम देकर पुलिस की गस्त की पोल खोल रहे हैं। बीते गुरुवार की रात जरौटा पानी टंकी पंप हाउस को निशाना बनाते हुए चोर पंप हाउस के छत पर चढ़कर चेंबर का ढक्कन हटाकर कमरे में दाखिल होकर इनवर्टर और दो बड़ी बैटरी चोरी कर ले गए, सुबह पानी की सप्लाई चालू करने पहुंचे पंप ऑपरेटर ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए संग्रामपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई। वहीं इनवर्टर और बैटरी चोरी होने से ग्रामीणों को दी जा रही पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गांव का है। जहां गुरुवार की देर रात्रि नवनिर्मित पानी टंकी पम्प हाउस को निशाना बनाते हुए चोरों ने छत से चेंबर के माध्यम से कमरे में दाखिल होकर इनवर्टर और दो बैटरी चोरी कर ले गए। पंप ऑपरेटर ने तत्काल सूचना कंपनी के संबंधित कर्मचारियों व पुलिस को दी। संग्रामपुर थानाध्यक्ष श्रीराम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जांच की जा रही है।

# नैमिषारण्य से जुड़ी मिश्रिख लोस सीट का है अपना महत्व

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मिश्रिख के सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी अशोक रावत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ विजय हासिल करने जा रही है। मिश्रिख सनातन धर्म से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 सीटें जीतने जा रही है ऐसे में धर्म क्षेत्र नैमिषारण्य से जुड़ी मिश्रिख लोकसभा सीट का विशेष महत्व है।

आज मिश्रिख क्षेत्र से साधु संत व आमजन भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने का आशीर्वाद दे रहे हैं, जिससे 4 जून को भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र का भी कमल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गले में पड़ी विजय माला में खिलता दिखेगा। इस अवसर पर मिश्रिख विधायक राम कृष्ण भार्गव लोकसभा प्रभारी राम निवास यादव, लोकसभा संयोजक अशोक सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, जिला महामंत्री रोहित सिंह, मिश्रिख ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे, नगर पालिका मिश्रिख चेयरमैन प्रतिनिधि बब्लू सिंह, गोंदलमऊ ब्लॉक प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, मछरेहटा ब्लॉक प्रमुख विजय भार्गव सहित सभी पार्टी के मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



चुनाव कार्यालय का उदघाटन करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

## 61 की जगह खुल गए 83 गेहूं क्रय केंद्र, पर बोहनी अब तक नहीं हुई

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के किसानों की गेंहू की खरीद के लिए खोले गए क्रय केन्द्रों पर अब तक बोहनी नहीं हो सकी है। जिले में पहले कुल 61 क्रय केन्द्र बनाए गए थे। अब उन्हें बढ़ाकर 83 क्रय केन्द्र बना दिए गए हैं। वहीं अभी तक गेहूं बेचने के लिए 1747 किसानों ने पंजीकरण कराया है। बंटाई पर खेती करने वाले किसान भी इस साल क्रय केन्द्रों पर अपना गेहूं बेच सकेंगे।

जिले में एक मार्च से ही 61 गेंहू क्रय केंद्र के माध्यम से महकमे ने गेंहू खरीद का शुभारंभ किया था। जिसे अब बढ़ाकर 83 क्रय केंद्र कर दिया गया है। नए खुलने वाले 22 क्रय केन्द्रों में पीसीएफ के 14, नैफेड के दो, पीसीयू के 6 क्रय केन्द्र शामिल है। लेकिन अभी तक किसी भी क्रय केंद्र पर बोहनी नहीं हुई है। बताते चलें कि जिले को गेहूं खरीद का लक्ष्य 57 हजार एमटी निर्धारित किया गया है। सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं का समर्थन मूल्य 2,275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित है। किसानों को 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से लगने वाला शुल्क का भुगतान भी इस बार गेहूं के मूल्य के साथ किसानों को आनलाइन खाते में भेज दिया जाएगा।

# मुख्तार की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** माफिया मुख्तार अंसारी का दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के बाद शासन के आदेश पर जिला प्रशासन अलर्ट है। शुक्रवार को जिले में मिश्रित आबादी क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत पुलिस जिले के सभी थाना क्षेत्र में सक्रिय रहीं।

मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ चेकिंग में रहे। समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस की सोशल मीडिया सेल टीम भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखे है। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी अराजक सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। पुलिस चुस्ती व मुस्तैदी से अपना काम करेगी।



फोर्स के साथ मस्जिदों के आसपास निरीक्षण करतीं एसडीएम बल्दीराय।

# पहले बेची जा चुकी जमीन का दोबारा कर दिया बैनामा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** दो सगे भाइयों ने अपनी जमीन का बैनामा कर दिया था। बड़े भाई की मौत के बाद छोटे भाई ने भतीजे के साथ फर्जी तरीके से उसी जमीन का फिर से बैनामा कर दिया। पहले बैनामेदार को जब मामले की जानकारी हुई तो कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर चाचा भतीजा पर धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली के गोराबारिक निवासी हसीना बेगम ने सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर किया। महिला का आरोप है कि उसने वर्ष 2006 में मो रईस खान व मो हारुन खान से बैनामा लिया था। जिस पर वह काबिज है। आरोप है कि मो रईस की मौत के बाद उनके भाई हारुन खान अपने भतीजे नदीम को मिलाकर उसी जमीन की दोबारा बैनामा कर दिया। अब जमीन खाली करने का दबाव बना रहे हैं। 24 जनवरी को जमीन खाली कराने गए चाचा भतीजे ने उसको मारा पीटा। साथ ही जमीन खाली न करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। महिला का आरोप है इसकी शिकायत नगर कोतवाली में की, कोई कार्यवाही नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि नदीम व मो हारुन के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पूर्व विधायक सफदर रजा ने विशेष कोर्ट में दर्ज कराया बयान

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में पूर्व विधायक सफदर रजा ने एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट शुक्रवार को अपना सफाई साक्ष्य का बयान दर्ज कराया।

पूर्व विधायक ने लगाए गए आरोपों से इंकार करते हुए राजनीतिक रंजिशन केस दर्ज कराने की बात कही। बचाव पक्ष के वकील हसन अली व राम अवध यादव ने बताया कोर्ट ने शेष सफाई साक्ष्य के लिए एक अप्रैल की तारीख नियत की है।

एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भाईं लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था ।

### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में शुक्रवार को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख एक अप्रैल नियत की है। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### विरोधाभासी साक्ष्यों से बरी हुआ आरोपी

**सुलतानपुर :** धनपतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की का अपहरण और दुराचार करने के मामले में गवाहों के विरोधाभाषी बयान के कारण आरोपी सोनू कोरी को पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने बरी कर दिया है। आरोपी के वकील सन्तोष पांडेय ने बताया कि 13 मार्च 2023 को स्कूल गई नाबालिग पुत्री का अपहरण और दुराचार करने के आरोप में पीड़िता की मां ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# पढ़ना लिखना ही नहीं, बच्चों को अच्छे संस्कार भी देता है शिक्षक

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में आगामी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद अनवर अली ने की और संचालन संकुल शिक्षक राजेश कुमार वर्मा ने किया।

इस मौके पर वक्ताओं ने समाज और देश के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका और महत्व पर चर्चा की और सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षिकों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए केआरपी अनवर अली ने कहा कि, शिक्षक बच्चों को सिर्फ पढ़ना लिखना ही नहीं सिखाता, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, अनुशासन और जीवन में आने वाली चुनौतियां का बेहतर ढंग से सामना करने के लायक बनाता है जिससे वह बेहतर नागरिक बनकर अच्छे समाज के निर्माण और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।इसलिए शिक्षक को समाज और आने वाली पीढ़ी का शिल्पकार कहा जाता है उन्होंने कहा कि, सेवा निवृत्त होने के बाद भी शिक्षक अपने कार्य और व्यवहार से बेहतर समाज के निर्माण में मदद करता रहता है। संकुल शिक्षक रामचन्द्र वर्मा एवं जुबेर वारिस ने अपने सम्बोधन में कहा कि संसार में सदैव शिक्षक का सम्मान और महत्व रहा है।कार्यक्रम में सेवा निवृत्त हो रहे शिक्षक नईमुल्ला खां एवं मनोकामनी वर्मा को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर संकुल शिक्षक मोहम्मद आमिर, रईस अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कविता वर्मा, बुनियाद हुसैन अंसारी, मोहम्मद असद सिद्दीकी, उमेशचंद्र, सरोज कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।



सेवानिवृत्त शिक्षिका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते शिक्षाविद।

## सार-संक्षेप

### स्टार प्रचारक बनाये गए प्रमोद, समर्थकों ने जताई खुशी



**लालगंज प्रतापगढ़ | अमृत विचार :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को लोकसभा चुनाव में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा राजस्थान प्रदेश में पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ जिले के कांग्रेसी दिग्गज प्रमोद तिवारी के स्टार प्रचारक बनाए जाने की जानकारी पर यहां कार्यकताओं व समर्थको ने शुक्रवार को खुशी जताई। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को पार्टी की ओर से निर्गत किये गये पत्र के तहत प्रमोद तिवारी को स्टार प्रचारक बनाये जाने की जानकारी यहां पर मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी। कैम्प कार्यालय पर लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू समेत कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रमोद तिवारी को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर खुशी जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

### आजीविका मिशन के तहत समूह के महिलाओं को दिया प्रशिक्षण




**हलिया (मिर्जापुर) | अमृत विचार :** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह के बीरपुर स्थित एक आश्रम परिसर में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन द्वारा समूह के महिलाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजक भारतीय स्टेट बैंक शाखा हलिया द्वारा आयोजित किया गया। आजिविका मिशन समूह की उपस्थिति महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हलिया ब्लाक के ब्लाक मिशन प्रबंधक रामदयाल ने महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि समूह का गठन कर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के लिए बैंक से लोन ले सकते हैं। ऐसे में महिलाएं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर लाभ उठा सकती है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा हलिया के फिल्ड आफिसर अश्वनी मौर्य ने कहा कि समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक से सीसीएल खाता खोला जा रहा है । शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक हलिया भूप सिंह सोनल ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा हलिया से अब तक अस्सी लाख रुपए का ऋण समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिया जा चुका है। सात से दस महिलाएं मिलकर एक समूह का गठन कर सकती हैं। प्रशिक्षण के समापन की घोषणा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरजमणि कुशवाहा ने समूह की महिलाओं का आभार व्यक्त कर किया ।इस दौरान आकाश, संगम मौर्य, रामदरश मौर्य, हरिशंकर मौर्य, शांति समूह बीरपुर की गीता मौर्य आदि मौजूद रहीं।

### गुणवत्ता के साथ पूर्ण हुआ मूल्यांकन : डीआईओएस

**प्रयागराज | अमृत विचार :** प्रयागराज के कुल आठ मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य आज पूर्ण हो गया है। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि मूल्यांकन केंद्र भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज प्रयागराज में 563 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना शेष है। उन्होंने बताया कि जनपद प्रयागराज में मूल्यांकन के लिए कुल 998887 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थी जिसमें से 998324 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर लिया गया है अवशेष उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 30 मार्च शनिवार तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है। मूल्यांकन के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं की रैण्डम चेकिंग भी कराई गयी जिससे कि मूल्यांकन के दौरान कोई गड़बड़ी न होने पाये।

### कर वसूलने पहुंची टीम, व्यापारी ने छत से कूदने की दी धमकी

**नैनी प्रयागराज | अमृत विचार :** नगर निगम जोन पांच की एक महिला अधिकारी शुक्रवार को यमुनानगर के नैनी में बकाया हाऊस टैक्स वसूलने पहुंची। जिसे देखने के बाद व्यापारी ने छत से कूदने की धमकी दे दी। मामला गरमाया तो व्यापारियों ने महिला अधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगा दिया ।जिसके बाद काफी देर तक हंगामा चला। उस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल ने अन्य व्यापारियों के साथ कड़ा विरोध जताया है। बताया जाता है कि शंकर ढाल निवासी व्यापारी दीपक केसरवानी के घर शुक्रवार को नगर निगम जोन की महिला अधिकारी साधना दीक्षित अपनी टीम के साथ पहुंचीं थी। उनके साथ अन्य अधिकारी और गनर भी मौजूद थे। उन्होंने व्यापारी से बकाया हाउस टैक्स जमा करने को कहा। तो व्यापारी ने साफ शब्दों में कहा कि अभी हमारे पास रुपए नहीं है। आरोप है कि इस पर उनके साथ अभद्रता की गई और सरकारी गाड़ी में बैठा लिया। उनको लेकर आधे घंटे तक घूमते रहे। इसके बाद व्यापारी ने इसकी सूचना पार्षद राकेश जायसवाल को दी तो वह मेवालाल बगिया पहुंचे और महिला अधिकारी से विरोध जताया। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स बकाया है। कोई हत्या का मुलजिम नही कि उसे पकड़कर ले जा रहे हैं। अभी यदि उसके पास रुपए नही हैं तो वह बाद मे इंतजाम करके जमा करेगा। इसके बाद व्यापारी को छोड़ दिया गया। वहीं जोन की अधिकारी साधना दीक्षित ने बताया की कर वसूली के लिए गयी टीम से अभद्रता की गयी है। पैसे न होने की बात पर व्यापारी छत से कूदने की धमकी दे रहे थे।

# गंगा नदी में स्नान कर रहे तीन दोस्त डूबे, एक का मिला शव

## कौशाम्बी से मानिकपुर के करेंटी घाट पर गंगा स्नान करने आये थे पांच दोस्त

संवाददाता, प्रतापगढ़/कौशाम्बी

**हादसा**

▶▶ दोस्तों की तलाश में जुटे स्थानीय नाविक, जलपुलिस और गोताखोर

**अमृत विचार :** कौशाम्बी और प्रतापगढ़ की सीमा पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के करेंटी घाट पर शुक्रवार की दोपहर गंगा स्नान करने कौशाम्बी जनपद के पांच दोस्त आये थे। जिसमें दो सुरक्षित रहे जबकि तीन युवक अचानक गंगा में समा गए। पुलिस और गोताखोर की खोजबीन में एक युवक का शव मिल गया, जबकि दो की तलाश जारी है। हादसे की सूचना पर कौशाम्बी और प्रतापगढ़ दोनों जनपद के अफसर पहुंचे। खबर मिलने के बाद घाट पर पहुंचे परिजन दहाड़ मारकर रोते रहे।

जनपद कौशाम्बी के सिराथू तहसील क्षेत्र के पांच युवक शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे अभिषेक पटेल (18) पुत्र राम प्रकाश पल्टीपुर कोखराज, आदित्य जायसवाल( 20)पुत्र वीरेंद्र बम्हरली कोखराज, शुभम (19)पुत्र आत्माराम बसावनपुर कोखराज अपने साथी अभिषेक कुमार (22)पुत्र धनुष राम बसावनपुर व शशांक पाल (23) पुत्र बृजेश पाल, निवासी बसावनपुर के साथ करेंटी घाट मानिकपुर पर गंगा स्नान करने पहुंचे। शशांक पाल और अभिषेक कुमार ने नहाने के लिए कपड़े उतार रहे थे, तभी गंगा में स्नान करने के लिए अभिषेक पटेल आदित्य जायसवाल व शुभम पहले ही कूद पड़े। नहाते हुए वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर मचाते हुए अभिषेक और शशांक भी बचाने के लिए पानी मे कूद पड़े। शोर सुनकर आये लोगों ने अभिषेक व शशांक को बाहर कर छोटी नाव से ढूढंना शुरू किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। हादसे की खबर पर युवकों के परिजन दहाड़ मारते हुए करेंटी घाट पर पहुंचे।डीएम कौशाम्बी राजेश कुमार राय के निर्देश पर एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार संजय कुमार घाट पर पहुंचे। डीएम प्रतापगढ़ संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल ने भी मामले की जानकारी ली। एसओ मानिकपुर जयचंद भारती मयफोर्स पहुंचे। कुछ देर बाद एएसपी संजय राय पहुंचे। नाविकों के साथ जल पुलिस व गोताखोर युवकों की खोजबीन में जुट गए, शाम को आदित्य जायसवाल का शव मिला लेकिन दो युवकों का पता नहीं चल सका।मानिकपुर और कोहराज थाने की पुलिस भी बचाव कार्य में जुटी रही। तीन युवकों की गंगा में डूबने की खबर पर घाट पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद रही। थानाध्यक्ष मानिकपुर जयचंद भारती ने बताया कि पांच युवक गंगा स्नान कर रहे थे। दो सकुशल हैं। तीन में एक का शव मिला है, दो की खोजबीन की जा रही है।

### मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हाई अलर्ट

## प्रयागराज में जुमे की नमाज को लेकर बढ़ाई गई सुरक्षा



संवेदनशील इलाकों में मुस्तैद जवान। अमृत विचार

**संवाददाता, प्रयागराज | अमृत विचार :** पूर्वांचल के माफिया मुख़्तार अंसारी की गुरूवार रात बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल अस्पताल में हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद समूचे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी करते हुए धारा 144 लागू कर दिया गया। मुख़्तार की मौत के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किये गये है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद प्रयागराज में भी हाई अलर्ट जारी हुआ है। देर रात से ही प्रयागराज के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर दी है। पुलिस और आरएएफ के जवान लगातार फ्लैग मार्च कर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। जुमे की नमाज को लेकर बरती जा रही सतर्कता मे ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गयी। इलाके में देर रात ही पूरे यूपी में धारा 144 लागू कर दी गई थी। कोतवाली क्षेत्र के चौक में गो भारी पुलिस फोर्स तैनात किये गये हैं। शुक्रवार को जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए जामा मस्जिद के पास भारी संख्या में पुलिस के साथ आरएएफ और पैरा मिलेट्री फोर्स को लगाया गया है। साथ मुस्लिम इलाको में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

### मास्टर ट्रेनर्स लोकसभा चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी : सीडीओ

**संवाददाता, प्रतापगढ़ | अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम दिन मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण अफीम कोठी सभागार में दिया गया। जिसमें सुपर मास्टर ट्रेनर्स डॉ. विंध्याचल सिह, डॉ मो .अनीश, एआरपी धर्मेंद्र ओझा, टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप में अशोक शुक्ल, नसीमुद्दीन रहे। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सीडीओ/ प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को छोटे-छोटे समूहों में रखा गया, जिससे कि अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और ईवीएम मशीन पर प्रेक्टिकल करके अनुभव प्राप्त करे। सभी मास्टर ट्रेनर लोकसभा चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इस अवसर पर डीडीओ राकेश प्रसाद ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स बहुत अनुभवी हैं। सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ.मो. अनीस एवं धर्मेंद्र ओझा ने प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम संबंधित विशेष बिंदुओं जैसे सीआरसी क्या है, पीठासीन कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते हैं, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है आदि पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की ।इस दौरान डीआईओएस सरदार सिंह, बीएसए भूपेंद्र सिंह, प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, प्रिंसिपल आईटीआई कुंडा रुपेश शुक्ला, राहुल शर्मा, जेपी चौधरी, नीरज मिश्र व प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

# दिल्ली दूर नहीं, पर दिल्ली की दौड़ लगा रहे कई दिग्गज

संवाददाता, प्रयागराज

**लोकसभा चुनाव- 2024**

▶▶ प्रयागराज - फूलपुर की सीट पर टिकट के लिए मची ऊहापोह

**अमृत विचार:** प्रयागराज और फूलपुर सीट पर छठवें चरण यानी 25 मई को लोकसभा चुनाव होना तय है। अधिकारी निष्पक्ष मतदान करने में जुटे हुए हैं, लेकिन अभी तक किसी भी राजनीतिक पार्टियों ने अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कई दिग्गज नेता अलग-अलग पार्टियों से टिकट पाने के लिए दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं। इस दौड़ में पूर्व प्रत्याशियों के साथ कई पूर्व सांसद विधायक और पूर्व महापौर व मंत्री के नाम भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली यानी लोकसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगातार निर्वाचन अधिकारी बैठक कर रहे है। वही प्रयागराज और फूलपुर दोनो अहम सीट है। दोनों सीटों पर अभी किसी पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले है। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा से टिकट के दावेदार दिल्ली और लखनऊ में ही डेरा डाले हुए हैं। सभी पार्टी एक दूसरे के इंतजार में है कि कौना पहले प्रत्याशी घोषित करता है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी पार्टियों द्वारा प्रत्याशियों का पिटारा खोला जाएगा और प्रत्याशी के नाम की घोषणा की जाएगी। प्रयागराज और फूलपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए कूदने वाले बड़े प्रत्याशी अपना वाला भी बदलने को तैयार हैं। यही कारण है कि कुछ दावेदार दो से तीन पार्टियों के संपर्क में लगातार बने हुए है। उनका मानना है कि अपनी पार्टी से टिकट नहीं मिला तो वह दूसरी पार्टी में शामिल होकर टिकट लेंगे और चुनाव लड़ेंगे। सपा से गठबंधन के बाद प्रयागराज की सीट कांग्रेस के खाते में आई है। कांग्रेस किसी जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतारना चाहती है। वहीं भाजपा की ओर से भी प्रत्याशी को लेकर अभी बड़ा मंथन चल रहा है। सपा के दिग्गज नेता रेवती रमण सिंह अपने बेटे उज्जवल अमर सिंह के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। इलाहाबाद सीट कांग्रेस के खाते में आने के बाद माना जा रहा है कि उज्ज्वल रमण सिंह सपा छोड़कर कांग्रेस में आ सकते हैं। हलांकि अभी उज्ज्वल ने कांग्रेस की सदस्यता नहीं ली है। वहीं प्रयागराज की सीट के लिए कई दिक्कत नेता भाजपा से मांग रहे है। इसको लेकर शहर की पूर्व महापौर व कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी भी टिकट के लिए जोर आजमाईश कर रही हैं। वहीं वर्तमान सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी, ईडी के पूर्व निदेशक संजय मिश्रा, शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, नीलम करवरिया सहित कई बड़े नेता का नाम चल रहा है।

### यू-डायस पोर्टल पर कम नामांकन 6 हेडमास्टरों को प्रतिकूल प्रविष्टि

**संवाददाता, प्रतापगढ़ | अमृत विचार :** यू-डायस पोर्टल पर गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बच्चों का कम नामांकन होने पर बीएसए ने छह स्कूलों के हेडमास्टरों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। इन सभी से एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। जिन विद्यालयों के हेडमास्टरों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है उनमें कंपोजिट विद्यालय सदर बाजार, कंपोजिट विद्यालय सुलतानपुर, कंपोजिट विद्यालय ताजपुर, कंपोजिट विद्यालय तौकलपुर, प्राथमिक विद्यालय साहबगंज तथा कंपोजिट विद्यालय आसपुर देवसरा के हेडमास्टर शामिल हैं। कंपोजिट विद्यालय सदर बाजार में यू डायस पोर्टल के अनुसार इस वर्ष 114 बच्चों का नामांकन हुआ है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 97 कम है। इसी प्रकार कंपोजिट विद्यालय सुलतानपुर में वर्तमान में 159 बच्चों का नमांकन हुआ है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 127 कम है। कंपोजिट विद्यालय ताजपुर में वर्तमान में 468 नामांकन हुआ है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 92 कम है। कंपोजिट विद्यालय तौकलपुर में इस वर्ष 143 नामांकन हुआ है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 103 कम है। प्राथमिक विद्यालय साहबगंज में इस वर्ष 265 बच्चों का नामांकन हुआ है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 95 कम है। कंपोजिट विद्यालय आसपुर देवसरा में इस वर्ष 366 बच्चों का नामांकन हुआ है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 132 कम है। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सभी छह स्कूलों के हेडमास्टरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### जहरीले जंतु के काटने से बालक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर) | अमृत विचार :** हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा अतरी दक्षिण गांव निवासी भूपेंद्र तिवारी उर्फ बड़कू का 7 वर्षीय ध्यान तिवारी घर के बाहर सूखाने के लिए डारा से कपड़ा को निकाल रहे थे कि उसी दौरान कपड़े में मौजूद बिच्छू ने डंक मार दिया जिससे बालक की हालत बिगड़ने पर परिजनों उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है जहां पर लेकर जाने पर वहां से भी चिकित्सक ने रेफर कर दिया जिस पर परिजन प्रयागराज लेकर गये जंहा पर उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। परिजनों ने बालक को घर लाकर शव का दाह-संस्कार कर दिया है।

## वर्ग पहेली-24

**बाएं से दाएं**

2. 1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।
4. 1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण
5. 1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।
6. सुपाड़ी, पुंगीफल।
8. 1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।
9. 1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।
3. 1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।
5. वह जो नल लगाता
7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।



### वर्ग पहेली -23 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ठा | 2 कु | री | ■ | 3 जु | आँ |
| ■ | ■ | सु | ■ | 4 औ | ■ | ■ |
| 5 अ | ■ | मां | ■ | ढ | ■ | 6 म |
| 7 मि | ज़ा | ज | दा | र | ■ | नो |
| ता | ■ | लि | ■ | 8 दा | दु | र |
| ■ | ■ | ■ | ■ | नी | ■ | मा |
| 9 अ | प | ना | ना | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

### सुडोकू -102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

# निराश्रित गोवंश को आश्रय प्रदान कर रही है सरकार

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के निराश्रित गोवंश को संरक्षण प्रदान कर रही है। गोवंश के संरक्षण के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना से पशु पालकों और किसानों की आय में बढ़ोत्तरी भी हो रही है। प्रयागराज जनपद में जो लक्ष्य रखा था उससे अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

प्रयागराज जिले ने निराश्रित गोवंश को आश्रय प्रदान करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इसे लेकर गोवंश पालक और किसान भी सहयोग कर रहे हैं। जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक़ जनपद में शासन द्वारा इस योजना के लिए 28,816 निराश्रित गोवंश के संरक्षण का लक्ष्य रखा गया था । फरवरी 2024 तक जनपद में 32,824 निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया गया है। इस तरफ जनपद ने गोवंश संरक्षण का 113.93 फीसदी हासिल कर लिया है।



▶▶ जिले में 120 गो आश्रय स्थलों का हुआ निर्माण

▶▶ जिले में गोवंश का शत प्रतिशत लक्ष्य हुआ हासिल

### संरक्षित गोवंश की टैगिंग का कार्य पूरा

जनपद ने निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए कुल 129 गो आश्रय स्थल क्रियाशील हैं। सीवीओ प्रयागराज डॉक्टर अनिल कुमार के मुताबिक जनपद में 32,685 आश्रित गोवंश के ईयर टैगिंग का कार्य भी पूरा हो चुका है। इस तरह जनपद में ईयर टैगिंग का 99 .59 फीसदी का लक्ष्य पूरा हो चुका है।

### छुट्टा पशुओं की समस्या से मिली निजात

सरकार के इस प्रयास में गोवंश के संरक्षण के लिए गोशाला, अस्थायी गो आश्रय स्थल ,कान्हा गो शाला और कांजी हाउस का सहयोग लिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जनपद प्रयागराज में इस योजना के तहत सबसे अधिक गोवंश का संरक्षण अस्थायी गोवंश स्थल में किया गया है जिनकी संख्या 16,880 है । जिले में 117अस्थायी गो वंश स्थल और तीन स्थायी वृहद गो वंश स्थल बनाये गए है । जिले में परानीपुर में चौथी वृहद स्थाई गौशाला का निर्माण हो रहा है जिसकी क्षमता 600 है। इसके अलावा कान्हा गौशाला ,पंजीकृत गौशाला में और अपंजीकृत गौशाला में भी गो वंश का संरक्षण किया गया है ।इस तरह जिले में आवारा पशुओं की समस्या से पूरी तरह निजात मिल गई है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

**वृष:** आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

**कर्क:** आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

**सिंह:** आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

**कन्या:** आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

**तुला:** आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

**धनु:** आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

**मकर:** आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन:** आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

एक और एक ग्यारह
सुबह : 11.17

धड़कन
रात : 07.00

सीक्रेट सुपरस्टार
सुबह : 10.51

बुलंदी
शाम : 05.01

ब्राइटबर्न
सुबह : 11.42

वेनम
रात : 07.30

बच्चन पांडे
सुबह : 08.40

सिंबा
रात : 08.20

हिडिंभा
सुबह : 10.51

रथथम
शाम : 04.18

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक -बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

## एक नजर

### यूपी पुलिस ने 68 कुख्यात अपराधियों को दिलाई सजा

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी पुलिस के स्तर पर 2020 से 68 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनके मुकदमें में पैरवी लगातार की जा रही है। पुलिस ने विचाराधीन मुकदमों में विशेष पैरवी कराकर 54 अभियोगों में 25 चिन्हित अपराधियों व 44 सह अपराधियों (गैंग सदस्यों) को दोष सिद्ध कराया है। जिसमें दो को मृत्युदंड की सजा तथा अन्य अपराधियों को आजीवन कारावास और सश्रम कारावास जैसे दंड दिया है। जिन अपराधियों को सजा मिल चुकी है उनमें मुख्तार अंसारी (मृत) के अलावा विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सोहराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमित कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब, कुरैसी, बच्चू यादव, धर्मेंद्र कीर्टल, रणदीप भाटी, संजय सिंह, अनुपम दुबे, विक्रांत उर्फ विक्की और ऊधम सिंह जैसे अपराधी शामिल हैं।

# मुख्तार ने जिनकी हत्याएं कराई, उनके परिजन खुश

### ▶ अलका राय ने बेटे के साथ किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन, कहा- हम बहुत खुश हैं, बाबा की कृपा है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते स्व कृष्णानंद की पत्नी और पुत्र। अमृत विचार


मुख्तार की मौत की खबर मिलने के बाद बेटे विकास ने पिता मन्ना सिंह की फोटो पर पहली बार माला चढ़ाया, वहीं पत्नी के छलके आंसू।

**अमृत विचार :** मुख्तार अब नहीं है, उसकी मौत का एक-एक पल कितना दर्दनाक रहा होगा, कल्पना करना परिवार और समर्थकों को पीड़ा से भर देता है। लेकिन, मुख्तार की वजह से जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े, बच्चों से बाप का साया छिना, उनके लिए मुख्तार की मौत की खबर सुकून देने वाली रही।

19 साल पहले ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी किए गए भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय और बेटे पीयूष राय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मामले में भी मुख्तार बरी हो चुका था। अलका राय ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है। महाराज योगी जी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था, लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, उसका अंत हो गया। वहीं, पीयूष ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खुशी का दिन है और ये दिवाली से कम नहीं है। मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर, मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।

**▸▸ विकास ने पिता मन्ना की फोटो पर पहली बार चढ़ाया फूल- माला**

ऐसा ही माहौल मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह उर्फ अजय प्रकाश सिंह और उनकी हत्या के गवाह राम सिंह मौर्य और गनर की 2009 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना में भी बरी हुए मुख्तार की मौत को लेकर है। मन्ना सिंह के बेटे विकास सिंह ने पिता की फोटो पर पहली बार माला और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार वाले खुशी के आंसू रोए।

## प्रतिक्रिया


आज का दिन मेरे लिए खुशी का है और होली-दिवाली से कम नहीं है। मैं बाबा विश्वनाथ और गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा। उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर। जो जैसा करता है, उसका फल उसे मिलता है।
**-पीयूष राय (पुत्र स्व. कृष्णानंद राय)**


इलाज के नाम पर प्रशासन ने ड्रामा ही किया है। दो दिन पहले भी इलाज के नाम पर खानापूरी कर पिता को जेल की तन्हाई में डाल दिया गया था। जहर देने का आरोप हमारी ओर से नहीं बल्कि पिता की ओर से ही लगाया गया था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। मुझे प्रशासन पर नहीं, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।
**-उमर अंसारी (पुत्र स्व. मुख्तार अंसारी)**


गाजीपुर की अवाम ने अपने चहेते बेटे और भाई को खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया था कि उन्हें जहर दिया गया है, बावजूद इसके सरकार ने उनके इलाज पर ध्यान नहीं दिया जो कि निंदनीय और अफसोसजनक है।
**-असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम प्रमुख)**


मेडिकल जांच हो चुकी है, न्यायिक जांच होगी। आज कल 25-35 साल के लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है। जो भी हुआ है वो सच सामने आ जाएगा। सपा, कांग्रेस और बसपा बताए उन्हें कौन संरक्षण देता था, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।
**-अनुराग ठाकुर (केंद्रीय मंत्री)**


लोग जो संदिग्ध हालात में मौत की बात कहते हैं, वो जांच का विषय है। जांच में सत्यता के आधार पर बयान करना चाहिए। आज के दिन विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट पर ही विश्वास किया जा सकता है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।
**-संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री)**


सभी को मुख्तार की मौत से जुड़ी अफवाह से बचना चाहिए। मेरे डीजीपी रहते हुए भी मुख्तार को लेकर ऐसी मनगढ़ंत कहानियां बनाई जाती थीं। वो पहले भी बीमार रहता आया है। राज्य में इस समय शांति का माहौल है उसे किसी को भंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।
**-ओपी सिंह (पूर्व डीजीपी)**


मुख़्तार की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने न्यायालय में अर्जी देकर पहले ही जहर देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मौजूदा व्यवस्था में तो न जेल में कोई सुरक्षित, न पुलिस कस्टडी में और न अपने घर में। प्रशासनिक आतंक का माहौल पैदा करके लोगों को मुंह बंद रखने को विवश किया जा रहा है।
**-रामगोपाल यादव (सपा नेता)**


पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की सांस्थानिक हत्या हुई है। कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसा है।
**-पप्पू यादव (कांग्रेस नेता)**

# मुख्तार की मौत के बाद शुरू हुई वोट बैंक की राजनीति

### सपा, बसपा व कांग्रेस मुसलमानों को साधने में जुटी, हिंदू वोट सहेज रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद वोट बैंक मजबूत करने के लिए सियासत भी तेज हो गई है। सबसे पहले सवालों की बौछार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुरू की, देखते ही देखते बसपा प्रमुख मायावती, कांग्रेस समेत तमाम दलों और नेताओं की ओर सरकार पर आरोप और जांच की मांग शुरू हो गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष ने जैसे ही मुसलमान वोट साधने की कवायद तेज की, भाजपा ने मुख्तार की जरायम की दुनिया गिनाने के साथ मारे गए लोगों की संवेदनाओं के जरिए हिंदू वोट बैंक सहेजना शुरू कर दिया है।

माफिया मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जुमा की नमाज की वजह से प्रदेश में हाई अलर्ट रहा। मुख्तार अंसारी की मौत ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव की तपिश तेज है। मुख्तार की मौत के सहारे विपक्षी दलों की कोशिश मुस्लिम वोटों के विश्वास को जीतना है, क्योंकि मुख्तार मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पूर्वांचल के कई जिलों में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में हैं।

अखिलेश यादव से लेकर मायावती तक मुस्लिम वोटों को सियासी संदेश देने के लिए ही मुख्तार की मौत पर सवाल खड़े कर सरकार को घेर रहे हैं। इसके बहाने यह बताने की कोशिश हो रही है कि मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं है बल्कि एक साजिश के तहत उसे मारा गया। ऐसा मुस्लिम समुदाय के लोग मान भी रहे हैं, जिसे समझते हुए विपक्षी दल सरकार को घेर रहे हैं।

सरकार ने न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्री और नेता मुख्तार की मौत को स्वाभाविक बताते हुए विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी से लेकर बड़े नेता विपक्ष के गढ़े जा रहे नैरेटिव को तोड़ने के बजाय खामोशी अख्तियार किए हैं। चुप रहते हुए बहुसंख्यकों को राजनीतिक मैसेज दिया जा रहा है। मगर सोशल मीडिया में खूब सियासी दांव-पेच चल रहे हैं।

### 19 साल जेल में रहते हुए मुख्तार ने लड़े तीन चुनाव

मुख्तार को सियासत विरासत में मिली है। उनके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान 1926-27 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर उस्मान मुख्तार उन के नाना थे। मुख्तार के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी कम्युनिस्ट नेता थे। इतना ही नहीं पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी मुख्तार के रिश्ते में चाचा लगते हैं। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने पिता की तरह कम्युनिस्ट पार्टी से सियासी पारी शुरू की थी, लेकिन मुख्तार ने बसपा के हाथी पर सवारी कर सियासत में कदम रखा। पहली बार 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी मऊ से जीत हासिल की। 19 साल से अलग-अलग जेल में रहते हुए आखिरी तीन चुनाव जीते। बाद में मऊ की विरासत बेटे को सौंप दी। पूर्वांचल की राजनीति में मुख्तार अंसारी का उतना ही असर है जितना कि बिहार की राजनीति में शहाबुद्दीन का हुआ करता था। 2005 में बिहार की सत्ता के बदलते ही शहाबुद्दीन के बुरे दिन शुरू हो गए थे, वैसे ही उप्र. में 2017 में सत्ता बदलते ही मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने लगा था।

### जहां दफन हैं कई पीढ़ियां, वहीं सुपुर्द-ए-खाक होगा मुख्तार

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के परिवार में अब तक जितने भी पूर्वजों का इंतकाल हुआ है, सभी को दफनाया गया है। मुख्तार को भी इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। विधायक मन्नू अंसारी ने शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंच कर साफ-सफाई कराई। वे फोन पर उस जगह के लिए सांसद अफजाल अंसारी से दिशा निर्देश ले रहे हैं, जहां मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

### ऊपर वाला जरूर बदला लेगा : सिबगतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह ने कहा कि रात में मुख्तार की हालत खराब होने की सूचना हम लोगों को मिली थी। वह अपने पतन का एहसास करते रहे। सबको बताते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह सब एक साजिश के तहत हो रहा था। मुख्तार के शरीर को आप देखेंगें, कोई नहीं कहेगा कोई बीमार इंसान पड़ा है। लगेगा कोई सो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कोई खड़ा न हो पाए, उसे पहले मिटा दो.. ये राजनीति हो रही है आजकल। अब कोई जेल में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला बदला जरूर लेगा।



**▸▸ माफिया को 'मुजाहिद' बताते थे समर्थक, देश-विदेश के मौलानाओं से था रिश्ता**

## मुन्ना बजरंगी की तरह मुझे मारने का हो रहा षड़यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा विधायक, पुलिस अधिकारियों पर लगाए आरोप**

**▸▸ सपा, बसपा और कांग्रेस ने व्यवस्था पर सवाल उठा सरकार को कठघरे में खड़ा किया**

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र चर्चा का विषय बन गया। मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को यह पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) को लिखा गया था। पत्र में मुख्तार ने जम्मू एंड कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा समर्थित एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा विधायक सुशील सिंह, एसटीएफ मुखिया अमिताभ यश और प्रमुख सचिव गृह पर जेल में मरवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

मुख्तार अंसारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा कि शासन ने प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी को जेल में ही गोली से मरवाया था। यही नहीं भाजपा सरकार ने कई लोगों को जेल में मरवा दिया। मुन्ना बजरंगी की तर्ज पर मुझे भी जेल में ही मारने की साजिश चल रही है। पत्र में मुख्तार ने लिखा था कि उक्त सभी लोग साजिशकर्ता हैं। सरकार के निर्देश पर मुझे मारने की साजिश चल रही है। अतः मेरी प्राणरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

वायरल पत्र को विपक्ष के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर कर मुख्तार की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने सरकार से सवाल पूछे और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

## रमजान में माफिया अतीक और मुख्तार का अंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 2023 में 22वें रोजा को अतीक और अशरफ की हुई थी हत्या**

**अमृत विचार :** रमजान के पाक महीने में दो बड़े माफियाओं का अंत हुआ। इसे कुदरत का न्याय कहें या कुछ और। पर, सच यही है कि दोनों का अंत रमजान माह में हुआ। 2023 के 22वें रोजा को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। इस साल 17वें रोजा को मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोनों माफियाओं की मौत में कई समानताएं भी हैं। दोनों की मौत जेल में बंद रहने के दौरान हुई। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 की तीन हमलावरों ने प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी। उस वक्त दोनों भाई पुलिस रिमांड में थे। उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल लाया गया था। मुख्तार अंसारी भी पिछले ढाई साल से बांदा जेल में बंद था। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। इलाज के बाद उसे बांदा जेल भेज दिया गया। गुरुवार को रमजान का 17वां रोजा था। इसी दिन दोपहर जेल में मुख्तार की तबियत बिगड़ी, जेल अस्पताल में उसका इलाज शुरू हुआ। देर शाम को हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई।

## वरिष्ठ अधिकारी सड़क पर, एडीजी लेते रहे अपडेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


"पूरे प्रदेश में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय थे। देर शाम तक किसी भी तरह की अनहोनी की कोई सूचना नहीं थी। जुमे की नमाज भी सकुशल संपन्न हुई।
**- अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था**

**▸▸ कई जिलों में तैनात रही आरएएफ, मस्जिदों के आसपास पूरे दिन निगहबानी**

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को पूरे यूपी में अलर्ट रहा। प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर और लखनऊ में पैरामिलेट्री फोर्स ने फ्लैगमार्च किया। मऊ, गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लागू कर दी गई। प्रदेश के लगभग सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई।

लखनऊ के चौक इलाके में आरएएफ की तैनाती रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह ही पुलिस तैनात कर दी गई थी।

प्रयागराज में पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले धर्मगुरुओं से बातचीत कर शांति पूर्वक नमाज पढ़ाकर वापस घर भेजने का अनुरोध किया। यहां पूरे जोन जोन और कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया था। एडीजी भानु भास्कर ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए और लगातार पल-पल की अपडेट लेते रहे। आगरा में जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद के पास पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। कानपुर के बिरहाना रोड पर सुबह से ही पुलिस ने पैदल मार्च करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने गंदे पड़े सीसीटीवी को भी साफ कराया।

अलीगढ़ में आईजी रेंज शलभ माथुर स्वयं एसएसपी के साथ शहर का भ्रमण करते रहे। वाराणसी में पुलिस ने डीआईजी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। राजधानी लखनऊ में कमिश्नरेट पुलिस पूरे दिन सक्रिय रही जबकि मऊ, गाजीपुर और बांदा में जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार कानून व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाले रहे।

**राजनीति** | बसपा-भाजपा गठबंधन में पहली बार विधायक बने मुख्तार पर चढ़ा था सत्ता का नशा

# मुख्तार को डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का रहा हाथ

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**▸▸ योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री न बनते तो माफिया डॉन पर लगाम कसना होता बहुत कठिन**



### राजनीतिक आकाओं ने हमेशा दिया संरक्षण

मुख्तार को राजनीतिक दलों के संरक्षण पर बात होगी तो, भाजपा समेत सभी दलों का नाम आएगा। उसे सत्ता दल का नशा भाजपा-बसपा गठबंधन सरकार में ही पहली बार मिला था। वह 1996 में पहली बार विधायक बना था बसपा-कांग्रेस गठबंधन से। बाद में उसने भाजपा सरकार को निर्दल विधायक रहते भी समर्थन का पत्र दिया था। एक दौर ऐसा आया कि बड़े भाई अफजाल सपा की राजनीति में और मुख्तार बसपा की राजनीति में दोनों का सत्ता सुख भोग रहे थे। एक दौर वह भी था जब पांच बार के विधायक रहे मुख्तार ने कौमी एकता दल बनाकर सपा-बसपा दोनों को पूरे पूर्वांचल में एक भी सीट न जीतने देने के लिए ललकारा था। लेकिन सत्ता संभालने वाले तमाम बड़े नेताओं का मुख्तार को संरक्षण था, वह उनके साथ उठता-बैठता और जरूरत पर मदद करता था।

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी को माफिया डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का हाथ रहा है। अब योगी आदित्यनाथ ने दबंग और माफियाओं के प्रति सत्ता का रुख पूरी तरह बदल दिया , वरना एक दौर वह भी था, जब भाजपा के समर्थन से बनी मायावती सरकार में पहली बार बसपा विधायक बने मुख्तार अंसारी पर सत्ता का नशा का चढ़ा था। तब विहिप नेता नंद किशोर रुगंटा का अपहरण करके उनके शव को टुकड़ों में काटकर उसने ऐसा गायब किया था कि आज तक पता नहीं चला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय को गोली से उड़ा दिया। ऐसे तमाम जरायम का हिसाब लेने वाली ऐसी सरकारें नहीं थीं। पुलिस तो उसके आगे-पीछे घूमा करती थी।

बनती-बिगड़ती सरकारों में मुख्तार की तूती कभी कम नहीं हुई। योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री न होते तो, आज भी मुख्तार पर लगाम कसना बहुत कठिन होता। हालांकि शुरुआत में मुख्तार के आपराधिक कृत्यों से परिवार हमेशा खफा रहा। इसीलिए उसके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत बड़े भाई अफजाल अंसारी की लताड़ से शुरू हुई थी। लेकिन गाजीपुर से लेकर मऊ, वाराणसी, जौनपुर और सोनभद्र, लखनऊ, गोरखपुर या यूं कहें कि पूरा प्रदेश और बाद में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मप्र, बिहार आदि राज्यों तक उसका काली कमाई पर राज चलने लगा था। विरोध करने वालों को उसके शूटर कहीं भी निपटाने में देर नहीं करते थे।

कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर विहिप नेता रूंगटा की हत्या और ब्रजेश सिंह से कोयला-शराब, टैक्सी स्टैंड, मछली आदि कारोबार को लेकर दुश्मनी से वह खुद को मुसलमानों के बीच मुजाहिद की छवि पेश करने लगा। मुख्तार की एक जिद शुरू से अंत तक रही कि जो कोई भी उसके कमाई में रोड़ा बनेगा, चाहे वह कितना ही खास हो, मौत जरूर मिलेगी। कृष्णानंद राय के बाद ठेकेदार मन्ना, उनके मुनीब राम सिंह मौर्य रहे हों, या उसके पहले कि अनगिनत हत्याओं के पीछे एक जैसी कहानी है। इनमें कुछ तो ऐसे थे जिनके यहां मुख्तार पारिवारिक जुड़ा था।

**भाई ने सुधारने के लिए मऊ से चुनाव लड़वाया :** मुख्तार को सुधारने के लिए ही उसके बड़े अफजाल नें बसपा सुप्रीमो मायावती से बात करके मऊ से विधायक नसीम खान का टिकट कटवाकर उसे चुनाव लड़वाया। सांसद अफजाल अंसारी अक्सर मुख्तार के सामने इस बात को दोहराते थे कि जबसे वह जवान हुआ, आए दिन मारपीट की शिकायतों से परिवार परेशान रहता था। मेरे फाटक की इज्जत दादा मुख्तार अंसारी और नाना ब्रिगेडियर उस्मान से होती थी। पुलिस की हिम्मत नहीं होती थी कि सैल्यूट मारने के अलावा कभी किसी को पकड़ने यहां आए। वे कई बार खुद के जेल में बंद होने के पीछे मुख्तार को वजह मानते थे और समझाते भी थे। जबकि मुख्तार अंसारी को खुद के जेल में रहने से ज्यादा कष्ट तब महसूस करता था, जब अफजाल सलाखों के पीछे बंद होते थे।

# मुख्तार के काफिले से उड़ गया डर नाम का पंछी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**▸▸ कोयला व्यवसायी की हत्या कर मुख्तार ने अपराध की दुनिया में कमाया था नाम**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था मुख्तार अंसारी, लेकिन वह अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहता था। गिरफ्तारी के बाद पेशी या दूसरी जेल ले जाते समय पुलिस की सुरक्षा के साथ मुख्तार के साथियों की गाड़ियां भी दौड़ती थीं। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार ने अपने लिए एम्बुलेंस खरीद ली थी। बाराबंकी परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निजी एम्बुलेंस मुख़्तार को लाती ले जाती थी। मुख्तार ने अपनी सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रखे थे।

कोयला व्यवसायी नन्द किशोर रूंगटा का अपहरण कर रंगदारी वसूलने के बावजूद हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अपराध की दुनिया का मुख्तार बड़ा नाम बनकर उभरे। मुख्तार ऐसे पहले माफिया विधायक थे जिनकी जेल में समानांतर सरकार चलती थी। जेल में दरबार सजाने वाले मुख़्तार से मिलने क्षेत्र के 50 से ज्यादा लोग रोज आते थे। मुख्तार सबकी समस्याएं सुनकर किसी के लिए चिट्ठी लिखते थे तो किसी के लिए अधिकारी से फोन करते थे।

जेल में उसके लिए घर जैसी सुविधाएं की जाती थी। लखनऊ की जिला जेल में तो उसके लिए बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था। टीवी के लिए जेल के बाहर से केबिल कनेक्शन कोरेंटाइन बैरक तक लगाया गया था। एक डीआईजी मुख्तार के साथ जेल में काजू और कोल्डड्रिंक की दावत करते थे। इस मुद्दे पर जेल अधीक्षक और डीआईजी के बीच कहासुनी भी हुई थी। जेल अधीक्षक ने डीआईजी की शासन से लिखित शिकायत की थी। शायद यह पहला और आखिरी मौका रहा हो कि जेल अधीक्षक ने जेल में डीआईजी की इंट्री बंद करा दी थी। मुख्तार को खाने का बड़ा शौक था इसलिए रोजाना शहर के कई होटलों से खाना आता था। करीब 50 लोगों के लिए रोजाना खाना और पानी की बोतलें जेल पहुंचाई जाती थीं। जेल के सभी अधिकारी जानते थे कि विधायक जी का खाना आया है।

मुख्तार बहुत धीरे बोलता था, हर किसी से मुस्कुराकर बात करता था। भईया संबोधन उसकी जबान पर रहता था। कोई भी मदद मांगता तो वह हाजिर रहता। जेल अधीक्षक आरके तिवारी की राजभवन के पास हुई हत्या के बाद मुख़्तार ने न किसी पर वारदात में शामिल होने की आशंका जताई और न जांच अधिकारियों की कोई मदद की। इस घटना ने साफ़ कर दिया था कि भले ही मुख्तार कितना ही मददगार रहा हो लेकिन विश्वसनीय नहीं था। आरके तिवारी जैसे जांबाज जेल अधिकारी की हत्या के बाद लखनऊ जेल के कैदियों ने थालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। मुख्तार ने इस मामले के खुलासे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जबकि वह तिवारी को भईया ही कहा करते थे।

लखनऊ जेल में छापे में मिली मुख्तार अंसारी की डायरी पुलिस अधीक्षक ट्रांसगोमती अपने साथ ले गए थे। इस डायरी में दर्ज नम्बरों पर फोन मिलाकर पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की थी। कई लोगों को बगैर लिखापढ़ी के कई दिन तक हिरासत में रखा गया था। जानकारी होने पर मुख्तार ने एसपी को फोन कर कहा था कि नई डायरी में आपका और आपके परिवार का नाम भी लिख लिया है।

## कमाल का चुनाव

- इलेक्शन किंग के नाम से मशहूर के. पद्मराजन इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव तमिलनाडु के धर्मपुरी से नामांकन करने जा रहे हैं। वे अब तक 238 बार चुनाव में हार चुके हैं। उन्हें अपनी असफलता को लेकर कोई ग़म नहीं हुआ वह लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की तैयारी में लग गए हैं। पद्मराजन 65 वर्ष के हैं और वह टायर मरम्मत करने की दुकान करते हैं। उन्होंने अपना पहला चुनाव 1988 में तमिलनाडु के मेट्टूर से लड़ा था। सर्वाधिक बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। वह 4 प्रधानमंत्रियों, 11 मुख्यमंत्रियों, 13 केंद्रीय मंत्रियों और 15 राज्य मंत्रियों के खिलाफ चुनाव लड़ कर हार चुके हैं।

# कौशल किशोर के मुकाबले गठबंधन ने बिछाई मजबूत वोट बैंक की बिसात

## मोहनलाल गंज लोकसभा सीट : चुनावी मैदान में केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के सामने गठबंधन के आरके चौधरी हैं उम्मीदवार

जीशान कदीर, लखनऊ

### रणनीति

**अमृत विचार:** लखनऊ की मोहनलालगंज सीट पर केन्द्रीय मंत्री व भाजपा से दो बार सांसद रहे कौशल किशोर के खिलाफ इस बार सपा-कांग्रेस से आरके चौधरी चुनावी मैदान में हैं। सियासी चौसर में गठबंधन ने प्रत्याशी के सहारे यादव-मुस्लिम और दलित वोट बैंक का सहारा लिया है। यहां दो बार से भाजपा का दबदबा कायम है, लेकिन विपक्ष की चुनौती भी किसी से कम नहीं दिख रही है।




लखनऊ से सटी मोहनलाल गंज सीट हमेशा से खास रही है, क्योंकि इसकी पांच विधानसभा सीटें बक्शी का तालाब, मोहनलालगंज, मलिहाबाद और सरोजनीनगर के अलावा सीतापुर जनपद की सिधौली सीट को भी जोड़ती है। दो जनपदों को जोड़ने वाली आरक्षित लोकसभा की तीन विधानसभा सीटें भी सुरक्षित हैं। ऐसे में दलित, यादव और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक भूमिका में है। आंकड़ों पर गौर करें तो यहां 6 लाख दलित मतदाता है। 2.50 लाख के करीब यादव और 1.50 लाख से अधिक मुस्लिम वोटर है। 4 लाख की आबादी से जुड़ी पासी समाज की इस लोकसभा सीट पर कौशल किशोर खुद भी इसी जाति के है। लेकिन दलित समाज से जुड़े आरके चौधरी भी इस सीट पर पहले अपना प्रभाव दिखा चुके हैं। 2009 में आरके चौधरी को आरएसबीपी से 1,44,731 वोट मिले थे। बसपा प्रत्याशी के रूप में 2014 में 3,09, 858 मत प्राप्त हुए।

2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इन्हें 60,069 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। ऐसे में भाजपा के लिए इस बार का चुनाव खासी चुनौती भरा दिखता नजर आ रहा है। गठबंधन उम्मीदवार और उनके समर्थक जातिगत गुणा-गणित के सहारे सियासी चौसर बिछाने में लगे हुए हैं।



कौशल किशोर



आरके चौधरी

### 15 चुनावों में 8 बार बनीं महिला सांसद

मोहनलालगंज सीट प्रदेश की उन खास सीटों में से है, जिसने 15 चुनावों में 8 बार आधी आबादी को संसद भेजने का मौका दिया। यह सीट वर्ष 1962 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी गंगा देवी सांसद चुनी गईं थीं। दो बार सांसद रहने के बाद तीसरी बार गंगा देवी को 1977 में हार का सामना करना पड़ा। जनता पार्टी के रामलाल कुरील ने हराया। वर्ष 1980 कांग्रेस की इस सीट पर फिर वापसी हुई और ये सिलसिला 84 तक चला। इस सीट पर दो बार रीना चौधरी और फिर सुशीला सरोज भी सांसद बनीं हैं।

### जातिगत समीकरणों से चार बार दौड़ी साइकिल

वर्ष 1998 में जब लखनऊ से अटल बिहारी वाजपेयी चुनकर दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री बने। ऐसे में लखनऊ से सटी इस सीट पर सपा की रीना चौधरी ने जीत हासिल की। जातिगत समीकरणों का ताना-बाना यहीं पर खत्म नहीं हुआ। दूसरी बार भी जनता ने इन्हें संसद तक पहुंचाया। फिर जयप्रकाश रावत सांसद चुने गए। इसके बाद सुशीला सरोज ने लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया।

### पिछले चुनावों में मिले वोट

**2019**
कौशल किशोर, भाजपा : 6,29,999
सीएल वर्मा, बसपा : 5, 39,795
आरके चौधरी, कांग्रेस : 60,069

**2014**
कौशल किशोर, भाजपा : 4,55,274
आरके चौधरी, बसपा : 3,09, 858
सुशीला सरोज, सपा : 2, 42, 366
नरेंद्र गौतम, कांग्रेस : 52, 598

**2009**
सुशीला सरोज, सपा : 2,56, 397
जयप्रकाश, बसपा : 1, 79, 772
आरके चौधरी, आरएसबीपी : 1,44,731
रंजन कुमार चौधरी, बसपा : 82, 435

### तो लाभार्थी वोट बैंक का सत्ता को मिलेगा लाभ

मोहनलाल गंज की इस सीट पर बीकेटी व सरोजनी नगर का एक बड़ा हिस्सा शहरी आबादी को जोड़ता है। ऐसे में योजनाओं को लेकर तमाम से लाभ आमजन को मिले हैं। इससे लाभार्थी वोट बैंकों में विस्तार हुआ है। उधर 2 लाख ब्राह्मण, 1.75 लाख ठाकुर, 1.70 लाख लोधी, मौर्य सहित अन्य अति पिछड़ी जातियों के मतदाता भी हैं, जो कहीं न कहीं भाजपा के वोट बैंक को मजबूती दे रहे हैं।

# गांधी परिवार को अमेठी में दो बार मिल चुकी है शिकस्त

## राहुल गांधी से पहले संजय गांधी को भी अमेठी में करना पड़ा था पराजय का सामना

अतीत के झरोखे से

नीरज श्रीवास्तव ,परशदेपुर, रायबरेली

### 1998 में पहली बार अमेठी में खिला 'कमल'

1998 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा के सामने थे भाजपा से अमेठी राज परिवार के डॉ. संजय सिंह। अमेठी में पहली बार जीत दर्ज करते हुए भाजपा के डॉ. संजय सिंह ने कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा को 23,270 वोटों से हरा दिया। डॉ. संजय सिंह को 2,05,025 वोट जबकि कैप्टन सतीश शर्मा को 1,81,755 वोट मिले थे।

**अमृत विचार:** राजनीतिक रूप से देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी कई दिलचस्प इतिहास खुद में समेटे है। अमेठी के लोकसभा चुनावों में गांधी परिवार को अब तक दो बार शिकस्त का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी से पहले संजय गांधी भी अमेठी में पराजय का स्वाद चख चुके हैं। गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा को भी अमेठी में हार का सामना करना पड़ चुका है। कुल मिलाकर अब तक अमेठी तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है।

भाजपा द्वारा स्मृति इरानी को लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारने के बाद राहुल गांधी के अमेठी से लड़ने या न लड़ने को लेकर पूरे देश में चर्चा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली अमेठी में राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित किया था। राहुल गांधी से पहले अमेठी में गांधी परिवार के संजय गांधी को भी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ा था। 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी सीट को 1977 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी ने लोक सभा का चुनाव लड़ने के लिए चुना था। मुख्यमंत्री एन डी तिवारी सहित कई बड़े नेताओं के साथ संजय गांधी 1 मई 1976 को पहली बार अमेठी आये। संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम थे नियोजन, श्रमदान, वृक्षारोपण, प्रौढ़ शिक्षा और दहेज उन्मूलन।





- अब तक तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है अमेठी

इमरजेंसी के बाद संजय गांधी के सामने मुकाबले के लिए आपातकाल की यातनाएं भुगत कर निकले तेज-तर्रार नेता रवीन्द्र प्रताप सिंह थे। उस समय संजय गांधी के सामने खड़े होने के लिए काफी हिम्मत की जरूरत थी। रवीन्द्र प्रताप जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। पार्टी तो नाम मात्र की थी लेकिन उस समय का चुनाव जनता लड़ रही थी। संजय गांधी के पक्ष में प्रचार करने फिल्म अभिनेता दारा सिंह भी अमेठी आए थे, लेकिन आपातकाल के कारण पूरे देश में सरकार विरोधी लहर के कारण संजय गांधी को अमेठी में हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में जहां रवीन्द्र प्रताप सिंह को 1,76,410 वोट मिले वहीं संजय गांधी 100566 वोट पाकर 75844 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि हार के सबक और सत्ता से दूर संघर्षों के अनुभवों से परिपक्व होकर संजय गांधी ने 1980 में दोबारा अमेठी से चुनाव लड़ा। इस बार उन्हें 1,86,990 और रवीन्द्र प्रताप सिंह को सिर्फ 58,445 वोट मिले थे।

# बृजभूषण शरण सिंह से क्यों दूरी बना रही है भाजपा

## पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बावजूद टिकट पर बरकरार है संशय

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। वह अब तक 6 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके हैं। पांच बार भाजपा तो एक बार समाजवादी पार्टी से भी सांसद रहे हैं।

वर्ष 1999 से वह अजेय हैं। इस दो दशक में वह कोई चुनाव नहीं हारे हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से वह 2914 व 2019 में जीत दर्ज कर चुके हैं और मौजूदा समय में वह कैसरगंज से ही भाजपा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह की राम मंदिर आंदोलन में भी महती भूमिका रही है और वह बाबरी विध्वंस के आरोपी भी रहे हैं। इन सबके बावजूद इस बार भाजपा से उनकी दावेदारी अधर में फंस गयी है। पार्टी ने अभी तक उन्हे टिकट देने का ऐलान नहीं किया है। जिससे उनकी दावेदारी को लेकर संशय खड़ा हो गया है। राजनैतिक जानकारों का कहना है कि पार्टी इस बार उन्हें टिकट नहीं देना चाहती। टिकट वितरण में हो रही देरी ने एक सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भाजपा बृजभूषण शरण सिंह से दूरी बना रही है। आखिर क्या कारण हैं कि पार्टी इस बार बृजभूषण को टिकट नहीं देना चाहती यह सवाल हर किसी के जेहन में कौंध रहा है। न केवल कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र बल के आस पास के सभी जिलों में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर कयास लगाये जा रहें हैं। इन्ही कारणों को लेकर पड़ताल करती यह रिपोर्ट...

### बाबा रामदेव से हुआ विवाद

**अमृत विचार :** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर संशय का एक बड़ा कारण उनका योग गुरु बाबा रामदेव से हुआ विवाद है। पिछले वर्ष सांसद ने पतंजलि के कई उत्पादों पर सवाल उठाया था और उन्हे मिलावटी बताया था। इसको लेकर महीनों तक सांसद व बाबा रामदेव के बीच तनातनी रही। सांसद बृजभूषण ने महिला पहलवानों के आंदोलन के पीछे भी बाबा रामदेव का हाथ बताया था। बाबा रामदेव की भाजपा के शीर्ष नेताओं से नजदीकी जगह जाहिर है। ऐसे में इस विवाद को लेकर भी भाजपा सांसद से दूरी बनाना चाहती है।

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

### 2009 में सांसद ने खुद उतार फेंकी थी केसरिया पगड़ी

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह वर्ष 2009 में खुद ही भाजपा से अलग हो गए थे। उस समय वह बलरामपुर सीट से भाजपा सांसद थे। संसद में न्यूक्लियर डील पर मतदान होना था और कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए कुछ सांसदों का समर्थन चाहिए था। उस समय सांसद सपा के साथ खड़े नजर आए थे और कांग्रेस के पक्ष में वोट कर मनमोहन सरकार को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने केसरिया पगड़ी उतार लाल पगड़ी पहन ली थी और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि पांच वर्ष में ही उनका सपा से मोहभंग हो गया था और वर्ष 2014 में वह फिर से भाजपा में शामिल हो गए थे।



**कैसरगंज में खत्म नहीं हो रही बाहुबली की प्रतीक्षा**

### महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

**अमृत विचार :** कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देने के पीछे उनका महिला पहलवानों संग हुए विवाद को माना जा रहा है। देश की पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट, बबिता फोगाट व साक्षी मलिक ने सांसद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर दिल्ली में मामला दर्ज करा रखा है। इस मामले की सुनवाई चल रही है। महिला शक्ति को आगे रखकर चुनाव लड़ रही भाजपा ऐसे किसी व्यक्ति को टिकट नहीं देना चाहती। जिससे आगे चलकर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़े। इसलिए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट देने के मूड में नहीं है।

### पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पंचायत चुनाव के दौरान कई जगहों पर पार्टी के घोषित प्रत्याशियों का विरोध किया और उनके खिलाफ अपने उम्मीदवारों को खड़ा कर दिया। चाहे वह नवाबगंज नगर पालिका परिषद या चुनाव रहा हो या फिर मुजेहना ब्लाक प्रमुख का चुनाव। हर बार वह पार्टी लाइन के खिलाफ खड़े नजर आए। अब लोकसभा चुनाव में पार्टी का विरोध उनके टिकट में बाधा बना है।

### योगी सरकार पर साधते रहे हैं निशाना

**अमृत विचार :** कैसरगंज से बीजेपी सांसद होने के बावजूद बृजभूषण शरण सिंह प्रदेश की योगी सरकार पर कई बार निशाना साध चुके हैं। पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान उन्होंने राहत और बचाव कार्य पर सवाल उठाया था, और कहा था कि इस तरह का दौर उन्होंने कभी नहीं देखा। ढेमवा घाट पुल निर्माण को लेकर भी सरकार से उनका नाराजगी सामने आई थी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा या निमंत्रण न मिलने पर भी उनका दर्द छलका था। प्रदेश सरकार पर किया गया उनका यह अपरोक्ष हमला भी टिकट पर संशय का बड़ा कारण माना जा रहा है। इसका नमूना पिछले दिनों मुख्यमंत्री के दौरे में उस वक्त दिखजब सरकारी विज्ञापनों से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का नाम हटा दिया गया। सीएम के कार्यक्रम में सांसद शामिल भी नहीं हुए।

### कैसरगंज से कब कौन बना सांसद

| | | |
|---|---|---|
| 1957 | भगवानदीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | बीजेपी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# राजनीतिक अखाड़े की सिरमौर रहीं सुचेता कृपलानी, सुभद्रा जोशी व शकुंतला नायर

अरुण कुमार मिश्र ,गोंडा

### महिला सांसदों का सफर

- गोंडा, कैसरगंज व बलरामपुर में जमाया था पांव
- स्वतंत्रता आंदोलन से राजनीतिक अखाड़े में पांव जमाकर आजाद देश की पहली मुख्यमंत्री थीं सुचेता कृपलानी

**अमृत विचार:** देश की आजादी के 75 साल बाद जब हम राजनीति में महिलाओं के हक व अधिकार की बात कर रहे हैं। यह तो देश की आजादी के समय से ही शुरू हो गया था। पुरुष प्रधान देश में जिन महिलाओं ने राजनीति में अपने पांव जमाकर देश की महिलाओं को संदेश दे दिया था कि वे किसी से कम नहीं हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राजनीति के शिखर तक पहुंची इन वीरांगनाओं ने देश भर की महिलाओं के सामने जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया था। आजाद देश की पहली महिला मुख्यमंत्री से लेकर सांसद बनने तक सफर, देश की पहली हिंदूवादी सांसद बनने का सफर रहा हो या फिर देश के बंटवारे के बाद एक कोने से दूसरे कोने की राजनीति का सफर बहुत ही दिलचस्प रहा है।

25 जून 1908 में जन्मीं सुचेता मजूमदार ने देश की स्वाधीनता आंदोलन में शिरकत की। आचार्य जेबी कृपलानी की पत्नी बनने के बाद उनका नाम सुचेता कृपलानी हो गया और वह उनके साथ स्वतंत्रता आंदोलन में डट गईं। इसके बाद उनका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रवेश हुआ। पंजाब विश्वविद्यालय से एमए, बी.एड तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी व अंग्रेजी भाषा की मर्मज्ञ बनने वाली सुचेता कृपलानी को 1948 में कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। वह 1960 तक इसी पद पर बनी रहीं। राजनीति की सूक्ष्म से सूक्ष्म परख रखने वाली सुचेता कृपलानी को देश में पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है। उत्तर प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 1962 में शपथ ली। पांच साल तक मुख्यमंत्री रहीं सुचेता कृपलानी 1952 में दिल्ली से सांसद बनी थीं और नेहरू मंत्रिमंडल में मंत्री बनी थीं।

मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद वह महिला के अधिकारों को लेकर मुखर थीं और त्वरित समाधान करती थीं। 1967 में उन्हें गोंडा लोकसभा से चुनाव लड़ाया गया। वह कांग्रेस के टिकट पर गोंडा के कौशलेंद्र दत्त राम पांडेय को शिकस्त देकर सांसद बनीं। 17 लोकसभा चुनावों में गोंडा लोकसभा से मात्र दो बार ही महिलाओं को संसद में जनता की रहनुमाई का मौका मिला। पहला 1967 में सुचेता कृपलानी को दूसरा 1996 में केतकी सिंह को।



शकुंतला नायर( फाइल फोटो)।



सुभद्रा जोशी( फाइल फोटो)।



सुचेता कृपलानी( फाइल फोटो)।

पिंक पन्ना

गोंडा लोकसभा के बगल में कैसरगंज लोकसभा से पहली बार पूरे देश में एक मात्र हिंदूवादी महिला शकुंतला नायर ने पहला चुनाव जीत कर महिलाओं के सम्मान को आगे बढ़ाया। 1949 में फैजाबाद के डीएम रहे केके नायर की पत्नी शकुंतला नायर को 1952 में हिंदू महासभा से चुनाव लड़ाया गया और वह जीत गईं। इसके बाद 1967 व 1971 में वह इसी सीट से जनसंघ के टिकट पर चुनाव लड़ीं और जीत गईं। कैसरगंज से तीन बार शकुंतला नायर तो एक बार स्वतंत्र पार्टी से बसंत कुंवरि की नुमाइंदगी रही। इन महिला राजनीतिज्ञों ने महिलाओं के राजनीति में प्रवेश को रास्ता दिखाया।

गोंडा के बगल में बलरामपुर लोकसभा सीट से महादिग्गजों ने अपने राजनीतिक अभियान को गति दी। 1997 से पहले गोंडा जिले में ही समाहित बलरामपुर सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी, भारत रत्न नाना जी देशमुख ने राजनीति को परवान चढ़ाया तो 1962 में सुभद्रा जोशी ने अटल जी से सीट छीनकर महिला सांसद का खिताब जीत लिया। बलरामपुर सीट से सुभद्रा जोशी को एक मात्र महिला सांसद बनने का गौरव हासिल है। बलरामपुर सीट से उनके अलावा किसी महिला के हाथ में यह सीट नहीं आई।

### तीनों दिग्गज महिलाओं की पृष्ठभूमि बाहर की रही

सुचेता कृपलानी का जन्म हरियाणा के अंबाला में हुआ था, जबकि शकुंतला नायर का जन्म केरल के एलेप्पी में हुआ था। वहीं सुभद्रा जोशी का जन्म सियालकोट( अब पाकिस्तान में) हुआ था। आजादी के पहले जन्मीं इन वीरांगनाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। इसके बाद इनका पदार्पण राजनीति में हुआ। शिक्षित होने के साथ इनका राजनीतिक कद भी महिलाओं को सीख देने वाला रहा है।

# डुमरियागंज लोकसभा सीट पर विपक्ष ने अब तक नहीं खोले पत्ते

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** लोकसभा 2024 के चुनाव का डंका बज चुका है, किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन और बसपा का पत्ता न खुलने के कारण चुनाव अभी रोचक नहीं हुआ है। अलबत्ता भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने अंधाधुंध लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में अपनी ताकत लगा दी है। सभाओं के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिना रहे हैं। वहीं पर इंडिया गठबंधन की सीट डुमरियागंज लोकसभा में सपा के पाले में है, किंतु अभी तक कोई भी प्रत्याशी चुनावी मैदान में न उतरने के कारण चुनाव रोचक होता नहीं दिखाई दे रहा है। बसपा ने भी अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। लोकसभा डुमरियागंज के इटवा के विधायक तथा पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे से जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी की लिस्ट में 8-10 लोगों का नाम है, किंतु अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। पार्टी मुझे लोकसभा डुमरियागंज से चुनाव लड़ने के लिए दबाव दे रही है। किंतु मेरी उम्र 82 साल हो गई है। इस कारण मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि कई नाम सामने है। जिसमें आलोक चौधरी, चिंकू यादव, लालजी यादव आदि नाम को उन्होंने गिनाया। उन्होंने कुशल तिवारी का भी नाम लिया कि यह भी उसी लिस्ट में हैं। लेकिन अभी पार्टी ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की है। इस प्रकार चुनाव में रोचकता नहीं दिखाई दे रही है।



जगदंबिका पाल

# दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़



चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार

## किसका होगा मुंह मीठा

मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट

दिग्विजय सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्ड़ू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।

### पिछले तीन लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

| वर्ष | दल | मत |
|---|---|---|
| 2019 | भाजपा | 35.4% |
| | सपा | 60.8% |
| 2014 | भाजपा | 28.9% |
| | सपा | 35.4% |
| | बसपा | 27.8% |
| | कांग्रेस | 1.9% |
| 2009 | भाजपा | 35.1% |
| | सपा | 17.6% |
| | बसपा | 28.2% |
| | कांग्रेस | 4.4% |

18 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार चुनेंगे अपना सांसद

40% से ज्यादा मुस्लिम व यादव मतदाता होने से इस सीट पर एमवाई फैक्टर मजबूत



### 1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुन: परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

### 2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुन: जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

### जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

### अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

### संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

# भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

मुरादाबाद की सियासत

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

### मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

–आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

–सुनील आजाद
बसपा जिलाध्यक्ष

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

–डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष

# बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

**अमृत विचार।** महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

### पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमश: बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

# राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक

**जयपुर, (भाषा)।** कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।



अशोक गहलोत।



सोनिया गांधी।



मल्लिकार्जुन खरगे।



**बनाया माहौल** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। अमृत विचार

अनदेखी | जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

# महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

### कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर–बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

**कानपुर।** लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

# आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**अमरावती, (भाषा)।** तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 67,650 |
| सोना रवा | 67,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65)3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000।

**चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500।

**दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500। मूंगफली का दाना 11000-12000।

**तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900।

# 40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

## 2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

## एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

## लखनऊ मंडी

रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200।

**आटा मैदा :** मैदा 3000-3100। आटा 2700-2900। रवा 3000-3050।

**किराना :** नारियल120-140 हल्दी 175-225 लाल मिर्च 225-250 काली मिर्च 660 880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौंफ 180-300 सोंठ 350-380 अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90। **मेवा :** चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 मखाना 750-900 किशमिश 180-225 काजू 600-1100 बादाम 450-920 छोटी इलाइची 1900-2200 बड़ी इलाइची 1300-1500 लौंग 940-1000 कत्था 1400-1600 कपूर 500-650 गोलाकश 130-140।

## जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

**नयी दिल्ली।** जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधान फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

# फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

# यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।



## एक नजर

### भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

**नयी दिल्ली।** भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

### बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

**जींद।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### प्रचार गीत 'मोदी संग बिहार' जारी किया

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार के वास्ते शुक्रवार को गीत ''मोदी संग बिहार'' जारी किया। ''मोदी संग बिहार'' शीर्षक वाला यह गीत राज्य में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालता है। इसमें प्रधानमंत्री की गारंटी का भी जिक्र है। भाजपा नेता विनोद तावड़े ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई पार्टी नेताओं की उपस्थिति में यह प्रचार गीत जारी किया।

# ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

## आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''



हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

## चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

# जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

## अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

# केवल मोदी, शाह ही देश की सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं : एचडी देवेगौड़ा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कोई नेता नहीं है जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सके। जनता दल (सेक्युलर) के संस्थापक ने कर्नाटक में सभी 28 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया।

देवेगौड़ा (91) की पार्टी जद (एस) पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई थी। राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते के तहत, भाजपा 25 निर्वाचन क्षेत्रों में और जद (एस) तीन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी। देवेगौड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अतीत में जो कुछ भी हुआ उन्हें भूल जाना चाहिए।'' भाजपा-जद (एस) की समन्वय बैठक में देवेगौड़ा ने कहा, ''हमारे प्रतिद्वंद्वी बहुत मजबूत हैं। जब तक हम अतीत की बातें और मतभेद नहीं भुलाएंगे यह मत सोचिए कि हम सभी 28 सीटें जीतने जा रहे हैं।'' देवेगौड़ा ने कहा कि मोदी के अलावा इस देश में कोई नेता नहीं है। एक दशक तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए वह देश के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं। जद (एस) संस्थापक ने कहा, केवल मोदी और शाह ही ऐसे दो नेता हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

## ओखा में होवरक्राफ्ट इकाई संरचना का रक्षा सचिव ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को गुजरात के ओखा में भारतीय तटरक्षक के लिए होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के वास्ते आधारभूत संरचना का उद्घाटन किया। श्री अरमाने ने गुरुवार और शुक्रवार को पश्चिमोत्तर क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक सुविधाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के लिए आधारभूत संरचना का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव को ओखा में 200 मीटर की जेट्टी के निर्माण कार्य के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में भारतीय तटरक्षक भूमिका की सराहना की।

# जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा से वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा गुरुवार को भारत पहुंचे। यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। शुक्रवार को उन्होंने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हैदराबाद हाउस में जयशंकर ने यूक्रेनी विदेश मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, हैदराबाद हाउस में यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा का स्वागत है। उन्होंने कहा कि, हमारे बीच वैश्विक मुद्दों पर चर्चाएं होंगी। डिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक में जयशंकर ने कहा, "हाल के महीनों में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि हमने अपने रिश्तों को थोड़ा गहरा किया। आज इस चर्चा के बाद हम अंतरसरकारी आयोग की चर्चा का इंतजार कर रहे हैं। आपकी यात्रा से हमें आपके क्षेत्र में की स्थिति के बारे में जानने का मौका मिला। हमारी टीम ने इसपर चर्चा के लिए एजेंडा तैयार किया है। यूक्रेनी विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा, भारत और यूक्रेन पारंपरिक मित्र रहे हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि हम इससे भी बढ़कर कुछ कर सकते हैं। न केवल अपने राष्ट्र के हितों के लिए बल्कि वैश्विक विकास के लिए भी करना चाहिए।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

### आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की शृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 शृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

### अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल शृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह शृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

### मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे

**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

### फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी

**पेरिस।** फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

### पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

**मुंबई।** भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियड्‌र्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।

# पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से**
- **पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज**

**अमृत विचार:** आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

### आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

**लखनऊ सुपरजायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**




वेंकटेश अय्यर

# कोहली का अर्धशतक बेकार आरसीबी की 7 विकेट से हार

## केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने 50 और सुनील नारायण ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए

बेंगलुरु, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

**बेंगलोर 182/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 | 59 | 4/4 |
| फाफ डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 | 21 | 4/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 | 19 | 3/1 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 | 04 | 0/0 |
| अनुज रावत का सॉल्ट बो हर्षित | 03 | 03 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 | 08 | 0/3 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

**कोलकाता 186/3** — 16 .5 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 | 10 | 2/2 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 | 22 | 2/5 |
| वेंकटेश अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 | 30 | 3/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 | 24 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2 .5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1

# सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूव शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।



एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ।

## अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला।

# चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23 जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।



मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# 'बिग बॉस 17' फेम फिरोजा खान यानी खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"



# कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

# सलमान खान के कहने पर कैटरीना कैफ ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

**मुंबई, एजेंसी।** कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

